पारा आपडेट
मैक्सिमम 25.00 | मिनीमम 10.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.38
सूर्योदय (कल) ▸ 06.27
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 83,313.93 ● निफ्टी 25,642.80 ● डॉलर 90.30 ₹ ● सोना 1,50,200 ₹ ● चांदी 3,00,000 ₹


पेज 06 भारत के लिए ये निवेश, विकास...
पेज 08 उपायुक्त ने डीएमएफटी योजनाओं...



हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

फाल्गुन कृष्ण पक्ष पंचमी संवत 2082


पेज 12





RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, शुक्रवार 06 फरवरी 2026 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 08 अंक : 214 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com



झारखंड दर्शन के पाठकों व शुभेच्छुओं से आग्रह है कि किसी भी प्रकार के विज्ञापन देने के लिए आप फोन नंबर 9262578999 पर सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही अगर आप तक हमारे अखबार की प्रति नहीं पहुंच रही है तो भी उपरोक्त नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रबंधक

आवश्यकता

हमारे हिंदी दैनिक झारखंड दर्शन को अपने लेखा विभाग के लिए एक योग्य और अनुभवी अकाउंटेंट और मार्केटिंग के लिए व्यक्ति की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपना रिज्यूमे इस ईमेल एवं फोन नंबर पर भेज सकते हैं।

email - jharkhanddarshan405@gmail.com

Phone - 91025 69636, 92625 78999


# मेघालय के अवैध कोयला खदान में धमाके से 16 मजदूरों की मौत

## गुवाहाटी से राहत एवं बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की तीन टीमें रवाना, बचाव कार्य जारी

एजेंसी

**शिलांग।** मेघालय में गुरुवार को पूर्वी जयंतिया हिल्स जिलांतर्गत ताशखाई में एक अवैध कोयला खदान में हुए बड़े धमाके में कम से कम 16 मजदूरों की मौत होने की जानकारी सामने आई है। माना जा रहा है कि जैसे-जैसे राहत कार्य तेज होगा, मृतकों की संख्या में और इजाफा हो सकता है। घटनास्थल से मिली वीडियो क्लीप में मौके पर मौजूद मजदूर रोते हुए चीख-चीख कह रहे हैं कि खदान के अंदर सैकड़ों मजदूर फंसे हुए हैं। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, धमाका कोयला खदान के अंदर हुआ, जिससे मौके पर मौजूद मजदूरों में भारी जान-माल का नुकसान हुआ। अधिकारियों को शक है कि ज्यादातर पीड़ित असम के मजदूर थे।



गुवाहाटी स्थित प्रथम बटालियन एनडीआरएफ मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया है कि हादसे की सूचना मिलते ही मेघालय में मौजूद एनडीआरएफ की एक टीम को राहत एवं बचाव कार्य के लिए घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। साथ ही दो टीमें गुवाहाटी से मेघालय के लिए रवाना किया गया है। दोनों टीमों का नेतृत्व प्रथम बटालियन के सीओ एवं बटालियन के डॉक्टर के साथ ही अन्य अधिकारी कर रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मेघालय पुलिस ने घटना के बाद बचाव अभियान शुरू कर दिया है और टीमों को इलाके में भेजा गया है। खदान से काला धुआं निकलता दिख रहा है और मजदूर मौके के आसपास दिख रहे हैं। जो मजदूर बाहर हैं, वे मौके पर इकट्ठा हो रहे हैं। मौके पर कुछ महिलाएं और बच्चे भी रोते-चिल्लाते दिखाई दे रहे हैं।

### तीन मृत मजदूरों की पहचान कर ली गई है

शुरूआती जानकारी से पता चलता है कि खदान के अंदर डायनामाइट का इस्तेमाल किया गया होगा, जो अवैध रूप से चल रही थी। तीन मृत मजदूरों की पहचान कर ली गई है। उनकी पहचान असम के काटिगोरा के बिहारा गांव के रहने वाले फारूक अहमद और शरिशा कुरी गांव के रहने वाले दिलदार हुसैन और अनवर हुसैन के रूप में हुई है। एसपी विकास कुमार ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया है कि अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं और बचाव अभियान युद्ध स्तर पर चल रहा है। अधिकारियों को डर है कि खदान के अंदर और भी शव फंसे हो सकते हैं। यह घटना कोयला खदान में एक शक्तिशाली धमाके के बाद हुई, जिससे बड़े पैमाने पर इमरजेंसी रिस्पॉन्स शुरू किया गया। पुलिस और बचाव कर्मी मौके पर मौजूद हैं और तलाशी अभियान जारी है।

### कैबिनेट की बैठक में 27 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतिस्पर्द्धा में मेडल जीतनेवाले खिलाड़ियों को मिलेगा पेंशन

संवाददाता

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की गुरुवार को हुई बैठक में कुल 27 प्रस्तावों पर स्वीकृति दी गयी। इनमें से दो प्रस्तावों को कैबिनेट ने स्थगित कर दिया है। इनमें से एक प्रस्ताव 14 वीं जेपीएससी की परीक्षा में बैठनेवाले छात्रों को उम्र सीमा में छूट देने से संबंधित था। गुरुवार को कैबिनेट की बैठक से संबंधित फैसलों की ब्रीफिंग राज्य में हो रहे निकाय चुनाव के कारण लगे आचार संहिता के कारण नहीं की गई।

सूत्रों के अनुसार कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने उम्र सीमा में छूट के लिए अगस्त 2023 का प्रस्ताव दिया था। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से इस प्रस्ताव को स्थगित रखने की बात कही गई।

सूत्रों के अनुसार कितने वर्षों की उम्र सीमा में छूट दी जाए, इसे लेकर सरकार के शीर्ष स्तर पर अभी सहमति नहीं बनी है। इसीलिए प्रस्ताव को स्थगित कर दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि 11 वीं से 13 वीं जेपीएससी की परीक्षा में उम्र सीमा का कट ऑफ डेट अगस्त 2017 था। छात्र 14 वीं जेपीएससी की परीक्षा में कट ऑफ डेट अगस्त 2018 की मांग कर रहे हैं। इस स्थिति में सरकार के लिए कट ऑफ डेट क्या रखा जाना चाहिए, इस पर फिर से विचार किया जाएगा।

### ● जेपीएससी अभ्यर्थियों को उम्र सीमा में छूट पर फैसला टला

एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में राज्य सरकार ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को पेंशन देने के फैसले को नये सिरे से रिस्ट्रक्चर किया है। अब अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रत्येक महत्वपूर्ण खेल प्रतिस्पर्द्धा में मेडल जीतनेवाले खिलाड़ियों को पेंशन मिलेगा।

निर्णय के अनुसार राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड, ओलिंपिक में पदक जीनेवाले खिलाड़ियों को सरकार 20 हजार रुपये मासिक पेंशन देगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बीजापुर मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, एके-47 बरामद



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच जारी मुठभेड़ के बीच अबतक 1 नक्सली का शव एवं एके-47 हथियार मौके से बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण बस्तर के पेद्दागेलूर जंगल क्षेत्र में डीआरजी और सीआरपीएफ कोबरा के जवान मोर्चा संभाले हुए हैं। फिलहाल, इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ में मिला एक पुरूष नक्सली का शव डीव्हीसीएम कैडर का नक्सली कमांडर उधम सिंह का बताया जा रहा है। उधम सिंह लाटून नंबर 30 का कमांडर था, और वह जागूरगुंडा एरिया कमेटी का कमांडर भी है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि बीजापुर जिले के दक्षिण क्षेत्र में सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर सर्च अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच आज गुरूवार सुबह 7:30 बजे से रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ मे अब तक 1 नक्सली का शव एवं एके-47 हथियार मौके से बरामद किया गया है ' अभियान पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत रिपोर्ट अलग से साझा की जाएगी।

### फिल्म जगत के पांच नामी शख्स अंडरवर्ल्ड के निशाने पर

**मुंबई।** फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग मामले की छानबीन में पता चला है कि पांच नामी फिल्मी हस्तियां भी अंडरवर्ल्ड के निशाने पर हैं। इन पांचों को रंगदारी के लिए धमकी दिए जाने की जानकारी मुंबई पुलिस को मिली है, लेकिन इनमें से किसी ने भी अब तक पुलिस संपर्क नहीं किया है। इससे पुलिस स्तब्ध हैं, हालांकि पुलिस इस संबंध में सतर्क होकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। फिल्म निर्माता रोहित के आवास पर हुई फायरिंग मामले की छानबीन कर रहे अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के आवास पर रविवार को आधी रात में अज्ञात आरोपितों ने पर 6 राउंड फायरिंग की थी। इस मामले में पुलिस ने पुणे से 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली है कि सिर्फ रोहित शेट्टी ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड के 5 बड़े स्टार्स गैंगस्टर्स के निशाने पर हैं।

### कोडरमा के लोकाई में मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना, बोले

# बजट में झारखंड की हुई उपेक्षा, अगर हमने ठेंगा दिखा दिया तो देश पीछे चला जायेगा

एजेंसी

**कोडरमा।** राज्य के मुख्यमंत्री और झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को कोडरमा के लोकाई में कहा कि इस बार के केंद्रीय बजट में झारखंड को ठेंगा दिखा दिया, अगर हमने ठेंगा दिखा दिया तो देश पीछे चला जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उखाड़ फेंकना है, नहीं तो आदिवासी मूलवासी कोई नहीं बचेगा।

सोरेन ने झामुमो में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि कोडरमा जिले में झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने राजनीतिक कार्यक्रमों को आगे बढाते हुए एक और कड़ी जोड़ रही है। एक लंबे समय के बाद अलग अपना राज्य बना। 25वां साल का यह झारखंड प्रदेश बिहार के एक कोने में बसता था, नतीजा झारखंड प्रदेश कई मायनो में पिछड़ा रहता था।

आजादी के लिए भारत देश को कितना संघर्ष करना पड़ा, वो आप सबको पता है। कितने लोग जेल गए, ना जाने कितने लोग देश के लिए कुरबान हो गए। ठीक उसी प्रकार जब ये भारत देश आजादी का सपना भी नहीं देखा था उससे कई वर्षों आगे से झारखंड में यहां के आदिवासी मूलवासी अंग्रेजों से लोहा लेते रहे। हजारीबाग जेल से लेकर झारखंड के हर कोने के जेल झारखंड के आंदोलनकारियों से भरा पड़ा था, तब ये राज्य मिला। यह ऐसा राज्य है जिसने सदियों से सिर्फ देने का काम किया।



उन्होंने कहा कि कोयला, लोहा, अबरख सारा कुछ हम लोग दिया। हमारे खनिज संपदा से दिल्ली, मुंबई, गुजरात चमकता रहा। हम लोग अंधकार में गरीबी में रहने को मजबूर हुए और योजनाबद्ध तरीके से झारखंड को गरीब राज्य बनाने का काम किया गया। देश के आजाद होने के बाद कारखाने उद्योग लगे लेकिन दुर्भाग्य उसका लाभ हमारे झारखंड के भाइयों को नहीं मिला।

झारखंड गरीब है वो इसलिए गरीब है कि और राज्यों को आगे बढ़ाना है। दिल्ली, मुंबई, गुजरात तो आगे बढ़ाना है तो वाहन चलाएगा कौन, सड़क, बिल्डिंग बनाएगा कौन, फैक्ट्री चलेगा तो उसको चलाएगा कौन। उसके लिए तो मजदूर चाहिए इसीलिए झारखंड बिहार को लोगों ने मजदूर बनाके छोड़ दिया। लेकिन अब झारखंड बदल रहा है, झारखंड को वैश्विक मंच पर पहुंचाने का काम किया, विदेश में यहां के नौजवान पढ़ाई कर रहे हैं। सोरेन ने यह भी कहा कि शालिनी गुप्ता के नेतृत्व में मजबूती मिलेगी। अब दो आंख और होगी और हम और अच्छे तरीके से कोडरमा को देख सकेंगे।

इस दौरान राज्य के मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू, पार्टी नेता प्रणव वर्मा, पूर्व विधायक केदार हाजरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी यादव के साथ पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिरेन्द्र पांडेय जबकि संचालन जिला सचिव पवन माइकल कुजूर ने किया।

### राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित, कार्यवाही स्थगित

नई दिल्ली (एजेंसी)। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव गुरुवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके बाद सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का विस्तार से जवाब दिया। सदन में धन्यवाद प्रस्ताव में पेश किए गए संशोधनों को मतदान के लिए रखा गया, लेकिन संशोधन प्रस्तुत करने वाले अधिकांश सदस्यों के सदन में उपस्थित नहीं होने के कारण उन्हें अस्वीकृत कर दिया गया। इसके बाद धन्यवाद प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा गया और ध्वनिमत से पारित कर लिया गया। शाम पांच बज कर 10 मिनट पर प्रधानमंत्री मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देना शुरू किया। वहीं, कांग्रेस सहित विपक्षी सदस्य नारेबाजी करने लगे। इस बीच प्रधानमंत्री ने अपना वक्तव्य जारी रखा।

### पीएम ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का दिया जवाब

# भारत तेजी से आगे बढ़ रहा, हमारे पास वैश्विक चुनौतियों का समाधान : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में गुरुवार को कहा कि विश्व में जो चुनौतियां पैदा हो रही हैं, भारत उनका समाधान दे रहा है। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान सदन में विपक्ष का हंगामा जारी रहा और कुछ देर बाद विपक्षी सदस्य बहिर्गमन कर गए।

राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच मोदी ने कहा, 'विश्व में जो चुनौतियां पैदा हो रही हैं, भारत उनका समाधान दे रहा है। आज भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। आज कोई भी सेक्टर हो सबमें भारत आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। आज दुनिया संभल नहीं पा रही है। साफ नजर आ रहा है कि दुनिया नए ऑर्डर की तरफ बढ़ रही है। खुशी की बात है सारी घटनाओं का झुकाव भारत की तरफ है।'



प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के प्रथम 25 साल पूरे हो चुके हैं। दूसरे 25 साल विकसित भारत की दिशा में सामर्थ्यवान होने वाला है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में 9 बड़े देशों के साथ हमारे समझौते हुए हैं। यूरोपीय संघ के साथ 'मदर ऑफ ऑल डील्स' हुई है। विपक्ष को जवाब देना पड़ेगा कि देश की ऐसी हालत कैसे बनाई कि कोई देश हमसे समझौते करने को आगे नहीं आता था। ये देश ऐसे ही भारत के साथ समझौते नहीं कर रहे हैं। मैं गुजरात में वाइब्रेट गुजरात समिट करता था, जिसका साझेदार देश जापान हुआ करता था।

मोदी के भाषण के दौरान विपक्षी सदस्यों ने जोरदार नारेबाजी जारी रखी। सभापति ने उनसे शांत रहने और अपनी सीटों पर लौटने का अनुरोध किया। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने सभापति को कहा कि उम्र को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अपनी सीट से ही नारेबाजी जारी रख सकते हैं। नारों के बीच अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति ने भारत के उज्ज्वल भविष्य पर भरोसा जताया है और सभी क्षेत्रों के विकास का आश्वासन दिया है।

### टीवी और केबल कंपनियों के लिए ट्राई ने जारी किए नए नियम

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने गुरुवार को दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं अंतसंबंध (पता योग्य प्रणालियां) (सातवां संशोधन) नियम, 2026 जारी किए। इन नियमों का उद्देश्य ऑडिट प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और सरल बनाना है। संचार मंत्रालय के मुताबिक अब हर वितरक (डिस्ट्रिब्यूटर) को हर साल 30 सितंबर तक ऑडिट रिपोर्ट प्रसारक को सौंपनी होगी। पहले यह प्रक्रिया कैलेंडर वर्ष पर आधारित थी, लेकिन अब इसे वित्तीय वर्ष के आधार पर किया जाएगा।

# 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम आज, मोदी विद्यार्थियों से करेंगे संवाद




एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विद्यार्थियों से संवाद का कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' अपने नवें संस्करण के साथ शुक्रवार सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष यह कार्यक्रम पहली बार देश के विभिन्न स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है।

शिक्षा मंत्रालय के अनुसार परीक्षा पे चर्चा 2026 का सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री मोदी के यूट्यूब चैनल, दूरदर्शन तथा शिक्षा मंत्रालय के सोशल मीडिया मंचों पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वेव्स ओटीटी, अमेजन प्राइम वीडियो, जियो, जी फाइव, सोनी लिव और स्पॉटिफाई पर भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपलब्ध रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप परीक्षा पे चर्चा का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है तथा परीक्षा को जीवन के एक उत्सव के रूप में देखने की भावना विकसित करना है।

प्रधानमंत्री ने अपने विचारों को अपनी पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' में भी संकलित किया है, जो कई भाषाओं के साथ-साथ ब्रेल लिपि में भी उपलब्ध है।

प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित यह कार्यक्रम हर साल नए और अभिनव स्वरूप के साथ आयोजित किया जाता है। परीक्षा पे चर्चा 2026 में पहली बार दिल्ली के साथ-साथ तमिलनाडु के कोयंबटूर, छत्तीसगढ़ के रायपुर, गुजरात के देव मोगरा तथा असम के गुवाहाटी में भी आयोजन किया गया, जिससे देश के उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और मध्य क्षेत्रों को समान रूप से शामिल किया गया है।

कार्यक्रम से पूर्व देशभर के विद्यालयों में अनेक विद्यार्थी-केंद्रित गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें स्वदेशी संकल्प दौड़, आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देने के लिए छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित दौड़,पदयात्रा तथा पराक्रम दिवस के अवसर पर चयनित केंद्रीय विद्यालयों में प्रश्नोत्तरी और लेखन प्रतियोगिताएं शामिल रहीं।

**बदलाव** › छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का दिख रहा व्यापक असर

# बीजापुर में 54 लाख के इनामी 12 नक्सलियों ने डाले हथियार

एजेंसी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में गुरूवार को 54 लाख के इनामी 12 नक्सलियों ने पुलिस के आलाधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में 08 महिला और 4 पुरुष कैडर के नक्सली शामिल हैं। इन्होंने 3 आटोमैटिक हथियार, कारतूस और विस्फोटक पुलिस को सौंपें।

बीजापुर में सुरक्षाबलों के संयुक्त प्रयास से आज साउथ सब जोनल ब्यूरो से संबंधित कुल 54 लाख रुपए की इनामी 8 महिला और 4 पुरुष कैडर के 12 नक्सलियों, जिसमें डीवीसीएम-1 सदस्य, बटालियन नम्बर 1, कंपनी नम्बर दो-2, पीपीसीएम-1, एसीएम -2, पार्टी सदस्य-2, पीएलजीए सदस्य-4 ने 3 आटोमैटिक हथियार, कारतूस व विस्फोटक के साथ बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम, बीजापुर एसपी डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर सेक्टर बीएस नेगी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

### ● आठ महिला और चार पुरुष कैडर नक्सलियों ने पुलिस को तीन आटोमैटिक हथियार, कारतूस और विस्फोटक सौंपा



इस अवसर पर अतिरक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन अमन कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर युलैण्डन यार्क, उप पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक, रोशन आहूजा और उप पुलिस अधीक्षक विशाल गर्ग भी मौजूद थे।

### अब तक 888 नक्सलियों ने छोड़ा हिंसा का रास्ता

नक्सलियों ने कहा कि अब उन्होंने हिंसा और जनविरोधी विचारधारा का परित्याग कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। पुनर्वास प्रक्रिया के तहत प्रत्येक कैडर को प्रोत्साहन स्वरूप 50 हजार रुपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बीजापुर जिले में 01 जनवरी 2024 से अब तक 888 नक्सली मुख्यधारा में लौट चुके हैं, 1163 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं और 231 नक्सली विभिन्न मुठभेड़ों में मारे गए हैं । आत्मसमर्पित नक्सलियों ने 3 आटोमैटिक हथियार और कारतूस के अतिरिक्त विस्फोटक में जिलेटीन स्टीक-250 नग, डेटोनेटर 400 नग, गन पावडर 1 प्लास्टिक ड्रम, कार्डेक्स वायर-1 बंडल स्वेच्छा से पुनर्वास के दौरान पुलिस के सुपुर्द किया।

### सुरक्षा बलों की सक्रियता और टीमवर्क

आत्मसमर्पण की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में डीआरजी बस्तर फाइटर, जिला बल, छसबल, एसटीएफ, कोबरा- 201, 204, 210 तथा केरिपु- 85, 170, 196, 199, 218, 228 एवं 229 बटालियन एवं जिले में तैनात केरिपु बलों का योगदान रहा है। इन सभी बलों ने लगातार क्षेत्र में अपनी सक्रियता, विश्वास निर्माण और संवेदनशील व्यवहार से नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया है। बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने माओवादियों से अपील करते हुए कहा, 'नक्सली भ्रामक और हिंसक विचारधाराओं को त्यागकर निर्भय होकर समाज की मुख्यधारा में लौटें। शासन की 'पूना मारगेम' नीति उनके भविष्य को सुरक्षित, सम्मानजनक और स्वावलंबी बनाने के लिए हरसंभव सुविधा प्रदान कर रही है।'

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शुक्रवार 06 फरवरी 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### डीएवी नंदराज में बोनफायर नाइट का आयोजन

**रांची।** डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल, बरियातू में बोनफायर नाइट का आयोजन हर्षोल्लास एवं आत्मीय वातावरण में किया गया। यह अपने आप में एक अनूठा सायंकालीन कार्यक्रम रहा, जिसमें कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को हंसते-गाते, गुनगुनाते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक परंपरा के अनुरूप हवन-यज्ञ से हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने भावी जीवन की सफलता के लिए ईश्वर से आशीर्वाद मांगा। इसके उपरांत ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भावभीनी विदाई के भावों को समेटते हुए स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वाइस कैप्टन ने सभा को संबोधित करते हुए सीनियर छात्रों के योगदान की सराहना की। वहीं कुछ छात्र-छात्राओं ने सारगर्भित कविताओं का सस्वर पाठ कर माहौल को भावनात्मक बना दिया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राएं अलाव के समक्ष रात्रि भोजन, मधुर संगीत और उपहारों के साथ भावुक विदाई लेकर अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

### नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियंत्रण कक्ष का गठन

**रांची।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आयोग कार्यालय में नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) की स्थापना की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के नियंत्रण कक्ष के लिए दूरभाष संख्या 8987791131 एवं 8987791132 आवंटित की गई हैं। यह नियंत्रण कक्ष निर्वाचन अवधि के दौरान निरंतर सक्रिय रहेगा। निर्वाचन से संबंधित प्राप्त शिकायतों एवं सूचनाओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आयोग ने आम नागरिकों से अपील की है कि निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी समस्या या सूचना के लिए उक्त दूरभाष नंबरों पर संपर्क करें।

### सरकार के खजाने से 10 हजार करोड़ के गबन की हो उच्चस्तरीय जांच : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** झारखंड सरकार के खजाने से 10,000 करोड़ की राशि गायब होने की खबर को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। मरांडी ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि वित्त सचिव सभी विभागों के सचिवों की बैठक बुलाकर विस्तृत वित्तीय लेखा-जोखा लें। इसके बावजूद वित्त सचिव ने मंत्री के निर्देशों का पालन करने के बजाय फाइल को मुख्य सचिव के पास भेज दिया, जहां वह पिछले तीन महीनों से लंबित पड़ी हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर सरकार इस मामले की जांच से क्यों कतरा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तरह मुख्य सचिव भी जमीन घोटाले के आरोपों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में यह संदेह स्वाभाविक है कि मामले को जानबूझकर दबाने या टालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने मुख्य सचिव से स्पष्ट करने की मांग की कि फाइल पर तीन महीने से कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

### पछुआ हवाओं के कारण नियंत्रण में तापमान

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पछुआ हवाओं के कारण तापमान नियंत्रण में है। तापमान नहीं बढ़ने से लोगों को दिन में लगनेवाली अनचाही गर्मी से राहत मिल रही है। बावजूद इसके अभी भी दिन में गर्म कपड़े पहनने से भारी गर्मी का एहसास हो रहा है। हालांकि इन दिनों सुबह और रात में भारी कनकनी महसूस हो रही है। मौसम विभाग में आने वाले दो-तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट होने की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने शुक्रवार से राज्य भर में सुबह में हल्के दर्जे का कुहासा और बाद में मौसम साफ रहने की संभावना व्यक्त की है। गुरुवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान 31.8 डिग्री चाईबासा में और सबसे कम तापमान 9.7 डिग्री गुमला में रिकॉर्ड किया गया। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मानसिक बादल छाए रहे और मध्यम दर्जे की ठंडी हवाएं चली। हवा चलने से दोपहर में भी अपेक्षित गर्मी महसूस नहीं हुई। वहीं, गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री और न्यूनतम 13.4 डिग्री, जमशेदपुर 30.1 डिग्री और 15.7 डिग्री, डालटेनगंज में अधिकतम 27.1 डिग्री और 11.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 29.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### नगर निगम ने विभिन्न वार्डों में होल्डिंग की जांच की

**रांची।** रांची नगर निगम के राजस्व शाखा द्वारा गठित जांच टीम ने नगर निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में आवासीय एवं व्यवसायिक होल्डिंग की जाँच की। जांच के दौरान आवेदकों द्वारा घोषित एरिया, उपभोग की प्रकृति, सड़क की चौड़ाई एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग यूसेज टाइप की भौतिक मापी की गई। जांच में यह पाया गया कि कई होल्डिंग धारकों द्वारा वास्तविक क्षेत्रफल एवं उपयोग के अनुरूप कर का भुगतान नहीं किया जा रहा था। मापी के दौरान घोषित क्षेत्रफल एवं वास्तविक क्षेत्रफल में भारी अंतर पाया गया।

**प्रमुख अनियमितताएं इस प्रकार हैं—**

वार्ड संख्या 14 में रामेश्वरम होटल द्वारा 600 वर्गफीट पर कर भुगतान किया जा रहा था, जबकि मापी में होटल का कुल क्षेत्रफल 4055 वर्गफीट पाया गया।

1500 वर्गफीट पर भुगतान किया जा रहा था, जबकि मापी में 11083 वर्गफीट क्षेत्रफल पाया गया।

# महाशिवरात्रि को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, तैयारियों की समीक्षा, दिये कई दिशा-निर्देश

संवाददाता

**रांची।** रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति की बैठक गुरुवार को पहाड़ी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष सह उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में हुई। इसमें आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव पर रांची पहाड़ी मंदिर की तैयारियों को लेकर क्रमवार समीक्षा की गई। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा की पहाड़ी बाबा के दरबार में आने वाले भक्तों के लिए पूजा-अर्चना करने के लिए बेहतर से बेहतर व्यवस्था रहेगी। बैठक में बताया गया की महाशिवरात्रि पर सुबह 3.30 बजे सरकारी पूजा के बाद आम भक्तों के लिए मंदिर के पट्ट खोले जाएगें। पहाड़ी मंदिर के सभी मंदिरों में अरघा से भक्त जलाअभिषेक, पूजा अर्चना कर सकेगें। सभी मंदिरो में जल, पूजारी,लोटा की व्यवस्था, खोया पाया सूचना केंद्र, दंडाधिकारी, पुलिसबल, महिला पुलिस बल,



यातायात पुलिस, मंदिर में भक्तों की सुविधा के लिए समिति के सदस्य, पाहन तैनात रहेगें। महिला और पूरूषों को अलग-अलग पूजा-अर्चना की व्यवस्था, मेडिकल टीम, फस्ट ऐड की व्यवस्था रहेगी।

उपायुक्त ने बैठक में नगर निगम को पहाड़ी मंदिर परिसर,आस-पास की सड़कों की विशेष साफ-सफाई, महाड़ी मंदिर के पास की सड़कों पर अवश्यकता के अनुसार डीवाईडर लगाने, प्रकाश व्यवस्था करने, चलंत शौचालय, पानी की व्यव्स्था करने का निर्देश दिया।

**शिवरात्रि के पहले लाईट तार को किया जाय दुरूस्त**

पहाड़ी मंदिर के सभी बिजली के तार, खराब लाईट की मरम्ती का निर्देश संबंधित बिजली विभाग कि अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने कहा की बाबा की बारात के दौरान निर्वाधित बिजली आपूर्ति की जाए।

**शिवरात्रि से पहले रविवार को होगी वॉलेटियर्स कार्यशाला**

बैठक में उपायुक्त ने एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर नाथ आलोक,पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव सह एसडीओ कुमार रजत को ने उपायुक्त ने शिवरात्रि के पहले पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यों के लिए एक कार्यशाला करनें का निर्देश दिया। ताकी वॉलेटियर्स भक्तों के बेहतर से बेहतर व्यवस्था दे सके। साथ ही समिति के सदस्यों को कार्ड निर्गत किये जाएगें। वहीं वॉलेंटियर्स एक जगह जमा होकर नहीं रहेंगे, अवश्यकता के अनुसार अपने कार्य का निर्वाहण करेंगे।

**बैठक में ये रहे उपस्थित**

आनंद गाड़ोदिया, बलराम मिश्रा , मदनलान पारीक, कैलाश राय,अंकित, सौरभ चौधरी, संदीप जैन, जीतेंद्र प्रसाद, गोपाल कुमार, अंकित सहित कई उप समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### शिवरात्रि में प्रशासन की रहेगी कड़ी नजर: डीसी

बैठक में उपायुक्त ने एएसपी राकेश रंजन को महाशिवरात्रि पर सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम करने को कहा। इसमें पहाड़ी मंदिर में पुलिस बल, महिला पुलिस, यातायात पुलिस की व्यवस्था के साथ असमाजिक तत्व पर विशेष नजर रखनें केनिर्देश दिये। इस पर अधिकारियों ने जानकारी दी की महाशिवरात्रि पर सारी व्यवस्था चाक-चौबंध रहेगी। इसके लिए प्रशसन की ओर से सारी व्यवस्था करली गई है। वहीं पहाड़ी मंदिर की व्यवस्था की नजर सीसीटीवी कैंमरे से होगी।

### प्लास्टिक व शीशा का बोतल वर्जित

शिवरात्रि के दौरान पहाड़ी मंदिर में प्लास्टिक थैला, वोतल, शीशा की बोतल लेकर पूजन सामाग्री लेकर आने वाले भक्तों से जिला प्रशासन ने अनुरोध किया है, कि महाशिवरात्रि में भक्त प्लाष्टिक थैला, बोतल, शीशा बोतल की जगह सखुआ दोना, पत्तल, बांस की टोकरी में पूजन सामग्री के लिए उपयोग करने की अपिल की है।

### डोरंडा की लाइफलाइन बने पुराने हाईकोर्ट रोड को चालू करने की मांग

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने हाईकोर्ट के बगल से डोरंडा जाने वाले पुराने रास्ते को पुनः चालू करने की जोरदार मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट अब धुर्वा स्थानांतरित हो चुका है, इसलिए मार्ग बंद रखने का कोई औचित्य नहीं है। आलोक दूबे ने बताया कि रास्ता बंद होने से लाखों लोग प्रभावित हैं। दिहाड़ी मजदूर, विद्यार्थी, छोटे दुकानदार और आम जनता सभी असुविधाओं का सामना कर रहे हैं। रांची का सबसे बड़ा बाजार और डोरंडा में स्थित प्रमुख स्कूल-कॉलेज तक पहुंच कठिन हो गई है। उन्होंने कहा कि मार्ग डोरंडा के लिए जीवनरेखा है और धार्मिक आयोजनों में भी श्रद्धालुओं को भारी कठिनाइयां हो रही हैं। डोरंडा के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों का प्रतिनिधिमंडल 6 फरवरी को पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार से मुलाकात कर मार्ग खोलने का अनुरोध करेगा। आलोक दूबे ने उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा भरोसा दिलाए जाने का उल्लेख किया।

## बहन का प्रेमी ही निकला जसीम का कातिल

वरीय संवाददाता

**रांची।** पुंदाग ओपी पुलिस ने लाजपत नगर स्थित निर्माणधीन अर्पाटमेंट से बरामद शव की पहचान करने के बाद आरोपियों की तलाश करते हुए 24 घंटे के अंदर ही मामले का खुलासा कर दिया, पुलिस ने अपनी खुफिया तंत्रो व टेक्निकल विभाग की मदद से पंडरा मुस्लिम बस्ती के रहने वाले 16 साल के नाबालिग जसीम मंसूरी के कातिलों को गिरफ्त में ले लिया है, सूत्रों के मुताबिक इस कांड को जसीम की बहन के प्रेमी ने अपने दो दोस्तों के साथ मिल कर अंजाम दिया था, जसीम को मारने वाले प्रेमी सहित सभी कातिल पुंदाग इलाही नगर के रहने वाले हैं, पुलिस ने तीन कातिलों में दो को धर दबोचा है जबकि तीसरा फिलहाल पुलिस गिरफ्त से दूर है। सूत्रों के मुताबिक वह रांची शहर छोड़ चुका है जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक जसीम की बहन से आरोपी मोहब्बत करता था जिसकी जानकारी लड़की के घर वालों को हो गयी थी उसके बाद उसका भाई जसीम बहन पर पाबंदी लगा दिया और आरोपी को भी चेतावनी दी थी, जिसके बाद से बहन का प्रेमी जसीम का जानी दुश्मन बन गया वह अपने दो दोस्तों के साथ मिल कर जसीम को प्यार के रास्ते में बने रोड़ा को हटाने का फैसला कर लिया, उसके बाद योजना के तहत जसीम को पकड़ कर घटना स्थल तक ले जाया गया उसके बाद उसके गले सहित जिस्म के कई हिस्सों में चाकू मार कर जान ले ली गयी उसके बाद उसे चौथे तल्ले से नीचे फेक दिया गया।

मालूम हो कि घटना स्थल लाजपत राय नगर के लोगों की निर्माणाधीन अपार्टमेंट के नीचे खून से लथपत शव देख पुलिस को सूचना दी थी इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतक जसीम के परिजनों को शव की पहचान के लिए बुलाया तब उसकी पहचान जसीम के रुप में हुई, हालाकि परिजनों ने जसीम मंसूरी के लापता होने की शिकायत पंडरा ओपी पुलिस से कर दी थी।

सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार दोनों कातिलों से पूछताछ पुरी होने के बाद उन्हें संभवतः शुक्रवार को मिडिया के सामने लाया जायगा।

## बैंक ऑफ इंडिया ने विधानसभा कर्मचारियों के लिए आयोजित की विस्तृत वित्तीय जागरूकता प्रस्तुति

संवाददाता

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया ने झारखंड सरकार के साथ हाल में हुए समझौता के तहत राज्य सरकार के नियमित, संविदा एवं पेंशनधारी कर्मचारियों के वेतन खातों से जुड़ी विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं और बीमा उत्पादों पर एक विस्तृत प्रस्तुति कार्यक्रम आयोजित किया।

यह कार्यक्रम विधान सभा परिसर के सेंट्रल हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान झारखंड विधानसभा के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को दुर्घटना बीमा, टर्म इंश्योरेंस, चिकित्सा बीमा सहित अन्य बैंकिंग सेवाओं की व्यापक



जानकारी दी गई, ताकि उन्हें सुरक्षित और समग्र वित्तीय संरक्षण उपलब्ध कराया जा सके। उपस्थित कर्मचारियों ने प्रस्तुत जानकारियों में गहरी रुचि दिखाई और बैंकिंग सुविधाओं के विभिन्न पहलुओं पर प्रश्न पूछे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, रामचंद्र सिंह और प्रभारी सचिव रंजीत कुमार उपस्थित थे।

बैंक ऑफ इंडिया की ओर से कार्यक्रम का नेतृत्व अजय कुमार पाण्डेय, सहायक महाप्रबंधक, एफजीएमओ रांची और बनिता मोहापात्रा, उप अंचल प्रबंधक, रांची अंचल ने किया।

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ

संवाददाता

**रांची।** झारखंड में फाइलेरिया (हाथीपांव) उन्मूलन को लेकर राज्य सरकार ने व्यापक जनजागरूकता अभियान की शुरूआत की है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने गुरुवार को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर राज्य के 14 जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया गया।

कार्यक्रम के बाद फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।

मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2029 तक झारखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए संकल्पित है। इसके लिए स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएंगे। उन्होंने आमलोगों से बिना किसी डर और संकोच के दवा का सेवन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 14 जिलों में अभियान चल रहा है, जबकि नौ जिलों में यह पहले ही सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। मौके पर अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि फाइलेरिया पूरी तरह रोकथाम योग्य बीमारी है और शत-प्रतिशत दवा सेवन से इसे जड़ से समाप्त किया जा सकता है।

अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बचाव को ही सबसे प्रभावी उपाय बताते हुए स्वच्छता,



जलजमाव रोकने और मच्छरदानी के उपयोग पर जोर दिया।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, निदेशक प्रमुख डॉ सिद्धार्थ सान्याल, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी बिरेंद्र कुमार सिंह, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि डॉ अभिषेक, परिमल संस्था के पदाधिकारी, जिला परिषद अध्यक्ष, चिकित्सक, एएनएम, प्रखंड प्रमुख, मुखिया, सहिया और सेविका-सहायिकाएं मौजूद थीं।

### हज यात्रियों का वैक्सिनेशन और मेडिकल जांच कराएगी सरकार

रांची। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं झारखंड हज कमेटी के अध्यक्ष डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि हज यात्रियों की सभी मेडिकल जांच और वैक्सीनेशन का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हाजियों को पूरी सुविधाएं दी जाएंगी। मंत्री बुधवार को हज 2026 की तैयारियों को लेकर राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जनों के साथ आयोजित बैठक में बोल रहे थे। बैठक में हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग और वैक्सीनेशन प्रक्रिया को समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से पूरा करने पर बल दिया गया। डॉ अंसारी ने कहा कि सरकार हज पर जाने वाले सभी हाजियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि हज 2026 के तहत झारखंड से लगभग 1670 हज यात्रियों का जाना प्रस्तावित है। सरकार की ओर से निर्देश दिया गया कि 07 फरवरी तक सभी हाजियों की मेडिकल स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से पूरी कर ली जाए, ताकि 08 फरवरी 2026 से वैक्सीनेशन प्रक्रिया शुरू की जा सके।उन्होंने कहा कि मेडिकल स्क्रीनिंग के बाद ही वैक्सीनेशन और वीजा प्रक्रिया संभव होगी, इसलिए सभी जिलों में बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने की जरूरत है।

## कोलकाता से संबलपुर जा रहा डोमिनोज पिज्जा लदा ट्रक पल्टा



वरीय संवाददाता

रांची। कोलकाता से डोमिनोज पिज्जा ले कर उड़िसा के संबंलपुर जा रहा कंटेनर ट्रक तमाड़ खूंटी रोड में कदमा चर्च मोड़ के पास पलट गया, जिससे उसमें रखे सारे पिज्जा सहित अन्य खाद्या सामान पुरी तरह से बर्बाद हो गये, हादसे की खबर पर तमाड़ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लेने के बाद गाड़ी के दोनों चालकों को सुरक्षित बाहर निकाला, घटना के संबंध में चालक विनोद कुमार ने बताया कि वह बुधवार को कोलकाता से पिज्जा लेकर राउलकेला होते हुए संबंलपुर जा रहा था, देर रात करीब 3,30 बजे तमाड़ खूंटी रोड कदमा चर्च के पास तीखी मोड़ पहुंचते ही उसे नींद की झपकी आ गयी जिससे उसका ड्राईविंग से संतुलन बिगड़ गया और ट्रक डिवाईडर को पार कर दूसरी तरफ जा कर पलट गया, हालांकि ट्रक पलटने से गाड़ी के दोनों चालकों को ज्यादा चोट नहीं लगी है।

## लोक भवन उद्यान में उमड़ी भीड़, हरियाली और फूलों के बीच लोगों ने पाया सुकून

वरीय संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल के निर्देश पर लोक भवन उद्यान को 2 फरवरी से 8 फरवरी 2026 तक आम नागरिकों के लिए खोला गया है। उद्यान के खुलते ही शहरवासियों में इसे देखने का खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

उद्यान खुलने के तीसरे दिन कुल 12,711 नागरिकों ने इसका भ्रमण किया। सुबह से ही लोक भवन परिसर के बाहर लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां परिवार, बुजुर्ग, बच्चे और युवा उत्साहपूर्वक प्रवेश की प्रतीक्षा करते नजर आए।लोक भवन उद्यान का शांत वातावरण, सुव्यवस्थित पगडंडियां और रंग-बिरंगे फूलों की क्यारियां आगंतुकों को खासा आकर्षित कर रही हैं। कई परिवारों और युगलों ने बताया कि यह स्थान शहर की भागदौड़ और शोरगुल से दूर सुकून और शांति का अनुभव कराता है। हरियाली और फूलों की खुशबू के बीच टहलते लोगों के चेहरों पर संतोष और प्रसन्नता साफ दिखाई दे रही थी। आगंतुकों ने उद्यान को प्राकृतिक सौंदर्य, स्वच्छता और अनुशासन का बेहतरीन उदाहरण बताया। उद्यान का हर कोना मानो प्रकृति की गोद



में सजा एक जीवंत चित्र प्रतीत हो रहा है।प्रशासन की ओर से बताया गया कि उद्यान में भ्रमण का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है। आगंतुकों के लिए गेट संख्या-2 से प्रवेश की व्यवस्था की गई है, जहां सुरक्षा जांच के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा कारणों से दोपहर 1 बजे तक ही अनुमति दी जा रही है, ताकि सभी आगंतुक सुव्यवस्थित ढंग से उद्यान का आनंद ले सकें।

आगंतुकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल, स्वयंसेवक और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

## काउंसलिंग के बाद डालसा ने मानसिक रोगी को पहुंचाई सहायता

वरीय संवाददाता

**रांची।** न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर, माननीय सदस्य सचिव झालसा कुमारी रंजना अस्थाना तथा माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में एवं डालसा सचिव की देखरेख में यह मानवीय पहल की गई।

रिनपास में कार्यरत डालसा की पीएलवी शारदा देवी ने रिनपास की साइकिएट्रिक सोशल वर्कर डॉ. मालती के सहयोग से एक स्वस्थ महिला मानसिक रोगी के घर का पता लगाया। इसके पश्चात संबंधित थाना से संपर्क कर परिजनों को महिला की स्थिति से अवगत कराया गया तथा महिला की परिजनों से बातचीत कराई गई। महिला के भाई को सरकारी प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु महिला का आधार कार्ड, राशन कार्ड, संबंधित थाने में दर्ज एफआईआर की प्रति एवं परिजनों के साथ रोगी की फोटो लाने का निर्देश दिया



गया। सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ महिला का भाई रिनपास पहुंचा और पीएलवी शारदा देवी से मुलाकात की। इसकी सूचना डॉ. मालती को दी गई। आवश्यक जांच प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात महिला एवं उसके भाई की काउंसलिंग की गई। तत्पश्चात महिला को दो माह की दवा उपलब्ध कराई गई तथा दो माह बाद परिजनों के साथ पुनः अस्पताल आने का परामर्श दिया गया। इस मानवीय प्रयास के लिए

IN THE COURT OF EXECUTIVE MAGISTRATE BOKARO
AFFIDAVIT

I. Bharat Bhushan S/O Late Bhagwan Lal aged about 55 years, Resident of Jaridih Bazar P.S. Gandhi Nagar (Bermo) Dist-Bokaro Dist-Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-

1. That, my Nationality is Indian.
2 That in my Aadhaar card vide No. 6792 6387 4659 and PAN Card vide No. ALKPB-85370 my name has been mentioned as Bharat Bhushan but in my Bank account of Bank of India Branch Jaridih Bazar vide account No. 48931010005637 my name has been mentioned as Bharat Bhushan Singh
3. That, Bharat Bhushan and Bharat Bhushan Singh both names are one and same person i.e. myself.
4. That, I want to correct and rectify my name in my above said bank account as Bharat Bhushan in place of Bharat Bhushan Singh
5. That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concern for needful purpose.
6 That, the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief and if found incorrect or false I shall be liable for the prosecution in the relevant section of law.

S.N. 1039 Date:-3/02/2026

## संक्षिप्त खबरें

### एक फोन पर करें चुनाव में गड़बड़ी की शिकायत

बोकारो। नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 को पूरी तरह स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। इसी कड़ी में जिला स्तर पर एक अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) की स्थापना की गई है, जो वर्तमान में पूरी तरह सक्रिय है। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकना और आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करना है। निर्वाचन की अवधि के दौरान यदि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता है या निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी कोई अन्य समस्या सामने आती है, तो आम नागरिक, चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अपनी शिकायतें सीधे जिला नियंत्रण कक्ष में दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि नियंत्रण कक्ष में प्राप्त होने वाली हर छोटी-बड़ी शिकायत पर त्वरित और विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नागरिकों की सुविधा के लिए प्रशासन ने कई संपर्क नंबर जारी किए हैं। शिकायत दर्ज कराने हेतु जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 8986660333, 06542-242409 और 06542-241000 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति होने पर डायल 112 की सेवा भी ली जा सकती है। जिला प्रशासन ने बोकारो के समस्त मतदाताओं और नागरिकों से अपील की है कि वे लोकतंत्र के इस पर्व को शांतिपूर्ण और पारदर्शी बनाए रखने में अपना बहुमूल्य सहयोग दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अनियमितता की सूचना तत्काल नियंत्रण कक्ष को प्रदान करें।

### हो समाज की पहचान का मागे परब 8 को, सरना स्थल पर जुटेंगे हजारों लोग



बोकारो। हो समाज की समृद्ध संस्कृति, गौरवशाली परंपरा और सामूहिक चेतना का सबसे बड़ा प्रतीक मागे परब आगामी 8 फरवरी को सेक्टर-8ए स्थित सरना स्थल में धूमधाम से मनाया जाएगा। बोकारो हो समाज समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस महापर्व की तैयारियों को लेकर गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष मुनेश बारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पर्व को ऐतिहासिक बनाने और समाज की एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष मुनेश बारी ने कहा कि मागे परब महज एक उत्सव नहीं, बल्कि यह हो समाज की जड़ों, भाषा और पूर्वजों के गौरव से जुड़ने का एक जीवंत माध्यम है। उन्होंने वर्तमान समय में सांस्कृतिक पहचान पर मंडराते संकट का जिक्र करते हुए कहा कि यह पर्व हमें आत्मसम्मान के साथ जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे अपनी परंपराओं को सहेजने के लिए आगे आएं और इस पर्व को विरासत बचाने के एक आंदोलन के रूप में मनाएं। समिति के संरक्षक ललित पूर्ति ने इस पर्व के दार्शनिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ईश्वर की इच्छा से प्रथम माता-पिता लुकु-लुकमि द्वारा सृष्टि के उद्देश्य को आगे बढ़ाने की भावना ही मागे परब का मूल सार है। यह पर्व प्रकृति, सिंगबोंगा (ईश्वर) और मानव समाज के बीच अटूट संबंधों को दर्शाता है। समिति ने सभी समाज बंधुओं से आग्रह किया है कि वे कार्यक्रम के दिन अपनी पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित होकर अपनी सांस्कृतिक सुंदरता को प्रस्तुत करें। इस आयोजन को सफल बनाने में सचिव अनु बिरुली, कोषाध्यक्ष सुखसेन देवगाम, ब्रजमोहन तुबिद, संजय पूर्ति, निरंजन कुंकल सहित कार्यकारिणी के सदस्य दिकू, माणिक, बीरेंद्र, राजीव, कमल और सुनीता सहित अन्य सदस्य पूरी निष्ठा से जुटे हुए हैं। रविवार को सरना स्थल पर पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ-साथ लोक नृत्यों की भी प्रस्तुति दी जाएगी।

## बोकारो के गोमिया में हाथियों का खूनी तांडव

# एक ही परिवार के तीन लोगों को मार डाला, इलाके में दहशत का माहौल

झारखंड दर्शन संवाददाता



बोकारो। जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत बड़की पुन्नू गांव में गुरुवार तड़के हाथियों के एक झुंड ने भीषण तबाही मचाई। पांच हाथियों के इस झुंड ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों को बेरहमी से कुचलकर मार डाला, जिनमें पति-पत्नी भी शामिल हैं। इस दर्दनाक हादसे में परिवार का एक अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोमिया ब्लॉक में पिछले एक महीने के भीतर हाथियों के हमले की यह तीसरी बड़ी घटना है, जिससे अब तक कुल पांच लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। ग्रामीणों के अनुसार, यह हृदयविदारक घटना सुबह करीब 3 बजे की है। पांच हाथियों का झुंड भोजन की तलाश में जंगल से निकलकर बड़की पुन्नू गांव में दाखिल हुआ। चूंकि पीड़ितों का घर जंगल के बिल्कुल मुहाने पर स्थित है, इसलिए हाथियों ने सबसे पहले वहीं धावा बोला। तबाही की आहट सुनकर जब गंगवा करमाली अपनी जान बचाने के लिए घर से बाहर भागने की कोशिश करने लगे, तभी हाथियों ने उन्हें अपनी सूंड में लपेटकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उनकी तत्काल मौत हो गई। पति की चीखें सुनकर जब पत्नी कमली देवी उन्हें बचाने के लिए बाहर निकलीं, तो हाथियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और कुचलकर मार डाला। इसी बीच घर की एक अन्य महिला और गंगवा करमाली की भाभी, भगिया देवी ने भी भागकर जान बचाने का प्रयास किया, लेकिन एक हाथी ने उन्हें भी अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर ही तीनों के प्राण पखेरू उड़ गए। इस हमले में घर के एक अन्य सदस्य को भी गंभीर चोटें आई हैं।

घटना की सूचना मिलते ही आईएफएस अधिकारी संदीप शिंदे और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि झुंड में पांच हाथी शामिल हैं, जो पिछले कई दिनों से इस इलाके में डेरा डाले हुए हैं। उन्होंने कहा कि झुंड की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और हाथियों को सुरक्षित तरीके से जंगल में खदेड़ने के लिए बाहर से विशेषज्ञों की एक विशेष टीम बुलाई जा रही है। वन विभाग ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सरकारी प्रावधानों के तहत मुआवजे की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी है। ग्रामीणों में भारी आक्रोश और भय इस घटना के बाद से पूरे बड़की पुन्नू और आसपास के गांवों में भारी दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मांग की है कि हाथियों को स्थाई रूप से घने जंगलों की ओर भेजा जाए और पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

राज्यपाल आज चास में, रामरुद्र स्कूल के छात्रों से करेंगे संवाद

## प्रशासन की तैयारियां पूरी



झारखंड दर्शन संवाददाता

बोकारो। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शुक्रवार को अपने प्रस्तावित जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत बोकारो पहुंचेंगे, जहां वे चास स्थित रामरुद्र सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद करेंगे। इस महत्वपूर्ण और भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गुरुवार को उपायुक्त अजय नाथ झा और उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने विद्यालय का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय के सभागार, कक्षाओं और पूरे परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा मानकों, माइकिंग और सुचारू यातायात प्रबंधन पर ध्यान देने को कहा ताकि गरिमापूर्ण वातावरण में कार्यक्रम संपन्न हो सके।

राज्यपाल विद्यालय परिसर में कुल 45 मिनट का समय व्यतीत करेंगे, जिसका विस्तृत कार्यक्रम तय कर लिया गया है। निर्धारित समय के अनुसार, राज्यपाल दोपहर 2:30 बजे विद्यालय पहुंचेंगे और ठीक 2:35 बजे राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ होगा। तैयारियों के दौरान निरीक्षण के समय अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार और जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। राज्यपाल के इस दौरे को लेकर छात्रों और शिक्षकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## दु:ख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है प्रशासन : डीसी

### हाथियों के हमले में तीन मौतों से मर्माहत है सरकारी तंत्र, गांवों में लगेंगी सोलर लाइटें

झारखंड दर्शन संवाददाता



बोकारो। गोमिया प्रखंड के बड़की पुन्नू में हाथियों के झुंड द्वारा एक ही परिवार के तीन सदस्यों को कुचलकर मार डालने की हृदयविदारक घटना पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि जिला प्रशासन दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि पीड़ित परिवार को नियमानुसार देय मुआवजा, पारिवारिक लाभ और अन्य सभी पात्र सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी विलंब के उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें इस गहरे आघात से उबरने में आर्थिक और मानसिक संबल मिल सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला वन पदाधिकारी के साथ बैठक कर पूरे घटनाक्रम की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान हाथियों के पारंपरिक विचरण मार्ग, उनकी हालिया गतिविधियों और मानव-हाथी संघर्ष के कारणों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए उन्होंने हाथी प्रभावित पंचायत क्षेत्रों जैसे बड़की पुन्नू, गोपो, कंडेर, ललपनिया और रहावन आदि में सोलर लाइट अधिष्ठापन हेतु तत्काल सर्वे कराकर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया है। यूइसके अतिरिक्त, वन विभाग को विशेष रूप से हाथी बचाव दल गठित करने और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने ग्रामीणों को सतर्क करने के लिए एक प्रभावी सूचना प्रणाली विकसित करने और पतझड़ के मौसम में अनाज के सुरक्षित भंडारण पर बल दिया, ताकि हाथियों को गांवों की ओर आकर्षित होने से रोका जा सके। साथ ही जंगल क्षेत्र में हाथियों के लिए प्राकृतिक भोजन की उपलब्धता बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, वन पदाधिकारी संदीप शिंदे और सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह उपस्थित थे। उपायुक्त ने अंत में जोर देकर कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस और वन विभाग आपसी तालमेल के साथ इस चुनौती का संवेदनशील और दीर्घकालिक समाधान निकालेंगे।

## साहित्य व कला-संस्कृति के क्षेत्र में बोकारो की विशिष्ट पहचान : मणिकांत

### राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में लब्ध-प्रतिष्ठित साहित्यकारों ने बांधा समां

झारखंड दर्शन संवाददाता



बोकारो। सेक्टर 4 मजदूर मैदान में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से आयोजित 24 वें इस्पातांचल स्वदेशी मेला के प्रांगण में बुधवार की शाम राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। रश्मिपुंज साहित्यिक संस्थान के तत्वावधान में कलिका क्रियेशन्स द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में तीन राज्यों के कविगण आमंत्रित थे। बोकारो के कवि अरुण पाठक की अध्यक्षता व रायबरेली से पधारे रश्मिपुंज साहित्यिक संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० गोविन्द गजब के कुशल संचालन में आयोजित इस कवि सम्मेलन में कवि-कवयित्रियों ने प्रेम, उल्लास, ओज व मानवीय संवेदनाओं से ओत-प्रोत कविताएं, गीत-गजल सुनाकर श्रोताओं को घंटों बांधे रखा। कवि सम्मेलन की शुरूआत मुख्य अतिथि बोकारो इस्पात संयंत्र के संचार प्रमुख मणिकांत धान, विशिष्ट अतिथि बीएसएल के उप महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन/राजभाषा) आलोक कुमार व आमंत्रित कवि-कवयित्रियों द्वारा संयुक्तरुप से दीप प्रज्जवलित कर की गई। इस अवसर पर अतिथियों व कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवि-कवयित्रियों को शॉल व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने अपने संबोधन में इस आयोजन की सराहना की और कहा कि शिक्षा, साहित्य व कला-संस्कृति के क्षेत्र में बोकारो की विशिष्ट पहचान है। बीएसएल भी साहित्य व कला-संस्कृति के संवर्द्धन में अपना योगदान देता रहा है। विशिष्ट अतिथि आलोक कुमार ने भी साहित्य व कला क्षेत्र की प्रतिभाओं की चर्चा की और इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। काव्यपाठ की शुरूआत कवयित्री करुणा कलिका द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। नालंदा से आयी अनमोल कुमारी ने चूड़ी, कंगन और महावर, बिंदिया कब तक गाऊंगी, नवादा से आये ओंकार कश्यप ने राष्ट्रद्रोहियों गद्दारों का शीश काटना पाप नहीं है, जमशेदपुर से आयी अंकिता सिन्हा ने फिर भी कोई सच कहने की हिम्मत नहीं करता, साहेबगंज से आये मेजर कुमार संजय ने जाने क्यों लोग पी एम बनतें हैं, बोकारो के अभिनव शंकर अनिकुल ने कविता मन के भाव, रांची से आये चंदन प्रजापति ने मौत ने मेरा दिल निकाला और जिंदा छोड़ दिया, पटना से आये रविकिशन ने चुपचाप तड़पने का हुनर सीख रहा हूं, रायबरेली से आये डॉ गोविन्द गजब ने मैं हर रात सुहागन होती, रोज सुबह विधवा हो जाती, करुणा कलिका ने संघर्षो से यारी हमने कर ली है।

## बोकारो में 10 दिवसीय इस्पातांचल स्वदेशी मेला का भव्य समापन

झारखंड दर्शन संवाददाता



बोकारो। सेक्टर चार स्थित मजदूर मैदान में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित 10 दिवसीय इस्पातांचल स्वदेशी मेला का गुरुवार को विधिवत समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मंच के राष्ट्रीय परिषद सदस्य मनोज कुमार सिंह ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि स्वदेशी के आधार पर ही भारत विश्व की आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। उन्होंने कहा कि मंच अपनी स्थापना के समय से ही देश के आर्थिक रोजगार और सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि के लिए कार्य कर रहा है। आज जब विकसित देश विकासशील देशों के संसाधनों पर कब्जा कर रोजगार छीन रहे हैं, ऐसे में यह मेला स्वदेशी आंदोलन के उद्घोष का एक सशक्त माध्यम बना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अखिल भारतीय पर्यावरण प्रमुख वंदे शंकर सिंह ने स्वदेशी आंदोलन के विस्तार पर चर्चा की, वहीं क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र कुमार सिंह ने बोकारो इस्पात प्रबंधन से अपेक्षित सहयोग न मिल पाने पर अपनी कसक साझा की। समारोह की अध्यक्षता मेला संयोजक अनिल गोयल ने की। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा भारत माता, बाबू गेनू, दत्तोपंत ठेंगड़ी और बिरसा मुंडा की तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इसके उपरांत मेले के दौरान आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में महिला शक्ति की अहम भूमिका रही, जिनमें अनुजा सिंह, अनीता सिंह, मनोरमा चौधरी, पूनम सिन्हा सहित कई अन्य शामिल रहीं। साथ ही जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा, कुमार संजय, अजय चौधरी दीपक, अजय कुमार सिंह और दिलीप वर्मा सहित पूरी टीम ने आयोजन के प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मंच के पदाधिकारियों ने अंत में संकल्प लिया कि स्वदेशी का यह अभियान केवल मेले तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

## बोर्ड परीक्षा का तनाव दूर करने के लिए चिन्मय विद्यालय में कार्यशाला आयोजित

झारखंड दर्शन संवाददाता



बोकारो। बोर्ड परीक्षाओं की आहट के साथ ही 10 वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के चेहरों पर बढ़ते तनाव और घबराहट को देखते हुए चिन्मय विद्यालय, बोकारो में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। मोटिवेशन फॉर बेटर परफॉर्मेंस इन द बोर्ड एग्जाम विषय पर केंद्रित इस सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों का परीक्षा के प्रति डर (एग्जाम फोबिया) दूर करना और उनमें आत्मविश्वास जगाना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में साइकोग्राफिक सोसाइटी के डायरेक्टर विकास कुमार और सह संचालक सिद्धार्थ उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा और उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने भी अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद अतिथियों का स्वागत पौधों के साथ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए बोर्ड परीक्षा के महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने एक प्रेरक बात कही कि परीक्षा में सफलता केवल छात्र की मेहनत का परिणाम नहीं होती, बल्कि इसके पीछे अभिभावकों का उनसे कहीं अधिक परिश्रम और त्याग होता है। प्राचार्य ने परीक्षा की तैयारी के दौरान छात्रों को अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से सतर्क रहने की सलाह दी। मुख्य अतिथि विकास कुमार ने अपने संबोधन में चिन्मय विद्यालय के पूर्व छात्रों की शानदार उपलब्धियों का उदाहरण देकर वर्तमान विद्यार्थियों में जोश भरा। उन्होंने सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारण को सबसे बुनियादी जरूरत बताया और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ निरंतर मेहनत करने पर जोर दिया। श्री विकास ने विद्यार्थियों को मिशन 500 का विशेष मंत्र दिया और बताया कि कैसे व्यवस्थित तैयारी और समय प्रबंधन के जरिए बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक अर्जित किए जा सकते हैं।

## बोकारो इस्पात संयंत्र में दक्ष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज

### सेल की विभिन्न इकाइयों के इंजीनियर सीख रहे पीएलसी एस7-400 की बारीकियां

झारखंड दर्शन संवाददाता



बोकारो। वर्किंग टुगेदर ऐज वन सेल पहल को मजबूती देते हुए बोकारो इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में तीन दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम दक्ष की शुरूआत हुई। 05 से 07 फरवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य विषय पीएलसी एस7-400 बेसिक है। इस प्रशिक्षण में भिलाई, दुर्गापुर, इस्को और बोकारो इस्पात संयंत्रों के कुल 20 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिसका उद्देश्य सेल की विभिन्न इकाइयों के तकनीकी कौशल में एकरूपता और दक्षता लाना है। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी और कार्यकारी अधिशासी निदेशक (संकार्य) अजय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन-एल एंड डी) सुश्री नीता बा और महाप्रबंधक (ईटीएल) हरिहर राउत भी उपस्थित रहे। स्वागत संबोधन के दौरान नीता बा ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस कोर्स को व्यावहारिक बनाने के लिए सिम्युलेटर के माध्यम से 'हैंड्स-ऑन' अभ्यास पर विशेष बल दिया गया है, ताकि प्रतिभागी कार्यस्थल की वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें।

अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने अपने संबोधन में परिणाम-आधारित प्रशिक्षण के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण केवल सीखने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसका अनुप्रयोग कार्यक्षेत्र में दिखना चाहिए। उन्होंने इसे एक निवेश करार दिया और प्रतिभागियों को सलाह दी कि वे प्रशिक्षण के अंत में स्पष्ट लर्निंग पॉइंट्स तैयार करें, ताकि वे यह पहचान सकें कि उन्होंने क्या सीखा है और उसे संयंत्र के संचालन में कैसे लागू करेंगे।

कार्यकारी अधिशासी निदेशक (संकार्य) अजय कुमार ने तकनीकी कौशल उन्नयन की निरंतरता पर जोर देते हुए कहा कि ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में इस तरह के तकनीकी सत्र नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि निरंतर सीखने की यह प्रक्रिया संयंत्र के प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का कुशल समन्वय प्रबंधक (मानव संसाधन-एल एंड डी) जय नारायण यादव द्वारा किया जा रहा है।

## शिफ्ट प्रबंधकों की परिचालन और रणनीतिक दक्षता बढ़ाने को ले प्रशिक्षण शुरू

झारखंड दर्शन संवाददाता



बोकारो। बोकारो इस्पात संयंत्र के शॉप फ्लोर पर परिचालन की कमान संभालने वाले शिफ्ट प्रबंधकों की क्षमता संवर्द्धन के लिए एक नई पहल की शुरूआत की गई है। ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र द्वारा परिचालन 2.0 शीर्षक से दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम चरण गुरुवार को शुरू हुआ।

दोदिवसीय इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अग्रिम पंक्ति में कार्यरत शिफ्ट प्रबंधकों को परिचालन, तकनीकी, वाणिज्यिक, डिजिटल, गुणवत्ता और ईएसजी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में और अधिक निपुण बनाना है। इस रणनीतिक कार्यक्रम का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक एवं कार्यकारी अधिशासी निदेशक (संकार्य) अजय कुमार और मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधनझएल एंड डी) नीता बा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में नीता बा ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बताया कि कैसे यह प्रशिक्षण शिफ्ट प्रबंधकों की रणनीतिक सोच को धरातल पर उतारने में मददगार साबित होगा। अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने अपने संबोधन में भविष्य की औद्योगिक चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए सतत सीखने और कौशल उन्नयन को अनिवार्य बताया। वहीं, कार्यकारी अधिशासी निदेशक (संकार्य) अजय कुमार ने रेखांकित किया कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में इस तरह की पहल प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### नर्रा में पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ की सफलता को लेकर ग्रामीणों ने की महत्वपूर्ण बैठक

**चंद्रपुरा।** नर्रा हरि मंदिर परिसर में गुरुवार को मुखिया निरंजन प्रसाद महतो की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ सह हनुमंत एवं लक्ष्मी नारायण प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में यज्ञ के कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। निर्णय के अनुसार 21 मार्च को जलयात्रा, 22 मार्च को हवन, पूजन-पाठ एवं रात्रि प्रवचन, 23 मार्च को प्रतिमा न्यास संस्कार एवं नगर भ्रमण, 24 मार्च को प्राण-प्रतिष्ठा एवं श्रृंगार पूजन तथा 25 मार्च को यज्ञ की पूणार्हुति के साथ महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा। मुखिया निरंजन प्रसाद महतो ने ग्रामीणों से यज्ञ की सफलता के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देते हैं। बैठक में यज्ञ संचालन के लिए समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष निरंजन प्रसाद महतो, सचिव देवन्ती देवी तथा कोषाध्यक्ष बिरजू नायक को जिम्मेदारी सौंपी गई।

### पटना गैरेज के समीप हाईट गेज फाटक टूटने से सड़क जाम, यातायात व्यवस्था प्रभावित



**चंद्रपुरा।** टी-मोड़ से लोहापट्टी हीरक सड़क मार्ग पर स्थित पटना गैरेज के समीप रेलवे द्वारा लगाए गए हाईट गेज फाटक को गुरुवार को एक बल्कर ट्रक ने धक्का मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार डीवीसी चंद्रपुरा से छाई लेकर जा रही बल्कर ट्रक संख्या जेएच 05 डी 6450 ने आद्रा रेल मंडल के अंतर्गत दामोदर लिंक रेलवे साइडिंग पर पूर्व में लगाए गए हाईट गेज फाटक को तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद टूटा हुआ हाईट गेज फाटक ट्रक के ऊपर ही गिरा रहा, जिससे सड़क पर आवागमन आंशिक रूप से बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और यातायात व्यवस्था को सुचारु करने का प्रयास किया गया।।घटना के कारण कुछ समय के लिए वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में संबंधित विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त फाटक को हटाने एवं सड़क यातायात सामान्य करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई।

### दुगदा रेलवे स्टेशन के समीप अतिक्रमण हटाओ अभियान, लगभग 50 वर्षों से बसे परिवार उजड़े



**चंद्रपुरा।** धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत धनबाद-चंद्रपुरा डीसी लाइन पर स्थित दुगदा रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार को रेलवे बोर्ड द्वारा प्रस्तावित अंडरपास सड़क निर्माण को लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान स्टेशन के समीप लगभग पांच दशकों से बसे खटालों और आवासों को हटाने की कार्रवाई की गई। रेलवे प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने से पूर्व संबंधित परिवारों को लगभग पंद्रह दिन पहले नोटिस जारी कर स्थल खाली करने का निर्देश दिया गया था। गुरुवार की अहले सुबह रेलवे के अधिकारी, कर्मचारी, पोकलेन मशीन और हाईवा ट्रक के साथ मौके पर पहुंचे, जिससे क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बन गया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमित परिवारों ने स्वयं अपने घरों की एस्बेस्टस शीट, बांस-बल्लियां, लकड़ी और घरेलू सामान हटाना शुरू किया। इस दौरान रमाकांत यादव, रमेश यादव, संतोष यादव, नागेश्वर यादव, सुरेश यादव, शंभु यादव, मुसन यादव, बालचंद यादव सहित कई परिवार बेघर हो गए। बेघर हुए लोगों ने बताया कि वे पिछले लगभग 50 वर्षों से दुगदा रेलवे हॉल्ट के समीप रहकर दूध व्यवसाय के माध्यम से अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। रेलवे प्रशासन के अनुसार दुगदा रेलवे हॉल्ट के पश्चिमी दिशा में अंडरपास सड़क का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए रेलवे भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना आवश्यक था।

### सीआईएसएफ की बड़ी कार्रवाई: 3.83 टन अवैध कोयला और दो मोटरसाइकिल जब्त



**बेरमो।** सीआईएसएफ करगली इकाई ने बुधवार रात विशेष छापेमारी अभियान चलाकर 3.83 टन अवैध कोयला एवं दो मोटरसाइकिल जब्त की। यह कार्रवाई विभिन्न स्थानों पर की गई, जहां अवैध रूप से कोयले का भंडारण और परिवहन किया जा रहा था। सीआईएसएफ द्वारा ढोरी क्षेत्र के अमलो चेकपोस्ट और दीनदयाल चेक के बीच छापेमारी कर 1.62 टन अवैध कोयला जब्त किया गया। इसके अलावा कारीपानी ओबी स्टॉक से 0.80 टन तथा बीएंडके क्षेत्र के खासमहल स्थित केएमपी स्टोर के पास से 1.41 टन अवैध कोयला बरामद किया गया। जब्त किए गए समस्त कोयले को संबंधित प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया है। छापेमारी के दौरान अवैध कोयले के परिवहन में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल भी बरामद की गईं। इनमें एक मोटरसाइकिल का पंजीयन नंबर जेएच 09 एफ 3647 है, जबकि दूसरी मोटरसाइकिल बिना पंजीयन संख्या की थी।

### फुसरो नगर परिषद चुनाव की स्क्रूटनी में तीन प्रत्याशियों का नामांकन रद्द

# अध्यक्ष पद पर नौ और वार्ड पार्षद पद पर 136 उम्मीदवार शेष

चंद्रिका मार्तंड



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद चुनाव को लेकर गुरुवार को अध्यक्ष तथा वार्ड पार्षद पद के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। स्क्रूटनी के दौरान वार्ड पार्षद पद के तीन प्रत्याशियों का नामांकन अमान्य घोषित कर दिया गया। इनमें वार्ड संख्या 21 से शबाना परवीन, वार्ड संख्या 23 से मनोज कुमार सिंह और वार्ड संख्या 28 से कंचन देवी शामिल हैं। इसके बाद अब अध्यक्ष पद के लिए कुल नौ प्रत्याशी तथा वार्ड पार्षद पद के लिए 136 प्रत्याशी चुनावी मैदान में बचे हैं।

अध्यक्ष पद के नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी निवार्ची पदाधिकारी सह बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने सामान्य प्रेक्षक सादात अनवर की उपस्थिति में की। इस दौरान अध्यक्ष पद के सभी नौ प्रत्याशियों द्वारा दाखिल नामांकन पत्रों को वैध पाया गया। वहीं नगर परिषद क्षेत्र के सभी 28 वार्डों से दाखिल कुल 139 नामांकन पत्रों की जांच के क्रम में तीन प्रत्याशियों के प्रपत्रों में आवश्यक त्रुटियां पाए जाने के कारण उन्हें रद्द कर दिया गया। नामांकन रद्द किए जाने के कारणों में प्रस्तावक के हस्ताक्षर का नहीं होना, आवश्यक जानकारियों का अधूरा रहना तथा अन्य तकनीकी कमियां प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

स्क्रूटनी की प्रक्रिया के लिए अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पदों के लिए अलग-अलग निवार्ची पदाधिकारी और सहायक निवार्ची पदाधिकारी नियुक्त किए गए थे। अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों की स्क्रूटनी निवार्ची पदाधिकारी मुकेश मछुआ एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी कुमार कनिष्क ने की। वार्ड संख्या 1 से 7 तक के लिए निवार्ची पदाधिकारी बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी बिनोद प्रसाद, वार्ड संख्या 8 से 14 तक के लिए बेरमो अंचलाधिकारी संजीत कुमार सिंह एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, वार्ड संख्या 15 से 21 तक के लिए जरीडीह अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी मनोज कुमार बेदिया तथा वार्ड संख्या 22 से 28 तक के लिए चंद्रपुरा प्रखंड विकास पदाधिकारी ईश्वर दयाल कुमार महतो एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी निरंजन हांसदा ने नामांकन पत्रों की जांच की। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को प्रत्याशियों द्वारा नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित है। नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को सात फरवरी को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। इसके साथ ही चुनावी तस्वीर पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी।

नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी होते ही फुसरो नगर परिषद चुनाव का चुनावी माहौल और अधिक गरमा गया है। प्रत्याशी सक्रिय रूप से चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। वे डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चला रहे हैं और मतदाताओं से समर्थन की अपील कर रहे हैं। साथ ही सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत को लेकर दावे भी कर रहे हैं, जिससे नगर परिषद क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इधर फुसरो नगर परिषद चुनाव में वार्ड संख्या 23 सबसे अधिक चर्चा में बना हुआ है। इस वार्ड से कुल आठ उम्मीदवारों अनिता कुमारी, रमेश कुमार, नीरज कुमार बरनवाल, मनोज कुमार सिंह, केदार प्रसाद सिंह, राकेश कुमार, रोहित अग्रवाल और दीपक कुमार गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया था।

## फूस का घर जलकर खाक, ग्रामीणों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** बरमसिया ओपी क्षेत्र के अंतर्गत झालबरदा स्थित बोदुआ गांव में गुरुवार को भीषण अगलगी की घटना हुई, जिसमें एक गरीब परिवार की हजारों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। यह हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ जब बोदुआ निवासी हीरालाल महतो के फूस के घर से अचानक आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। सूनसान समय में लगी इस आग ने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की भयावहता देख स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत शोर मचाकर आसपास के लोगों को इकट्ठा किया। गांव वालों ने सक्रियता दिखाते हुए बाल्टियों और उपलब्ध संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया और इसे बगल के घरों में फैलने से रोक लिया। हालांकि, जब तक आग बुझती, तब तक घर के भीतर रखा सारा अनाज, कपड़े, बिस्तर और अन्य घरेलू कीमती सामान जलकर नष्ट हो चुका था। पीड़ित परिवार के अनुसार, इस घटना में उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही बरमसिया ओपी प्रभारी शैलेंद्र कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार से बात कर नुकसान का आकलन किया। फिलहाल आग लगने के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट या चूल्हे की चिंगारी से यह हादसा हुआ होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और राजस्व विभाग को मुआवजे के लिए रिपोर्ट भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## ढोरी क्षेत्र के पुरानाटांड़ विस्थापितों का हाइवाल आउटसोर्सिंग माइंस में विरोध प्रदर्शन, उत्पादन कार्य ठप

झारखंड दर्शन संवाददाता



**फुसरो।** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र की एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना से प्रभावित पुरानाटांड़ के विस्थापितों ने गुरुवार को बंद पड़ी हाइवाल आउटसोर्सिंग (मेंशोल कंपनी) माइंस में विरोध प्रदर्शन किया और उत्पादन कार्य को पूरी तरह रोक दिया। विस्थापितों के कड़े विरोध के कारण आउटसोर्सिंग कंपनी को हाइवाल माइनिंग मशीन वापस लौटानी पड़ी।।प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विस्थापितों लालमोहन यादव और राजेश गुप्ता ने कहा कि जब तक प्रबंधन विस्थापितों को उनकी जमीन के एवज में नियोजन और उचित मुआवजा उपलब्ध नहीं कराता, तब तक खदान को चालू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 1984 में सीसीएल द्वारा उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन अब तक न तो नौकरी दी गई और न ही मुआवजा का भुगतान किया गया है।

विस्थापितों ने यह भी कहा कि उन्होंने माइंस को असुरक्षित तरीके से संचालित किए जाने के विरोध में डीजीएमएस को आवेदन देकर खदान बंद कराने की मांग की थी। उनका आरोप है कि अमलो परियोजना के अंतर्गत संचालित हाइवाल माइनिंग माइंस में सुरक्षा नियमों को दरकिनार कर कार्य कराया जा रहा है, जिससे मजदूरों और स्थानीय लोगों की जान को खतरा बना हुआ है।

विस्थापितों का कहना है कि हाइवाल मशीन के माध्यम से घरों के नीचे से इंकलाइन बनाकर कोयला निकाला जा रहा है, जिससे भू-धंसान की आशंका लगातार बनी हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उनके अधिकार सुनिश्चित नहीं किए जाते, तब तक कोयला उत्पादन नहीं होने दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 25 दिसंबर को आउटसोर्सिंग हाइवाल माइनिंग माइंस में बोल्टर (पत्थर) की चपेट में आने से ठेका मजदूर, पंप ऑपरेटर हिमांशु राज की दर्दनाक मौत हो गई थी।

इस घटना के बाद डीजीएम, डीडीएमएस और डीएमएस द्वारा माइंस का निरीक्षण किया गया था और अगले आदेश तक उत्पादन कार्य पर रोक लगा दी गई थी। प्रदर्शन के दौरान मोहन यादव, भागीरथ करमाली, प्रकाश पंडित, बबली देवी, मंजू देवी, वासुदेव तुरी, धनवा देवी, अशोक भुईयां, पदमा देवी, बसंती देवी, सुनीता देवी, पवन तुरी सहित बड़ी संख्या में विस्थापित मौजूद थे।

## पीरटांड़ सामूहिक दुष्कर्म कांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, चार अभियुक्त गिरफ्तार



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के पीरटांड़ प्रखंड अंतर्गत हरलाडीह ओपी क्षेत्र के एक गांव में 25 जनवरी की रात दो नाबालिग आदिवासी बालिकाओं के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना का गिरिडीह पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि चार विधि-विरुद्ध किशोरों को निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से सात मोबाइल फोन एवं कपड़े बरामद किए गए हैं।।घटना 25 जनवरी की रात उस समय घटी, जब दोनों नाबालिग बालिकाएं जतरा मेला देखकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान आरोपियों ने अपराध को अंजाम दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए खुखरा (हरलाडीह) थाना में कांड संख्या 02/26, दिनांक 26 जनवरी 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धाराओं एवं पोक्सो अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

इस संबंध में गिरिडीह पुलिस अधीक्षक डॉ० विमल कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले के शीघ्र उद्भेदन के लिए डुमरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुमित प्रसाद के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान घटनास्थल पर श्वान दस्ता, रांची से आई विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम एवं तकनीकी शाखा को लगाया गया। अनुसंधान के आधार पर चार अभियुक्तों राजेश मुर्मू (26 वर्ष), रविलाल टुडू (23 वर्ष), संजय टुडू (21 वर्ष) एवं सोहन टुडू (23 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया है। सभी अभियुक्त अलग-अलग थाना क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं। वहीं एक फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## बगोदर थाना क्षेत्र में मिले अधजले महिला शव की गुत्थी सुलझी, पति व सास समेत सात गिरफ्तार



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कारीपहाड़ी जंगल में 30 जनवरी को एक अज्ञात महिला का अर्द्धजला शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए गिरिडीह पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर बगोदर-सरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनंजय राम के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में घटनास्थल पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम, श्वान दस्ता, फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ एवं तकनीकी शाखा को लगाया गया।।जांच के दौरान लापता महिलाओं से संबंधित सूचनाएं एकत्र की गईं, जिसमें डुमरी थाना क्षेत्र से 28 जनवरी 2026 को लापता हुई शाहिना प्रवीण का मामला सामने आया। परिजनों को घटनास्थल पर बुलाकर शव की पहचान कराई गई, जहां अर्द्धजले वस्त्र, शरीर पर पूर्व के निशान एवं घटनास्थल से प्राप्त चूड़ियों के आधार पर मृतका की पहचान शाहिना प्रवीण के रूप में की गई। वह डुमरी थाना क्षेत्र के चिनो गांव निवासी जाबीर अंसारी की पत्नी थी। मृतका के पिता ताहुल अंसारी के लिखित आवेदन के आधार पर बगोदर थाना कांड संख्या 20/26, दिनांक 30 जनवरी 2026 को भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत हत्या एवं साक्ष्य नष्ट करने का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर मृतका के पति जाबीर अंसारी एवं सास जैबुन निशा को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि पहचान छिपाने के उद्देश्य से हत्या के बाद शव को जला दिया गया।

## नेहरू उच्च विद्यालय तेलो के 2005 बैच के पूर्व छात्रों ने महादेवगढ़ा में आयोजित किया वनभोज सह मिलन समारोह



झारखंड दर्शन संवाददाता

**चंद्रपुरा।** चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत नेहरू उच्च विद्यालय तेलो के वर्ष 2005 बैच के पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा तेलो स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल महादेवगढ़ा के जमुनिया नदी तट पर वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। वर्षों बाद एक स्थान पर एकत्र हुए सभी पूर्व छात्रों में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने विद्यालयीन जीवन की पुरानी यादों को ताजा किया और पढ़ाई के दिनों से जुड़े अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में लव मंडल, कुश मंडल, अमित कुमार, दीपक दासौंधी, मुकेश कुमार, मनोज कुमार विश्वनाथ, मंटू कुमार, नीलकंठ कुमार, महताब अंसारी, सुभाष कुमार, सुरेश कुमार, अशोक कुमार, नारायण कुमार, विकास कुमार सहित अन्य पूर्व छात्र देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचकर शामिल हुए।।कार्यक्रम की शुरूआत आपसी परिचय एवं स्मृति-साझाकरण से हुई, जिसके बाद सामूहिक चर्चा, मनोरंजक खेलकूद और सौहार्दपूर्ण संवाद का आयोजन किया गया। सभी ने अपने-अपने जीवन की वर्तमान स्थिति, पारिवारिक जिम्मेदारियों और सामाजिक अनुभवों पर चर्चा की। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन, अनुशासन और संस्कारों को याद करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के पुनर्मिलन कार्यक्रम न केवल पुरानी मित्रताओं को मजबूत करते हैं, बल्कि सामाजिक एकता, सहयोग और आपसी भाईचारे की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम का समापन भविष्य में भी नियमित अंतराल पर ऐसे आयोजनों को करने के संकल्प के साथ हुआ।

### बोकारो के दुर्गा मैदान में सजेगा भक्ति का दरबार

# सुधांशु जी महाराज की भागवत कथा को लेकर तैयारियों ने पकड़ा जोर

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बोकारो।** औद्योगिक नगरी बोकारो के सेक्टर-3 स्थित दुर्गा मैदान में आगामी 17 फरवरी से 23 फरवरी तक आयोजित होने वाले श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। विश्वविख्यात कथावाचक सुधांशु जी महाराज के आगमन को देखते हुए आयोजन समिति द्वारा तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं।

सुजीत उपाध्याय के कुशल निर्देशन और मुरारी सिंह की अध्यक्षता में आयोजन समिति के तमाम सदस्य कार्यक्रम स्थल को भव्य और श्रद्धालुओं के अनुकूल बनाने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं, ताकि सात दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान में पहुँचने वाले हजारों श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी विजय कुमार पांडेय ने तैयारियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सुधांशु जी महाराज के स्वागत, आवास और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। कथा स्थल पर एक विशाल और आकर्षक पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें आधुनिक ध्वनि एवं प्रकाश प्रणाली के साथ-साथ स्वच्छता, पेयजल और सुचारू यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समिति का मुख्य उद्देश्य इस आयोजन को आध्यात्मिक शांति और सामाजिक सद्भाव का एक अनुपम केंद्र बनाना है, जहाँ श्रद्धालु पूरे अनुशासन के साथ कथा अमृत का पान कर सकें।

**समाज में आध्यात्मिक चेतना होगी जागृत : विजय**

मीडिया प्रभारी विजय कुमार पांडेय ने बताया कि इस धार्मिक महाकुंभ को सफल बनाने में वीरेंद्र कुमार चौबे, शैलेंद्र कुमार तिवारी, विनय कुमार तिवारी, संतोष कुमार, आर. के. मिश्रा और धर्मेंद्र कुमार सहित समिति के दर्जनों सदस्य पूरी निष्ठा और सामूहिक सहभागिता के साथ अपनी भूमिका निभा रहे हैं। आयोजन समिति का मानना है कि यह कथा न केवल आध्यात्मिक चेतना को जागृत करेगी, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों और आपसी भाईचारे को भी सुदृढ़ करेगी। समिति ने बोकारो वासियों सहित आसपास के क्षेत्रों के तमाम श्रद्धालुओं से इस भव्य ज्ञान यज्ञ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने की भावपूर्ण अपील की है।

# कलश यात्रा के साथ श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं 34वां वार्षिक गणेश मेला आरंभ

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत ढोरी बस्ती स्थित स्व-प्रकट बाबा गणपति धाम में गणेश चतुर्थी के अवसर पर गुरुवार से सात दिवसीय श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं 34वां वार्षिक गणेश मेला कलश यात्रा के साथ विधिवत आरंभ हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कलश यात्रा से पूर्व गणेश मंदिर परिसर में यज्ञाचार्य हीरालाल शास्त्री वेदाचार्य, हरिशरणम कुटीर बी देवघर, उपाचार्य पंकज शास्त्री, आचार्य आदित्य पांडेय, विकास पांडेय, आशुतोष पांडेय, राम किशोर पांडेय तथा मंदिर के पुजारी शिवशंकर पांडेय ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से निकलकर ढोरी बस्ती, राम रतन हाई स्कूल ढोरी, फुसरो बाजार, नया रोड होते हुए हिंदुस्तान पुल फुसरो स्थित दामोदर नदी तट पहुंची। वहां यज्ञाचार्य हीरालाल शास्त्री एवं अन्य आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उत्तरवाहिनी दामोदर नदी के पवित्र जल से कलशों में जल भरा गया।

जलाभिषेक के उपरांत कलश यात्रा नया रोड फुसरो और पटेल चौक होते हुए यज्ञ मंडप पहुंची, जहां विधिवत कलश स्थापना की गई। महायज्ञ के मुख्य यजमान विक्रांत शर्मा उर्फ मंटू एवं उनकी पत्नी किरण देवी रहे। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम, जय श्री गणेश और जय हनुमान के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। यात्रा में भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और हनुमान जी की आकर्षक झांकियां भी शामिल रहीं, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन पंचांग पूजन, वेदी पूजन, देवी-देवताओं का आह्वान, पाठ तथा संध्या आरती का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ की पूणार्हुति 11 फरवरी को होगी। वहीं गणेश मेले में टावर झूला, ड्रैगन झूला, ब्रेक डांस सहित विभिन्न प्रकार के मनोरंजन झूले, मीना बाजार तथा खाने-पीने की अनेक दुकानें सजाई गई हैं, जिससे मेला स्थल में उत्सव का माहौल बना हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### नगरपालिका चुनाव को लेकर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देशानुसार नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत धनबाद नगर निगम के 55 वार्ड तथा चिरकुंडा नगर परिषद के 21 वार्डों में होने वाले चुनाव को लेकर आज पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान के एक दिन पूर्व तथा मतदान के दिन किए जाने वाले सभी कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मुख्य प्रशिक्षक श्री दिलीप कुमार कर्ण ने बताया कि इस बार मतपत्र एवं मतपेटिका के माध्यम से दो पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। प्रत्येक मतदान दल में एक पीठासीन पदाधिकारी एवं चार मतदान पदाधिकारी शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि मतपत्रों में महापौर एवं अध्यक्ष पद के लिए गुलाबी रंग तथा वार्ड पार्षद एवं वार्ड सदस्य के लिए सफेद रंग का उपयोग किया जाएगा। अन्य मास्टर ट्रेनर राज कुमार वर्मा ने कहा कि मतदान केंद्र की पहचान सुनिश्चित करने के लिए मतपेटिका पर प्रपत्र 35 लगाना अनिवार्य होगा। मतदान समाप्ति के बाद सभी मतदान सामग्री को निर्धारित लिफाफों में रखकर संग्रहण केंद्र में जमा करने का निर्देश दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य मास्टर ट्रेनर संजय कुमार, कुमार वंदन, उमेश लाल, बृजभूषण पांडेय, देवेश त्रिवेदी, ब्रज किशोर चौबे, संतोष कुमार तथा उज्ज्वल तिवारी सहित अन्य प्रशिक्षकों ने विभिन्न कक्षों में पदाधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

### उप विकास आयुक्त ने गोविंदपुर आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने आज गोविंदपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही केंद्र को मॉडल आंगनबाड़ी के अनुरूप विकसित करने के लिए आवश्यक बिंदुओं की जानकारी भी प्राप्त की।।निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने केंद्र में उपस्थित बच्चों का वजन अपने समक्ष कराया तथा मोबाइल ऐप एवं रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों की जांच की। उन्होंने बच्चों को दी जा रही पोषण एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली और अभिलेखों के अद्यतन संधारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित सेविकाओं को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र बच्चों तक समय पर पहुंचे और केंद्र की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

### राजस्व वसूली को लेकर कोयला कंपनियों को 183.85 अरब रुपये जमा करने का नोटिस

**धनबाद।** जिला खनन विभाग ने राजस्व वसूली के तहत भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड मुगमा, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड चासनाला तथा टाटा स्टील लिमिटेड झरिया डिवीजन को कुल 183.85 अरब रुपये जमा करने का नोटिस जारी किया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित तिथि से 15 दिनों के भीतर राशि जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित कंपनियों के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी श्री रितेश राज तिग्गा ने बताया कि इन कंपनियों द्वारा वर्ष 2000 से 2010 के बीच निर्धारित अनुमति से अधिक क्षेत्र में कोयले का उत्खनन किया गया था। बीसीसीएल को विभिन्न एरिया की कोलियरियों के लिए कुल 17,337.87 करोड़ रुपये, टाटा स्टील झरिया डिवीजन को 385.19 करोड़ रुपये, ईसीएल मुगमा एरिया को 328.77 करोड़ रुपये तथा सेल चासनाला को 333.42 करोड़ रुपये का भुगतान करना है। कोयला कंपनियों का पक्ष भी सुना जा चुका है। दिसंबर माह तक सुनवाई प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन विभाग ने संबंधित कंपनियों के अधिकारियों को इस मामले से अवगत करा दिया है।

### भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान धनबाद में इसरो की 'स्पेस ऑन व्हील्स' बस का भव्य स्वागत

**धनबाद।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान धनबाद में गुरुवार को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति उत्साह का माहौल देखने को मिला, जब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की विशेष प्रदर्शनी बस स्पेस ऑन व्हील्स संस्थान परिसर में पहुंची। इस अवसर पर संस्थान के अधिकारियों और विद्यार्थियों ने बस का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा एवं खनन विभाग के तकनीकी अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि यह चलित प्रदर्शनी भारत द्वारा वर्ष 1947 के बाद से अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में की गई प्रगति और उपलब्धियों को दर्शाती है। बस के भीतर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के ऐतिहासिक अंतरिक्ष अभियानों के मॉडल लगाए गए हैं, जिन्होंने भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है।

## नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा धनबाद महानगर जिला कोर कमेटी की अतिआवश्यक बैठक संपन्न

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर जिला की कोर कमेटी की एक अतिआवश्यक बैठक गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय, धनबाद में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने की। बैठक में नगर निगम चुनाव के प्रभारी एवं झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पूर्व नेता अमर बाउरी, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक श्रीमती रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, सिंदरी विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी श्रीमती तारा देवी, नगर निगम चुनाव के संयोजक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष हरिप्रकाश लाटा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।।बैठक में नगर निगम चुनाव की तैयारियों को लेकर चुनाव प्रबंधन समिति के गठन, विधानसभा स्तरीय बैठकों, वार्ड स्तर पर संगठन को सक्रिय करने, जनसंपर्क अभियान, बूथ प्रबंधन तथा चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर देते हुए सभी मंडलों एवं मोर्चों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा अधिक से अधिक जनसमर्थन जुटाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी अमर बाउरी ने कहा कि नगर निगम चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध है। पार्टी धनबाद नगर निगम चुनाव में विकास, सुशासन और पारदर्शिता को मुख्य मुद्दा बनाकर जनता के बीच जाएगी और पूर्ण बहुमत के साथ नगर निगम में भाजपा की सरकार बनाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, समर्पण और एकजुटता के साथ चुनाव अभियान को तेज करने का आह्वान किया।

भाजपा समर्थित महापौर पद के प्रत्याशी संजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत, समर्पण और एकजुटता के बल पर धनबाद नगर निगम में भाजपा की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि जीत के बाद धनबाद को एक स्वच्छ, विकसित और आदर्श नगर निगम बनाने की दिशा में ठोस और प्रभावी कार्य किए जाएंगे। बैठक के अंत में जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरे मनोयोग और ऊर्जा के साथ चुनाव में जुटेगा और धनबाद नगर निगम में भाजपा का परचम लहराएगा। बैठक में कोर कमेटी के धर्मजीत सिंह, मानस प्रसून, धनेश्वर महतो, शेखर सिंह, बीरेंद्र हांसदा, जिला मंत्री सह मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, राजकिशोर जैना, नरेंद्र त्रिवेदी, रवि सिन्हा, पुरुषोत्तम रंजन, नित्यानंद मंडल, मनोज मिश्रा, अभिमन्यु कुमार, कपिलदेव पासवान, अजय दास, संजय झा, नितिन भट्ट, मिल्टन पार्थसार्थी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त ने तालाबों के सौंदर्यीकरण कार्य का लिया जायजा



झारखंड दर्शन संवाददाता

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने आज गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में डीएमएफटी मद से संचालित दो तालाबों के सौंदर्यीकरण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान रिजलीबंध में कार्य की प्रगति धीमी पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। संबंधित एजेंसी को कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण करने के आवश्यक निर्देश दिए इसके साथ ही उप विकास आयुक्त ने बरवाटांड़ पंचायत में निमार्णाधीन तालाब कार्य का निरीक्षण किया। स्वीकृत प्रावधानों के अनुरूप कार्य को शीघ्र पूर्ण कर हस्तांतरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। भ्रमण के अगले चरण में नवाटांड़ पंचायत में प्रस्तावित मॉडल स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। आंगनवाड़ी सेविका को पोषण ट्रैकर नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए। वहीं विद्यालय परिसर में साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा प्रभारी प्रधानाचार्य से विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने गोरटोपा पंचायत स्थित गोविंदपुर किसान साथी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का भ्रमण कर किसानों को हरसंभव सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिया।

## जीवन विज्ञान विभाग, बीबीएमकेयू, धनबाद में विश्व कैंसर जागरूकता दिवस का आयोजन

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के जीवन विज्ञान विभाग द्वारा गुरुवार को विश्व कैंसर जागरूकता दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर के प्रति समाज में जन-जागरूकता फैलाना, इसके कारणों, रोकथाम के उपायों तथा शीघ्र पहचान के महत्व को स्पष्ट करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय कुलपति डॉ० राम कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में खाद्य पदार्थों में मिलावट और रासायनिक संरक्षकों का बढ़ता उपयोग मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि असंतुलित आहार और अस्वस्थ जीवनशैली कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को बढ़ावा देती है। उन्होंने सभी से प्राकृतिक, संतुलित एवं पोषक आहार अपनाने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। कुलपति ने यह भी कहा कि सजगता और समय रहते रोकथाम के माध्यम से कैंसर जैसी बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विशेषज्ञ व्याख्यान सत्र में डॉ० मधुश्री ने स्तन कैंसर तथा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाओं में इन कैंसरों की समय पर पहचान अत्यंत आवश्यक है और नियमित जांच से जान बचाई जा सकती है। उन्होंने प्रारंभिक लक्षणों को पहचानने और समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने पर विशेष जोर दिया।

## स्क्रुटनी के बाद धनबाद नगर निगम महापौर पद के तीन प्रत्याशियों का नामांकन रद्द, 30 उम्मीदवार मैदान में बचे

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** नगर निकाय चुनाव के तहत धनबाद नगर निगम के महापौर पद के लिए दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की गुरुवार को गहन जांच की गई। यह स्क्रुटनी सामान्य प्रेक्षक रोबिन टोप्पो की उपस्थिति में निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार द्वारा संपन्न कराई गई। इस प्रक्रिया में सहायक निवार्ची पदाधिकारी बाल किशोर महतो एवं विशाल कुमार पांडेय भी उपस्थित रहे। स्क्रुटनी के दौरान नामांकन पत्रों के साथ संलग्न दस्तावेजों, शपथ पत्रों, जाति प्रमाण पत्र, प्रस्तावक से संबंधित विवरण एवं अन्य वैधानिक प्रक्रियाओं की बारीकी से जांच की गई। जांच के उपरांत श्री अखिलेश्वर महतो, डॉ० सुशील कुमार एवं सुश्री पुष्पा कुमारी का नामांकन पत्र नियमों के अनुरूप नहीं पाए जाने के कारण रद्द कर दिया गया। महापौर पद के लिए कुल 33 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिनमें से स्क्रुटनी के बाद 30 प्रत्याशियों का नामांकन वैध पाया गया। अब चुनावी मैदान में जिन प्रत्याशियों का नामांकन स्वीकृत हुआ है, उनमें अमित कुमार अग्रवाल, आकाश दुसाध, श्रीमती इंदु देवी, उमेश पासवान, श्रीमती कुसुम देवी, चंद्रशेखर अग्रवाल, जावेद इकबाल, दिलीप कुमार, दीनानाथ ठाकुर, नवल किशोर पासवान, श्रीमती नीलम मिश्रा, मोहम्मद परवेज खान, प्रकाश कुमार, बिनोद कुमार सिंह, भृगुनाथ भगत, मुकेश कुमार पांडेय, योगेंद्र प्रधान, रवि चौधरी, रवि बुंदेला, राजकुमार कनौजिया, राम विनय सिंह, राहुल कुमार चौहान, मोहम्मद रुस्तम अंसारी, श्रीमती लक्ष्मी देवी, शमशेर आलम अंसारी, शांतनु कुमार चंद्रा, श्रीमती शिल्पी शर्मा, संजीव कुमार।

## मेयर प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल का सिंदरी दौरा, पूजा-अर्चना के साथ जनसंपर्क तेज



झारखंड दर्शन संवाददाता

**सिंदरी/धनबाद।** धनबाद नगर निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल लगातार गर्म होता जा रहा है। महापौर पद अनारक्षित होने के कारण संभावित उम्मीदवारों की संख्या बढ़ गई है। प्रमुख राजनीतिक दलों के समर्थन से प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतर रहे हैं और जनता से संपर्क साधने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने इस बार भाजपा का साथ छोड़कर सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थन से मेयर पद के लिए चुनावी ताल ठोकी है। गुरुवार को वे सिंदरी पहुंचे और अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। सिंदरी पहुंचने के बाद चंद्रशेखर अग्रवाल ने सर्वप्रथम साईं मंदिर और गुरुद्वारा साहिब में पूजा-अर्चना कर भगवान से जीत का आशीर्वाद मांगा। इसके बाद उन्होंने स्थानीय लोगों और समर्थकों से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। जनसंपर्क अभियान के तहत उन्होंने कुंवर सिंह समिति के अध्यक्ष कातीं सिंह एवं प्रशांत पांडेय के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की। प्रेस को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर अग्रवाल ने स्वयं को एक अनुभवी, विश्वसनीय और समाजहितैषी नेता बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूर्व कार्यकाल में कई विकास कार्य किए हैं और आगे भी धनबाद शहर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि पूजा-अर्चना का उद्देश्य केवल आध्यात्मिक आशीर्वाद लेना ही नहीं, बल्कि जनता और समर्थकों के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कर संवाद स्थापित करना भी है।

## वार्ड 53 से रमेश शर्मा ने किया नामांकन, बोले- वार्ड को बनाएंगे आदर्श मॉडल



झारखंड दर्शन संवाददाता

**सिंदरी।** नगर निगम चुनाव को लेकर सिंदरी क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में वार्ड संख्या 53 से प्रत्याशी रमेश शर्मा ने बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान समर्थकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। नारेबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ वे धनबाद स्थित नामांकन केंद्र पहुंचे।

नामांकन के बाद रमेश शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं है, बल्कि वार्ड संख्या 53 को एक आदर्श और विकसित वार्ड के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने ह्यवार्ड विकास संकल्पह्न के साथ चुनावी मैदान में उतरते हुए अपनी मजबूत दावेदारी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि पद पर न रहते हुए भी वे लगातार जनता के बीच सक्रिय रहे हैं और वार्डवासियों के सुख-दुख में भागीदारी निभाते आए हैं। जनता के साथ उनका रिश्ता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि पारिवारिक है, जो उन्हें लगातार सेवा के लिए प्रेरित करता है। चुनावी चुनौतियों के संबंध में उन्होंने आत्मविश्वास के साथ कहा कि उन्हें वार्ड की जनता का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि पिछले पांच वर्षों में बुनियादी ढांचे, सड़क, नाली, पेयजल, बिजली और जनसुविधाओं से जुड़े जो भी कार्य किए गए हैं, जनता उस पर अपनी मुहर लगाएगी। रमेश शर्मा ने कहा कि वे हमेशा गरीब, असहाय, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के हित में कार्य करते रहे हैं। मैं वार्ड का बेटा और भाई बनकर सेवा करूंगा।

## सिंदरी भाजपा उपाध्यक्ष सरदार गुरदेव सिंह के श्रद्धाकर्म में तारा देवी ने दी श्रद्धांजलि



झारखंड दर्शन संवाददाता

**सिंदरी/धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी सिंदरी मंडल के उपाध्यक्ष रहे स्वर्गीय सरदार गुरदेव सिंह के श्रद्धाकर्म कार्यक्रम में गुरुवार को पूर्व सिंदरी भाजपा विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी एवं भाजपा की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती तारा देवी शामिल हुईं। वे सिंदरी स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचीं और दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर श्रीमती तारा देवी ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेककर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए अरदास की। इसके बाद उन्होंने स्वर्गीय सरदार गुरदेव सिंह के चित्र पर पुष्पहार अर्पित किया तथा शोकाकुल परिवार से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गुरदेव सिंह भाजपा के समर्पित, कर्मठ और कद्दावर कार्यकर्ता थे। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। श्रीमती तारा देवी ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा भाजपा परिवार गुरदेव सिंह के परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गुरदेव सिंह का जीवन पार्टी और समाज सेवा को समर्पित रहा। उनके योगदान से आने वाली पीढ़ियां सदैव प्रेरणा लेती रहेंगी। श्रद्धाकर्म कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय गणमान्य लोग एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

## धनबाद नगर निगम चुनाव को जबरन दलगत बनाने का प्रयास, जनता को बरगलाने और फंडिंग के खेल के आरोप

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद चुनाव को लेकर जिले का सियासी माहौल लगातार गरमाता जा रहा है। स्थानीय निकाय चुनाव होने के बावजूद इसे जबरन राजनीतिक दलों के स्तर का बनाने की कोशिश की जा रही है, जिससे आम जनता को गुमराह करने का आरोप लग रहा है। राजनीतिक गतिविधियों और बयानों ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या नगर निगम जैसे स्थानीय चुनाव अब विकास और जनसुविधाओं की जगह राजनीतिक स्वार्थ और रणनीति का मंच बनते जा रहे हैं।

इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी ने धनबाद के हाउसिंग कॉलोनी स्थित अपने कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर नगर निगम और नगर परिषद चुनाव को लेकर अपना रुख स्पष्ट किया।

इस प्रेस वार्ता में धनबाद जिला पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के चेयरमैन संतोष कुमार सिंह ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि धनबाद नगर निगम चुनाव में महापौर पद के उम्मीदवार शमशेर आलम को कांग्रेस पार्टी समर्थन देगी। वहीं चिरकुंडा नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मुरली तुरी की पत्नी मालती देवी को कांग्रेस का समर्थन रहेगा। इस घोषणा के बाद चुनावी माहौल और अधिक राजनीतिक रंग में रंगता नजर आने लगा है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि नगर निगम और नगर परिषद चुनाव का मुख्य उद्देश्य शहर और कस्बों के बुनियादी विकास से जुड़ा होता है।

इसमें साफ-सफाई, सड़क, पेयजल, नाली व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, कचरा प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं जैसे मुद्दे प्राथमिकता में होने चाहिए। लेकिन जब इन चुनावों में बड़े राजनीतिक दल खुलकर हस्तक्षेप करते हैं और प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समर्थन की घोषणाएं करते हैं, तो आम मतदाता का ध्यान मूल समस्याओं से हटकर दलगत राजनीति की ओर चला जाता है। चुनाव आयोग द्वारा पहले ही यह स्पष्ट किया जा चुका है कि नगर निकाय चुनाव किसी भी राजनीतिक दल के आधार पर नहीं कराए जाते हैं और न ही किसी प्रत्याशी को राजनीतिक दल का झंडा या चुनाव चिह्न इस्तेमाल करने की अनुमति है। इसके बावजूद लगभग सभी राजनीतिक दल अपने-अपने समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा खुलेआम कर रहे हैं। इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह आचार संहिता की भावना के विपरीत नहीं है और क्या इससे चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित नहीं होती। चुनावी चचाओं के बीच पार्टी प्रत्याशी या पार्टी समर्थन के नाम पर फंडिंग के खेल के आरोप भी सामने आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि कुछ राजनीतिक दल या उनसे जुड़े लोग टिकट या समर्थन दिलाने के नाम पर प्रत्याशियों से मोटी रकम वसूल रहे हैं।

## वार्ड 53 से बलराम महतो ने दाखिल किया नामांकन, विकास को बताया प्राथमिकता

झारखंड दर्शन संवाददाता



**सिंदरी।** नगर निगम चुनाव के मद्देनजर वार्ड संख्या 53 से बलराम महतो ने भी बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। नारेबाजी के बीच वे धनबाद स्थित नामांकन केंद्र पहुंचे। नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बलराम महतो ने कहा कि उनका लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं है, बल्कि वार्ड 53 को एक स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित वार्ड के रूप में स्थापित करना है।

उन्होंने कहा कि पद पर न रहते हुए भी वे लगातार जनता के बीच रहे हैं और हर सुख-दुख में लोगों के साथ खड़े रहे हैं। वार्ड की जनता से उनका रिश्ता पारिवारिक है, जो उन्हें जनता की सेवा के लिए मजबूती देता है। उन्होंने कहा कि उन्हें जनता का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है। पिछले पांच वर्षों में जो विकास कार्य हुए हैं, उन कार्यों के आधार पर जनता इस बार भी भरोसा जताएगी। बलराम महतो ने कहा कि वे गरीबों, असहायों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए लगातार कार्य करते आए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि जनता ने उन्हें मौका दिया तो वे वार्ड का बेटा और भाई बनकर ईमानदारी से सेवा करेंगे और वार्ड की तस्वीर व तकदीर बदलने का हर संभव प्रयास करेंगे।

## सुभाषितम्

**अपनी खुशियों की प्रत्येक पल का आनंद लें क्योंकि यह बुढ़ापे का अच्छा सहारा है - क्रस्टोफर मोल**

## विदेश नीति : भरोसा, मानवता और राष्ट्रीय हित की परीक्षा

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

भारत सरकार के केंद्रीय बजट 2026-27 में विदेश मंत्रालय के लिए 22,118 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। इस बजट में नेपाल को 800 करोड़ रुपये, श्रीलंका को 400 करोड़ रुपये, भूटान को सबसे भरोसेमंद पड़ोसी मानते हुए 2,289 करोड़ रुपये तथा अफगानिस्तान को 150 करोड़ रुपये मानवीय सहायता के रूप में दिए जाने का प्रावधान किया गया है। यह तथ्य भारत की विदेश नीति की कूटनीतिक प्राथमिकताओं को तो रेखांकित करता है, साथ ही कई गंभीर प्रश्न भी खड़े करता है। क्या यह आवंटन घरेलू जरूरतों के अनुरूप है? क्या भरोसे के आधार पर किया गया निवेश ठोस परिणाम देगा? विदेश के लिए 22,118 करोड़ रुपये का आवंटन यह संकेत देता है कि भारत वैश्विक मंच पर अधिक सक्रिय और प्रभावशाली भूमिका निभाने की महत्वाकांक्षा रखता है। 'पड़ोसी पहले', 'एक्ट ईस्ट', 'इंडो-पैसिफिक' और 'वैश्विक दक्षिण' जैसी नीतियां इस आकांक्षा का वैचारिक आधार हैं। परंतु हमें यह देखना भी आवश?यक है कि क्या यह बढ़ा हुआ व्यय केवल कूटनीतिक विस्तार का प्रतीक है या वास्तव में राष्ट्रीय हितों में ठोस परिणाम देगा? भूटान को 2,289 करोड़ रुपये का आवंटन यह दशार्ता है कि भारत उसे अपना सबसे भरोसेमंद पड़ोसी मानता है। भारत-भूटान संबंध पारंपरिक रूप से मित्रतापूर्ण और स्थिर रहे हैं। जलविद्युत परियोजनाओं, सुरक्षा सहयोग और आर्थिक सहायता के माध्यम से भारत ने भूटान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि आलोचक यह प्रश्न उठाते रहे हैं कि क्या लगातार बड़ी आर्थिक सहायता से भूटान की आत्मनिर्भरता प्रभावित नहीं होती? क्या यह रिश्ता सहयोग से आगे बढ़कर निर्भरता की ओर तो नहीं जा रहा? यदि सहायता का उपयोग केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित रह जाए और स्थानीय क्षमता निर्माण पर ध्यान न दिया जाए, तो दीर्घकाल में यह भारत और भूटान- दोनों के लिए चुनौती बन सकता है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि यहां भारत एक अच्छे पड़ोसी की भूमिका निभा रहा है। नेपाल को 800 करोड़ रुपये का आवंटन भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति का प्रमुख उदाहरण है। भारत और नेपाल के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध अत्यंत गहरे हैं। खुली सीमा और पारिवारिक रिश्ते इस संबंध को विशिष्ट बनाते हैं। हालांकि यह इसमें सचाई है कि नेपाल में चीन की बढ़ती दखलंदाजी भारत के लिए रणनीतिक चिंता का विषय रही है।

प्रश्न यह है कि क्या आर्थिक सहायता से नेपाल में भारत के प्रति विश्वास और सहयोग स्थायी रूप से बढ़ा है? पूर्व में नेपाल की आंतरिक राजनीति में भारत-विरोधी स्वर उभरते रहे हैं, जिससे यह संदेह पैदा होता है कि केवल वित्तीय सहायता कूटनीतिक विश्वास स्थापित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। सहायता के साथ-साथ सम्मानजनक संवाद और आपसी हितों का संतुलन भी आवश्यक है। श्रीलंका को 400 करोड़ रुपये का आवंटन उसके हालिया आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि में देखा जा सकता है। संकट के समय भारत ने सहायता देकर एक जिम्मेदार पड़ोसी की भूमिका निभाई, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा भी गया। यह सहायता मानवीय दृष्टि से उचित प्रतीत होती है। लेकिन प्रश्न यह है कि यह सहायता दीर्घकालिक रणनीतिक लाभ में परिवर्तित होगी? श्रीलंका में चीन की आर्थिक और रणनीतिक उपस्थिति पहले से मजबूत है। यदि भारतीय सहायता केवल संकट-प्रबंधन तक सीमित रह जाती है तो इससे भारत के भू-राजनीतिक हितों को अपेक्षित मजबूती नहीं मिल पाएगी। अन्य पड़ोसी देश अफगानिस्तान को 150 करोड़ रुपये की मानवीय सहायता भारत की नैतिक और मानवीय प्रतिबद्धता को दशार्ती है। राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट और मानवीय त्रासदी के बीच अफगान जनता को सहायता देना अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी के अनुरूप है।

भारत की घरेलू परिस्थितियां देखें तो देश आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। सरकारी स्कूलों और अस्पतालों की स्थिति, युवाओं में बेरोजगारी और महंगाई का दबाव आम नागरिक की रोजमर्रा की चिंता है। ऐसे में विदेश मंत्रालय के लिए 22,118 करोड़ रुपये और पड़ोसी देशों को दी जा रही बड़ी सहायता यह सवाल उठाती है कि क्या प्राथमिकताओं का संतुलन सही है? लोकतंत्र में सरकारी व्यय की वैधता पारदर्शिता और जवाबदेही पर निर्भर करती है। विदेश सहायता के मामलों में यह और भी आवश्यक हो जाता है, क्योंकि इसका प्रत्यक्ष लाभ आम नागरिक को तुरंत दिखाई नहीं देता। इसलिए यह स्पष्ट होना चाहिए कि इन राशियों का उपयोग किन परियोजनाओं में होगा, उनकी निगरानी कैसे होगी और असफलता की स्थिति में जिम्मेदारी किसकी होगी। वास्तविकता तो यह है कि 2026-27 के बजट में विदेश मंत्रालय को 22,118 करोड़ रुपये का आवंटन और उसमें नेपाल, श्रीलंका, भूटान तथा अफगानिस्तान के लिए निर्धारित सहायता भारत की सक्रिय और महत्वाकांक्षी विदेश नीति को दशार्ती है।

**बोकारो की चिंता...**

# नॉर्मल डिलीवरी से सिजेरियन की ओर बढ़ता बोकारो, स्वास्थ्य या व्यवसाय?



**विनय कुमार तिवारी**

बोकारो में यदि आज से करीब दो दशक पीछे झांकें तो तस्वीर बिल्कुल अलग दिखाई देती है। उस समय प्रसव एक स्वाभाविक प्रक्रिया मानी जाती थी। लगभग 95 प्रतिशत महिलाएं नॉर्मल डिलीवरी के जरिए मां बनती थीं और सिजेरियन ऑपरेशन केवल उन्हीं मामलों में किया जाता था, जहां वास्तव में मां या बच्चे की जान को खतरा होता था। आज हालात लगभग उलट चुके हैं। अब यह चर्चा आम है कि बोकारो में केवल 5 प्रतिशत महिलाओं की ही नॉर्मल डिलीवरी हो पा रही है, जबकि शेष अधिकांश मामलों में सिजेरियन किया जा रहा है। यह बदलाव केवल चिकित्सा विज्ञान की उन्नति का परिणाम है या इसके पीछे स्वास्थ्य सेवाओं का बढ़ता व्यवसायीकरण भी एक बड़ी सच्चाई है। यह सवाल अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पिछले बीस वर्षों में बोकारो का सामाजिक और आर्थिक स्वरूप तेजी से बदला है। औद्योगिक शहर होने के कारण यहां मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा परिवारों की संख्या बढ़ी है। इसी के साथ निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम और मैटरनिटी सेंटर्स की बाढ़ आ गई है। आधुनिक सुविधाएं, चमचमाते कमरे, एसी वार्ड और 'सेफ डिलीवरी पैकेज' जैसे शब्दों ने स्वास्थ्य को एक सेवा से ज्यादा एक उत्पाद की तरह पेश करना शुरू कर दिया है। इस माहौल में सिजेरियन डिलीवरी धीरे-धीरे एक असाधारण प्रक्रिया से सामान्य विकल्प बनती चली गई। चिकित्सकीय रूप से सिजेरियन एक महत्वपूर्ण और जीवनरक्षक प्रक्रिया है। जब गर्भ में बच्चे की स्थिति ठीक न हो, मां को गंभीर स्वास्थ्य समस्या हो या नॉर्मल डिलीवरी से जान को खतरा हो, तब सिजेरियन वरदान साबित होता है। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब यह प्रक्रिया जरूरत से ज्यादा, बिना ठोस चिकित्सकीय कारणों के की जाने लगे। बोकारो सहित देश के कई शहरों में निजी अस्पतालों में सिजेरियन की दर सरकारी अस्पतालों की तुलना में कई गुना अधिक है। यह अंतर अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। स्वास्थ्य सेवाओं के व्यवसायीकरण का सबसे बड़ा संकेत आर्थिक ढांचे में दिखता है। नॉर्मल डिलीवरी में डॉक्टर को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। कई घंटों तक मरीज की निगरानी करनी होती है, स्टाफ की जरूरत ज्यादा होती है और परिणाम अनिश्चित रहता है। इसके विपरीत सिजेरियन एक तय समय में होने वाली प्रक्रिया है।

डॉक्टर अपने समय को बेहतर ढंग से मैनेज कर सकते हैं और अस्पताल के लिए भी यह अधिक लाभकारी साबित होती है, क्योंकि ऑपरेशन थिएटर, एनेस्थीसिया, दवाइयों और लंबे अस्पताल प्रवास के कारण बिल कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या हर सिजेरियन वास्तव में जरूरी है या कहीं न कहीं सुविधा और मुनाफा भी फैसले को प्रभावित कर रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में डर और भ्रांति की भी बड़ी भूमिका है। आज की गर्भवती महिलाएं पहले से अधिक जानकारी रखती हैं, लेकिन साथ ही अधिक भयभीत भी हैं। इंटरनेट, सोशल मीडिया और निजी अस्पतालों की काउंसलिंग ने नॉर्मल डिलीवरी को लेकर कई तरह के डर पैदा कर दिए हैं।

दर्द का भय, बच्चे की सुरक्षा को लेकर चिंता और 'रिस्क न लेने' की सलाह ने महिलाओं और उनके परिवारों को मानसिक रूप से सिजेरियन के लिए तैयार कर दिया है। धीरे-धीरे यह धारणा बनने लगी है कि नॉर्मल डिलीवरी पुरानी और जोखिमभरी है, जबकि सिजेरियन आधुनिक और सुरक्षित। जबकि सच्चाई यह है कि बिना जरूरत किया गया सिजेरियन भी उतना ही जोखिम भरा हो सकता है। महिलाओं के शरीर पर इसका प्रभाव लंबे समय तक पड़ता है। सिजेरियन एक बड़ा ऑपरेशन है, जिसके बाद रिकवरी में अधिक समय लगता है। संक्रमण, लंबे समय तक दर्द, कमजोरी और अगली गर्भावस्था में जटिलताओं की संभावना बढ़ जाती है। कई मामलों में मानसिक तनाव और पोस्ट-पार्टम डिप्रेशन भी देखा गया है। इसके विपरीत नॉर्मल डिलीवरी के बाद महिला अपेक्षाकृत जल्दी सामान्य जीवन में लौट आती है और मां-बच्चे के बीच प्राकृतिक जुड़ाव भी बेहतर होता है।

इसके बावजूद जब सिजेरियन को ह्लनॉर्मलह्व बना दिया जाता है, तो यह महिलाओं के शरीर पर अनावश्यक चिकित्सकीय हस्तक्षेप जैसा महसूस होता है। सरकारी और निजी स्वास्थ्य व्यवस्था के बीच का फर्क भी इस मुद्दे को समझने में मदद करता है। बोकारो के सरकारी अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आज भी नॉर्मल डिलीवरी को प्राथमिकता दी जाती है। जननी सुरक्षा योजना और अन्य सरकारी कार्यक्रमों का उद्देश्य भी यही है कि सुरक्षित और प्राकृतिक प्रसव को बढ़ावा मिले। लेकिन संसाधनों की कमी, डॉक्टरों और नर्सों का अभाव, अव्यवस्था और भीड़ के कारण कई महिलाएं मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करती हैं। वहां उन्हें सुविधाएं तो मिलती हैं, लेकिन साथ ही सिजेरियन की संभावना भी काफी बढ़ जाती है। डॉक्टरों की भूमिका को भी एकतरफा दोष के रूप में नहीं देखा जा सकता। आज चिकित्सा पेशा कानूनी और सामाजिक दबावों से घिरा हुआ है। जरा सी जटिलता पर कानूनी कार्रवाई का डर, परिवार की ओर से 'कुछ भी हो जाए, बच्चा सुरक्षित रहे' का दबाव और समय की कमी कई डॉक्टरों को सिजेरियन की ओर झुकने पर मजबूर कर देती है। कई बार यह निर्णय सुरक्षा के नाम पर लिया जाता है, लेकिन जब यह प्रवृत्ति व्यापक हो जाय तो यह व्यक्तिगत नहीं, बल्कि व्यवस्था की समस्या बन जाती है। समाज की सोच भी इस बदलाव की बड़ी वजह है। आज दर्द सहने को कमजोरी से जोड़ा जाने लगा है। शुभ मुहूर्त में बच्चे के जन्म की इच्छा, जल्दी डिस्चार्ज होकर घर लौटने की सुविधा और आधुनिकता की चाह ने भी नॉर्मल डिलीवरी को पीछे धकेल दिया है। परिवार अक्सर यह मान लेते हैं कि ऑपरेशन ह्लआसान रास्ताह्व है, बिना यह समझे कि यह भी अपने आप में एक बड़ा जोखिम है। इस पूरी स्थिति को केवल आलोचना की नजर से देखने के बजाय समाधान की दिशा में सोचना जरूरी है।

महिलाओं और परिवारों को नॉर्मल डिलीवरी के लाभ और सिजेरियन के वास्तविक जोखिमों की सही और संतुलित जानकारी दी जानी चाहिए। निजी अस्पतालों में सिजेरियन की दर पर निगरानी और पारदर्शिता जरूरी है। सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत किया जाना चाहिए ताकि लोग मजबूरी में महंगे निजी अस्पतालों की ओर न जाएं। साथ ही डॉक्टरों को भी ऐसा वातावरण और कानूनी सुरक्षा मिलनी चाहिए, जिसमें वे बिना डर के सही चिकित्सकीय निर्णय ले सकें।

यह कहा जा सकता है कि बोकारो में नॉर्मल डिलीवरी से सिजेरियन की ओर बढ़ता झुकाव केवल चिकित्सा का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य सेवाओं के व्यवसायीकरण, सामाजिक सोच और व्यवस्था की कमजोरियों का संयुक्त परिणाम है। सिजेरियन न तो पूरी तरह गलत है और न ही हर समस्या का समाधान। असली जरूरत संतुलन की है, जहां चिकित्सा विज्ञान मानवता और सेवा भावना के साथ चले, न कि केवल बाजार की मांग पर। अगर आज इस प्रवृत्ति पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में नॉर्मल डिलीवरी एक अपवाद बनकर रह जाएगी और यह समाज के लिए एक चिंताजनक संकेत होगा।

## भारत के लिए ये निवेश, विकास और तकनीकी क्रांति का वक्त है



**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत आज वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। वैश्विक परिसंपत्ति प्रबंधन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ब्लैक रॉक के अध्यक्ष और सीईओ लैरी फिंक के हालिया बयान ने भारत के संदर्भ में जो कहा है, उसने आज हर भारतीय को गर्व और आशा से भर दिया है। फिंक के अनुसार आगामी दशक भारतीय अर्थव्यवस्था के के लिए सफलता भरा है, यह भारत का युग होगा, जिसमें देश की जीडीपी हर साल 8-10 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। वस्तुतः फिंक ने भारतीयों से अपने पैसे को केवल बैंक जमा में रखने के बजाय पूंजी बाजारों में निवेश करने की सलाह दी है। इसके लिए उन्होंने अमेरिका का उदाहरण चुना और बताया कि कैसे पूंजी बाजारों में निवेश करने वालों को चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में लंबी अवधि में बैंक बचत से कहीं अधिक लाभ वहां हुआ। यह भारतीय निवेशकों के लिए संदेश भी है कि समय रहते निवेश करना दीर्घकालिक समृद्धि का मार्ग है। कहना होगा कि भारत की आर्थिक सफलता आज डिजिटल क्रांति, 5जी कनेक्टिविटी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्टार्टअप इकोसिस्टम से तेजी से आगे बढ़ रही है। इन सभी कारणों ने भारत को वैश्विक तकनीकी नक्शे पर अग्रणी बना दिया है। आज भारत में 5जी नेटवर्क लगभग सभी गांवों तक पहुंच चुका है, जिसे आप दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले कहीं अधिक व्यापक और किफायती मान सकते हैं।

इस तकनीकी आधार ने व्यवसायों को नई दिशा दी है, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और वित्तीय सेवाओं तक लोगों की पहुंच भी बढ़ाई है। इस संदर्भ में रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी का कथन भी उल्लेखित है, उन्होंने अपने आर्थिक आंकड़ों एवं देश में जिस तरह से नई-नई कंपनियां एवं प्रतिभाएं उभर रही हैं, उसके आधार पर बताया है कि भारत में नए स्टार्टअप्स और व्यवसायिक अवसरों की बाढ़ आने से शीघ्र ही देश में 100 नई रिलायंस जैसी कंपनियां उभरेंगी। निश्चित ही यह तथ्य हमारे लिए बहुत आशा जगाता है। वहीं अंबानी ने ध्यान दिलाया कि पिछले साल भारतीयों ने सोने में 60 अरब डॉलर और चांदी में 15 अरब डॉलर का निवेश किया। जोकि सीधे तौर पर भारतीयों की सुरक्षा की भावना को दशार्ता है। साथ ही मुकेश अंबानी ने तो भारतीयों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता से डरने की बजाय इसे अपनाने की सलाह दी। एआई के माध्यम से भारत के 20 करोड़ बच्चों की शिक्षा में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और कराधान प्रक्रियाओं में दक्षता लाना संभव है। यह एक संकेत है कि भारत में तकनीक केवल व्यवसाय या उद्योग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और मानव विकास का एक प्रमुख आधार भी बन रही है। यह भी एक तथ्य है कि देश में जियो फाइनेंशियल सर्विसेज और ब्लैक रॉक की साझेदारी ने निवेशकों के लिए एक नया मंच तैयार किया है। पिछले सात महीनों में, उनके फंड ने 10 लाख निवेशकों को जोड़ा, जिनमें से एक चौथाई निवेशकों ने पहली बार म्यूचुअल फंड में निवेश किया। वस?तुतः यह दशार्ता है कि भारतीय निवेशक अब वित्तीय साक्षरता और लंबी अवधि के निवेश के महत्व को समझने लगे हैं। केवी कामथ, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के चेयरमैन की भी एक भविष्यवाणी हमारे सामने है, जिसके अनुसार आने वाले पांच वर्षों में म्यूचुअल फंडों के तहत परिसंपत्तियों की कुल मात्रा 80 लाख करोड़ रुपये से दोगुनी हो जाएगी। यह न सिर्फ भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत है, बल्कि यह दशार्ता है कि वित्तीय बाजारों में भागीदारी बढ़ाने के लिए सही समय अभी है।

विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़े भी भारत की स्थिति की पुष्टि करते हैं। भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश के अनुपात में बढ़ोतरी हो रही है। उदाहरण के लिए, सरकार ने 2025-26 में शिक्षा और कौशल विकास पर लगभग 10 प्रतिशत अधिक बजट आवंटित किया, जिससे युवाओं को रोजगार और नवाचार के नए अवसर मिल रहे हैं। भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। अगले दशक में, भारत ऊर्जा जरूरतों का 80 प्रतिशत आयात करने वाला देश नहीं रहेगा। अक्षय ऊर्जा, सौर ऊर्जा परियोजनाएं, और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे नवाचार इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ ही, भारत का ग्रीन एनर्जी निवेश वर्तमान में 20 अरब डॉलर से अधिक है, और यह संख्या हर वर्ष बढ़ रही है। इन तथ्यों के आधार पर कह सकते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण से भी भारत तेजी से एक ग्लोबल इकोनॉमिक हब बनता जा रहा है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, भारत अगले 10 वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसके पीछे मुख्य कारण हैं; युवा जनसंख्या, तकनीकी प्रगति, वित्तीय साक्षरता और स्थिर राजनीतिक नेतृत्व। वस्तुतः इसी क्रम में, फिंक का यह कथन कि भारत का युग आ रहा है, वास्तविक आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी प्रगति का परिणाम दशार्ता है। भारत आज अपने नागरिकों के लिए अनेक नए अवसर तो प्रदान कर ही रहा है, साथ में दुनिया के निवेशकों के लिए भी एक प्रमुख आकर्षण बनता जा रहा है। ऐसे में कहना यही है कि भारत आज एक नई आर्थिक और तकनीकी क्रांति के दौर में प्रवेश कर चुका है।

### गजल

दिल, ये' दिल जब दिल नहीं होता।
दिल, दिल के काबिल नहीं होता।।
जब कोई खुद से' बिछड़ जाए,
वो खुद में' शामिल नहीं होता।।
इश्क की पहली शर्त यही है,
कि कुछ भी हासिल नहीं होता।
जो खुद से वाकिफ रहता है,
वो गम में गाफिल नहीं होता।
जो दिल से उठे, वही सच है,
हर दावा बातिल नहीं होता।
जब यकीन खुद बोलने लगे,
डर, कहीं शामिल नहीं होता।
दिल, इक बेकरार दरिया है,
इस दिल का साहिल नहीं होता।
सच पे सितम कितना भी हो,
सच फिर भी कातिल नहीं होता।
जब तक 'मैं' की सांस चलेगी,
सच तब तक हासिल नहीं होता।

**- डॉ. मनोज सिंह, बोकारो**



# ऑनलाइन गेमिंग: मनोरंजन से लत और लत से त्रासदी तक



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

गाजियाबाद में तीन सगी बहनों की सामूहिक आत्महत्या की खबर केवल एक अपराध समाचार नहीं है, बल्कि यह हमारे समय की सबसे भयावह सामाजिक सच्चाइयों में से एक का आईना है। नौवीं मंज़िल से कूदकर जान देने की यह घटना दिल दहला देने वाली है क्योंकि इसके पीछे कोई तात्कालिक झगड़ा, आर्थिक तंगी या पारिवारिक हिंसा नहीं बल्कि एक ऐसी अदृश्य दुनिया है, जो चुपचाप बच्चों के मन-मस्तिष्क पर कब्जा कर रही है- ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम सचमुच अपने बच्चों की दुनिया को समझ पा रहे हैं या हम उन्हें मोबाइल स्क्रीन के हवाले कर निश्चिंत हो बैठे हैं। डिजिटल युग में तकनीक जीवन को आसान बनाने का माध्यम बनी है लेकिन उसी तकनीक का अनियंत्रित उपयोग अब समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है।

ऑनलाइन गेमिंग, जो कभी मनोरंजन, एकाग्रता और रणनीतिक सोच का साधन मानी जाती थी, आज कई मामलों में बच्चों और किशोरों के लिए मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विनाश का कारण बन रही है। खासकर कोरोना काल के बाद, जब ऑनलाइन शिक्षा और घर में बंद जीवन ने बच्चों को मोबाइल और इंटरनेट के और अधिक करीब कर दिया, तब से यह समस्या और गहराई है। ऑनलाइन गेम्स का मनोविज्ञान बेहद चालाकी से तैयार किया गया है। गेम डिजाइनर बच्चों की मानसिक संरचना को समझते हैं- इनाम, लेवल, रैंकिंग, वर्चुअल पहचान, और प्रतिस्पर्धा के जरिए उन्हें इस तरह बांधा जाता है कि वे बार-बार उसी दुनिया में लौटें। धीरे-धीरे खेल खेलना एक आदत बनता है, फिर जरूरत, और अंततः लत। यह लत शराब या नशे से कम खतरनाक नहीं होती क्योंकि इसमें शरीर नहीं, दिमाग जकड़ा जाता है। बच्चा वास्तविक दुनिया से कटने लगता है- उसे परिवार बोझ लगने लगता है, पढ़ाई व्यर्थ लगती है और जीवन के छोटे-छोटे सुख फीके पड़ जाते हैं।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस लत के शिकार अधिकतर बच्चे और किशोर होते हैं- वही उम्र, जब व्यक्तित्व निर्माण होता है, भावनात्मक संतुलन विकसित होता है और जीवन को समझने की प्रक्रिया चल रही होती है। इस उम्र में यदि बच्चा आभासी दुनिया में जीने लगे, तो उसकी वास्तविक समस्याओं से जूझने की क्षमता कमजोर हो जाती है। हार-जीत, तनाव, असफलता और रिश्तों की जटिलता से निपटने के बजाय वह 'एस्केप' खोजने लगता है—और ऑनलाइन गेम्स उसे यह आसान पलायन उपलब्ध कराते हैं। गाजियाबाद की घटना में यह तथ्य और अधिक विचलित करता है कि बच्चियाँ दो साल से स्कूल नहीं जा रही थीं और मोबाइल की लत का ज़िक्र सामने आया है। यह सवाल उठता है कि क्या परिवार, स्कूल और समाज- तीनों स्तरों पर निगरानी और संवाद की कमी रही? आज के समय में बच्चों का स्कूल न जाना केवल शैक्षणिक समस्या नहीं बल्कि एक गहरी सामाजिक और मानसिक समस्या का संकेत है। स्कूल सिर्फ पढ़ाई की जगह नहीं होते बल्कि बच्चों के लिए सामाजिक संपर्क, भावनात्मक सहारा और संरचना प्रदान करते हैं। जब बच्चा इससे कट जाता है, तो वह अपने भीतर सिमटने लगता है। अक्सर अभिभावक यह मान लेते हैं कि बच्चा घर में है, मोबाइल हाथ में है, तो सुरक्षित है। यही सबसे बड़ा भ्रम है। मोबाइल आज केवल संचार का साधन नहीं, बल्कि एक पूरी दुनिया है—जिसमें अच्छा भी है और बेहद खतरनाक भी। अभिभावकों की व्यस्तता, आर्थिक दबाव और 'डिजिटल ही भविष्य है' जैसी सोच ने बच्चों को समय से पहले एक ऐसे संसार में धकेल दिया है, जिसे वे न समझ पाते हैं और न संभाल पाते हैं। माता-पिता और बच्चों के बीच संवाद का अभाव इस खतरे को और बढ़ा देता है। यह भी एक सच्चाई है कि भारतीय समाज में मानसिक स्वास्थ्य को अब भी गंभीरता से नहीं लिया जाता। बच्चे चुप हैं, अकेले हैं, चिड़चिड़े हैं या अपने कमरे में बंद रहते हैं तो इसे 'उम्र का असर' कहकर टाल दिया जाता है।

आत्मघाती विचार, अवसाद और चिंता जैसे मुद्दों पर बात करना अब भी कई परिवारों में वर्जित माना जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि समय रहते की गई एक संवेदनशील बातचीत कई जिंदगियाँ बचा सकती है। ऑनलाइन गेमिंग के दुष्प्रभाव केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसके सामाजिक प्रभाव भी गंभीर हैं। अत्यधिक गेमिंग से बच्चों में हिंसक व्यवहार, आक्रामकता, सहानुभूति की कमी और सामाजिक रिश्तों से दूरी बढ़ती है। आभासी जीत उन्हें वास्तविक परिश्रम से दूर कर देती है। जब वास्तविक जीवन में चुनौतियाँ आती हैं, तो वे टूट जाते हैं, क्योंकि उन्होंने संघर्ष करना सीखा ही नहीं होता। यही टूटन कई बार आत्मघाती कदम का कारण बनती है। यह कहना भी उचित नहीं होगा कि हर ऑनलाइन गेम या हर तकनीकी का उपयोग बुरा है। समस्या तकनीक में नहीं, उसके अनियंत्रित और गैर-जिम्मेदार उपयोग में है। यदि बच्चे सीमित समय के लिए उम्र के अनुरूप और अभिभावकों की निगरानी में गेम खेलें तो यह मनोरंजन और सीख का साधन भी हो सकता है। लेकिन जब गेमिंग जीवन का केंद्र बन जाए, तो खतरे की घंटी बज जानी चाहिए। समाधान के स्तर पर हमें बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। सबसे पहली जिम्मेदारी परिवार की है। अभिभावकों को बच्चों के साथ समय बिताना होगा, उनके डिजिटल व्यवहार को समझना होगा और डर या दंड की बजाय संवाद का रास्ता अपनाना होगा। मोबाइल देना आसान है, लेकिन बच्चे का मन पढ़ना कठिन—और यही कठिन काम आज सबसे जरूरी है। बच्चों के लिए स्पष्ट डिजिटल नियम, स्क्रीन टाइम की सीमा और वैकल्पिक गतिविधियाँ—जैसे खेल, किताबें, कला और सामाजिक मेलजोल—अनिवार्य किए जाने चाहिए। स्कूलों की भूमिका भी बेहद अहम है। केवल पाठ्यक्रम पूरा करना पर्याप्त नहीं है। डिजिटल साक्षरता, मानसिक स्वास्थ्य, और ऑनलाइन खतरों पर नियमित कक्षाएं और परामर्श सत्र होने चाहिए। शिक्षकों को यह प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए कि वे बच्चों के व्यवहार में आने वाले सूक्ष्म बदलावों को पहचान सकें। स्कूल और अभिभावकों के बीच निरंतर संवाद आज की आवश्यकता है। सरकार और नीति-निमार्ताओं की जिम्मेदारी भी इससे कम नहीं है। बच्चों और किशोरों के लिए ऑनलाइन गेमिंग के स्पष्ट नियम, आयु-आधारित प्रतिबंध, चेतावनी संदेश और लत पैदा करने वाले डिजाइन पर नियंत्रण आवश्यक है। कई देशों में 'डिजिटल वेलबीइंग' को नीति का हिस्सा बनाया गया है—भारत को भी इस दिशा में गंभीर कदम उठाने होंगे।

## आज का राशिफल

**मेष** : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृष** : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। सोसायटी में सम्मान मिलेगा।

**मिथुन** : कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। आय के अच्छे योग बनेंगे। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**कर्क** : अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह** : कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी।

**कन्या** : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**तुला** : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागेझ वाली कहावत चरितार्थ होगी।

**वृश्चिक** : कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। सुख-आराम प्रभावित होगा।

**धनु** : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**मकर** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कुम्भ** : विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन** : कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक रोशन लाल चौधरी ने बिजली व्यवस्था की समीक्षा की, 247 शिकायत नंबर जारी



**बड़कागांव।** बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड में बिजली की समस्या को लेकर विधायक रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में बिजली विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में लो वोल्टेज, लगातार बिजली कटौती और खराब ट्रांसफार्मरों की शिकायतें सामने आईं। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। खराब ट्रांसफार्मरों को 24 से 48 घंटे के भीतर दुरुस्त या बदलने, लो वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए नए सब-स्टेशन और फीडर लाइन पर तेजी से काम करने के आदेश दिए गए। रामनवमी से पहले मुख्य चौक और जुलूस मार्ग में जर्जर तारों को ठीक करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान बिजली विभाग ने ग्रामीणों की शिकायतों के लिए 247 संपर्क नंबर 99318 35782 जारी किया। विधायक ने स्पष्ट किया कि बिजली जैसी बुनियादी सुविधा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में विभागीय अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बंदोबस्त कार्यालय की निष्क्रियता पर उप प्रमुख का डीसी को ज्ञापन

**ईचाक।** प्रखंड क्षेत्र में भूमि सर्वे, तस्दीक और खानापुरी कार्य लंबे समय से लंबित रहने के कारण जमीन लूट और अवैध कब्जे की घटनाएं तेजी से बढ़ने का आरोप लगाया गया है। इस मुद्दे को लेकर झामुमो युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सह इचाक उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार ने उपायुक्त हजारीबाग को ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि सर्वे और तस्दीक कार्य ठप रहने से वास्तविक रैयतों की जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। साथ ही सरकारी भूमि, गैर-मजरूआ जमीन, तालाब, बाग-बगीचे और अन्य सार्वजनिक उपयोग की जमीनों पर भी अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। इससे आम जनता को भारी नुकसान हो रहा है और सरकार को राजस्व क्षति का सामना करना पड़ रहा है। उप प्रमुख ने आशंका जताई कि यदि स्थिति पर शीघ्र नियंत्रण नहीं किया गया तो कानून-व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। उपायुक्त से मांग की गई है कि सर्वे, तस्दीक और खानापुरी कार्य जल्द शुरू कराए जाएं तथा अवैध कब्जाधारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपि राज्य सरकार, राज्यपाल और कमिश्नर को भी भेजी गई है।

### नगर निगम चुनाव 2026: महापौर पद की स्क्रूटनी प्रक्रिया संपन्न, तीन अभ्यर्थियों के नामांकन निरस्त, सूची जारी

**हजारीबाग।** नगर निगम चुनाव 2026 के तहत महापौर पद के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 5 फरवरी को स्क्रूटनी की प्रक्रिया संपन्न हो गई। स्क्रूटनी के उपरांत नामांकन पत्रों की जांच के बाद निरस्त किए गए अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है।

जारी सूची के अनुसार महापौर पद के उम्मीदवार मनोज कुमार गोप, नजमा खातून और सुनील कुमार ठाकुर का नामांकन निरस्त किया गया है। स्क्रूटनी प्रक्रिया निर्वाचन नियमों के तहत निर्धारित मापदंडों के अनुसार संपन्न की गई।

---

#### विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में भाजपा की संगठनात्मक बैठक, प्रदीप प्रसाद ने बूथ मजबूती पर दिया जोर

## केंद्रीय बजट 2026-27 दूरदर्शी, निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार की मंशा पर उठे सवाल

झारखंड दर्शन संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग नगर पालिका क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक पैराडाइस रिसॉर्ट में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुनील मेहता ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने किया। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम और हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित रहे।

संगठनात्मक बैठक से पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर प्रेस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत के विजन के अनुरूप दूरदर्शी, समावेशी और आत्मनिर्भर भारत को मजबूती देने वाला है। यह बजट गरीब कल्याण और युवाओं के रोजगार को प्राथमिकता देता है तथा देश की आर्थिक दिशा को सुदृढ़ करेगा।

बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने मंचासीन अतिथियों का अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत रूप से विषय प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करना प्राथमिक लक्ष्य है।

कार्यकताओं को संबोधित करते हुए रेखा वर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं। इन्हीं कार्यकताओं के बल पर पार्टी ने लोकसभा में दो सांसदों से बढ़कर 303 सांसदों तक का सफर तय किया। उन्होंने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि निकाय चुनाव को लेकर सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं है। दलीय आधार पर और ईवीएम से चुनाव नहीं कराए जाने से निकाय चुनाव में गड़बड़ी की आशंका बढ़ गई है।

प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है। यही वजह है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पदों पर भी कार्यकताओं के बीच से नेतृत्व निकलता है। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि पार्टी की असली मजबूती बूथ जीतने से आती है और प्रत्येक कार्यकर्ता को इसी लक्ष्य के साथ कार्य करना होगा।

बैठक को प्रदेश पदाधिकारी विनय जायसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला, मंडल, मोर्चा के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक की जानकारी भाजपा जिला मंत्री सह जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद ने दी।

---

## छड़वा डैम में महिला ने लगाई छलांग, मलहा समाज के युवाओं की तत्परता से बची जान




झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध छड़वा डैम में बुधवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब करीब 30 वर्षीय एक महिला ने पुल के पास से अचानक डैम में छलांग लगा दी। महिला को डूबता देख मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया, लेकिन इसी दौरान मलहा समाज के युवाओं ने साहस और मानवता का परिचय देते हुए उसकी जान बचा ली।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला के पानी में कूदते ही रोहित कुमार मलहा, राजेश कुमार उर्फ चिकू मलहा (हजारीबाग), शंभू निषाद, सुनील निषाद और दुर्गेश निषाद (भागलपुर, बिहार) बिना समय गंवाए डैम में कूद पड़े। युवाओं ने सूझबूझ और आपसी समन्वय से महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कुछ ही मिनटों में उसे डैम से बाहर लाया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

बताया जा रहा है कि महिला मंडई कर्बला चौक के पास की रहने वाली है और घरेलू विवाद के कारण मानसिक तनाव में थी। इसी वजह से उसने आत्मघाती कदम उठाया, लेकिन मौके पर मौजूद युवाओं की तत्परता से उसकी जान बच गई। घटना को लेकर लोग ह्लजाको राखे साईंया, मार सके ना कोयह्व की कहावत को चरितार्थ बता रहे हैं।

---

## ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

झारखंड दर्शन संवाददाता




**हजारीबाग।** हजारीबाग स्थित ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फामेर्सी में विश्व कैंसर दिवस 2026 के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व कैंसर दिवस की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक रखी गई, जिसके तहत कैंसर के प्रति जागरूकता और एकजुट प्रयासों पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बी.फार्मा और डी.फार्मा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और जन-जागरूकता से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

क्विज एवं अन्य प्रतियोगिताओं में बी.फार्मा की छात्रा ऋतु कुमारी और शिल्पी कुमारी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

द्वितीय पुरस्कार संयुक्त रूप से अंशु के. गुप्ता, कुमार पीयूष राज और स्तुति को मिला, जबकि तृतीय पुरस्कार सागर कुमार मेहता को दिया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में डी.फार्मा की कुमकुम मंडल और सिया रानी तथा बी.फार्मा की देक्षा कुमार कुशवाहा और ऋतु कुमारी को सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या नीतू सिन्हा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता, समय पर जांच और संतुलित जीवनशैली अपनाकर इस गंभीर बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन में रणजीत कुमार, आसलम, शिल्पी कुमारी, अभिक पाल, मणिरत्नम भारद्वाज और निखिल कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

---

## राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव 2026 के लिए तरंग ग्रुप का चयन, 'लेडी टार्जन' के मंचन को दिल्ली रवाना टीम

झारखंड दर्शन संवाददाता




**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के लिए गौरव का विषय है कि स्थानीय नाट्य संस्था तरंग ग्रुप का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित एकांकी नाट्य प्रतियोगिता अद्वितीय 2026 के लिए किया गया है। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा स्टूडेंट यूनियन, नई दिल्ली द्वारा इसकी आधिकारिक चयन सूचना जारी की गई है। प्रतियोगिता के अंतर्गत तरंग ग्रुप पर्यावरण संरक्षण पर आधारित एकांकी नाटक ह्यलेडी टार्जनह्न का मंचन करेगा, जो पद्मश्री जमुना टुडू के जीवन संघर्ष और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों पर केंद्रित है। यह प्रस्तुति 25वें भारत रंग महोत्सव 2026 के अंतर्गत होगी।

संस्था के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि दिल्ली यात्रा के लिए टीम को कन्फर्म रेल टिकट की व्यवस्था समाजसेवी शेफाली गुप्ता के सहयोग से संभव हो सकी। इसके अलावा न्यू मिलन लाइट और लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोअरिंग का भी सराहनीय सहयोग मिला है। नाटक का निर्देशन और कहानी लेखन दीपक झा ने किया है।

नाटक में केबी महिला महाविद्यालय की छात्राएं मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी, जिनमें प्रिया कुमारी, पूजा कृति, सुहानी दुबे, कोमल मेहता, कल्पना कुमारी, अंकिता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, शिवानी कुमारी पांडेय और अंशु कुमारी शामिल हैं। मंचीय प्रकाश व्यवस्था में न्यू मिलन लाइट के निदेशक नितीश कुमार विशेष सहयोग दे रहे हैं।

इस उपलब्धि पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति चंद्र भूषण शर्मा, छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष विकाश कुमार, राखो हरि, सांसद मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी, गूंज स्टूडियो के निदेशक सुबोध आकाश सिन्हा, लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग के चेयरपर्सन राजीव आनंद, अध्यक्षा स्वाति वर्मा सहित केबी महिला महाविद्यालय के शिक्षकों नीलिमा निकुंज, सरवन कुमार, मनोज पूरी और अमिताभ श्रीवास्तव ने टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

---

#### बरवाडीह प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

## मुखिया बिमला देवी व पूर्व मुखिया कैलाश कुमार राणा ने फीता काट कर किया उद्घाटन

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव के पंकरी बरवाडीह के प्रसिद्ध मेगालिथ मैदान में बरवाडीह प्रिमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का  का शुभारंभ मुखिया बिमला देवी,पुर्व मुखिया कैलाश कुमार राणा,मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव, समाजसेवी हिरामैन साव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया वहीं पहला मैच सरगम इंटरनेशनल स्कूल बड़कागांव बनाम बरवाडीह बी टीम के बीच मैंच का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव पुर्वी पंचायत के मुखिया बिमला देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए बल्लेबाजी कर टुनार्मेंट का पहला मैच प्रारंभ किया गया इस दौरान अतिथियों ने कहा कि खेल से मन व शरीर स्वस्थ रहता है साथ ही युवाओं में छिपी प्रतिभा को प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है  और इसमें कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर भी मिलता है  जिससे राज्य और देश स्तर पर गांव समाज का नाम रौशन कर सकते सिर्फ आवश्यकता है ईमानदारी से लग्न और मेहनत करने की। इस टुनार्मेंट के आयोजन

बरवाडीह प्रिमियर लीग द्वारा किया गया जिसका उद्देश्य खेल के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करना एंव अनुशासन,और खेल भावना को विकसित करना वहीं युवाओं को प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच प्रदान करना है ।टुनार्मेंट के अध्यक्ष बिनोद कुमार,सचिव ओमप्रकाश कुमार,कोषाध्यक्ष लालु कुमार, प्रंबधक शत्रुघ्न कुमार,बबलु कुमार उर्फ बाबा,बजरंग कुमार राणा,गोपाल राम,बजरंग राम के संयुक्त प्रयास से यह टुनार्मेंट का सफल आयोजन किया गया। वहीं मैंच का आंखों देखा हाल यानि कमेंट्री सरगम इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक शंकर कुमार ने सुनाया।

---

## झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन को लेकर बैठक, 81 सीटों पर होगा चयन



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए नामांकन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख संतोष मंडल ने की।

वार्डन दीपा टोप्पो ने बताया कि अगले सत्र में कुल 81 बालिकाओं का नामांकन लिया जाएगा। इसमें अनुसूचित जनजाति के लिए 6, अनुसूचित जाति के लिए 15, अल्पसंख्यक के लिए 5, पिछड़ा वर्ग के लिए 36 तथा सामान्य बीपीएल श्रेणी के लिए 19 सीटें निर्धारित हैं।

नामांकन प्रपत्र 27 फरवरी तक विद्यालय में जमा किए जा सकते हैं। चयन अंकों के आधार पर प्राथमिकता सूची बनाकर जिला स्तर की अनुमति के बाद किया जाएगा। आवेदन के साथ आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र और फोटो अनिवार्य होगा।

प्रमुख ने असहाय, गरीब और दिव्यांग बालिकाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। बैठक में एमके पाठक, बीपीएम चंद्रभूषण और लेखापाल भी उपस्थित थे।

---

## बरही ज्वेलर्स लूटकांड का सफल उद्भेदन, फरार आरोपी गिरफ्तार, लूटे जेवरात व हथियार बरामद

झारखंड दर्शन संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत 16 नवंबर 2025 को बरही चौक के समीप जय माता दी ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस कांड में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि पूर्व में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ लूटे गए जेवरात, प्रयुक्त वाहन और हथियार की भी बरामदगी की जा चुकी है।

घटना 16 नवंबर 2025 की रात करीब 9 बजे की है, जब जय माता दी ज्वेलर्स के संचालक दुकान के नए-पुराने सोना और चांदी के आभूषण चार बैग में भरकर अपनी कार में रख रहे थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अपराधियों ने कार का शीशा तोड़कर सभी बैग लूट लिए और भागते समय दो राउंड फायरिंग की। इस संबंध में पीड़ित सुरेंद्र कुमार के आवेदन पर 17 नवंबर 2025 को बरही थाना कांड संख्या 439/25 के तहत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया। टीम ने सूचना संकलन, गुप्तचर तंत्र और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर कांड का उद्भेदन कर लिया।

पुलिस ने छापामारी कर इन्द्रराज चौधरी, रौशन यादव, धनंजय चौधरी उर्फ छोटू और टोलु उर्फ अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद फरार चल रहे आरोपी रामाशीष चौधरी को 4 फरवरी 2026 को गया जिला के आमस थाना क्षेत्र अंतर्गत उसके घर से गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि वह दुर्घटना में घायल होने के कारण घर पर इलाज करा रहा था। पुलिस के अनुसार इस कांड में शामिल अन्य अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। जल्द ही शेष आरोपियों को भी पकड़ लिए जाने का दावा किया गया है।

---

## नगर निगम चुनाव 2026: नामांकन की स्क्रूटनी पूरी, कई वार्डों में प्रत्याशियों के पर्चे निरस्त

संवाददाता

**हजारीबाग।** नगर निगम चुनाव 2026 के रंगतहत पार्षद पद के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद गुरुवार को स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। जांच के दौरान विभिन्न वार्डों में कुछ उम्मीदवारों के नामांकन पत्र आवश्यक दस्तावेजों में कमी और नियमों के उल्लंघन के कारण निरस्त किए गए। स्क्रूटनी के दौरान वार्ड संख्या 1 से उम्मीदवार शाहीन परवीन का नामांकन बिहार सरकार द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने के कारण निरस्त किया गया। वार्ड संख्या 4 से उम्मीदवार रामेश्वर कुशवाहा का नामांकन नगर पालिका का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, मतदाता सूची और बैंक पासबुक की अभिप्रमाणित प्रति नहीं होने के कारण रद्द किया गया।

वार्ड संख्या 10 से उम्मीदवार मनोरमा देवी का नामांकन संतान संबंधी घोषणा पत्र में त्रुटि के कारण निरस्त किया गया। इसी तरह वार्ड संख्या 17 से उम्मीदवार शमा परवीन का नामांकन भी बिहार सरकार द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र के कारण रद्द किया गया। वार्ड संख्या 21 से उम्मीदवार मोहम्मद अयातुल्लाह इरफान और वार्ड संख्या 24 से उम्मीदवार कंचन देवी का नामांकन संतान संबंधी घोषणा पत्र में कमी के कारण निरस्त किया गया। वार्ड संख्या 30 से उम्मीदवार रजिया खातून का नामांकन भी बिहार सरकार द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र के कारण रद्द हुआ।

वार्ड संख्या 32 से उम्मीदवार चंदन कुमार के नामांकन की एक प्रति नाम निर्देशन शुल्क और जाति प्रमाण पत्र में त्रुटि के कारण निरस्त की गई, जबकि दूसरी प्रति को वैध मानते हुए स्वीकार कर लिया गया।

---

#### शिक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा, सुधार को लेकर प्रशासन सख्त

## विद्यालयों की मॉनिटरिंग से लेकर निपुण भारत अभियान तक दिए गए स्पष्ट निर्देश

झारखंड दर्शन संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से समाहरणालय सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने की। बैठक में सर्व शिक्षा अभियान सहित शिक्षा से जुड़े प्रमुख बिंदुओं की क्रमवार समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान शिक्षक नियुक्ति से जुड़े मामले, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, छात्र नामांकन, विद्यालयों की आधारभूत संरचना, शहरी और ग्रामीण स्कूलों की स्थिति, शिक्षकों की उपलब्धता, मध्याह्न भोजन योजना, बच्चों की स्वास्थ्य जांच, आईएफए टैबलेट वितरण, चावल उठाव व वितरण, आधार अपडेट और निपुण भारत अभियान की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी विद्यालयों में शैक्षणिक मानकों को मजबूत करना प्राथमिकता है। उन्होंने वरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिक्षा से जुड़ी मूलभूत आवश्यकताओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि जिला राज्य में बेहतर प्रदर्शन कर सके।

डीएमएफटी अंतर्गत संचालित विद्यालयों की आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों को समन्वय के साथ पूरा करने, विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने और समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया गया। सभी बीईओ को शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, विद्यालय कक्षों की मरम्मत, पेयजल सुविधा, पीएम श्री विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग और आवश्यकतानुसार बेंच-डेस्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बायोमेट्रिक और आधार से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए समन्वय स्थापित करने तथा बायोमेट्रिक अपडेट की प्रगति पर लगातार नजर रखने को कहा गया।

---

## नगरपालिका चुनाव 2026 की तैयारियों की समीक्षा, कोषांगों को पारदर्शी व समयबद्ध कार्य के निर्देश

झारखंड दर्शन संवाददाता



**हजारीबाग।** नगरपालिका आम निर्वाचनझ2026 के सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) शशि प्रकाश सिंह और सामान्य प्रेक्षक अविनाश शर्मा ने की।

बैठक में अब तक संपादित निर्वाचन कार्यों और आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन की सभी प्रक्रियाओं को पारदर्शी और सुचारु ढंग से संपन्न कराने पर विशेष जोर देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मतदान दिवस के दौरान विधि-व्यवस्था और निर्वाचन प्रबंधन को मजबूत करने के लिए मिनी कंट्रोल रूम की स्थापना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही हेल्पलाइन कोषांग में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने और संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को समय पर सूचना उपलब्ध कराने पर बल दिया गया।

सभी नोडल पदाधिकारियों को अपने-अपने कोषांगों के अंतर्गत सौंपे गए दायित्वों का विधि-सम्मत, गंभीरता के साथ और तय समय-सीमा में निर्वहन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त रिया सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय, प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा सहित सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी और संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# संक्षिप्त खबरें

## एसडीपीओ ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का दिया निर्देश



**साहिबगंज।** एसडीपीओ किशोर तिर्की ने गुरुवार को अपने कार्यालय में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज अपराधों, लंबित मामलों और कानून-व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।।एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नियमित गश्त को प्रभावी बनाने, संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर देते हुए कहा कि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत करना पुलिस का दायित्व है। बैठक के दौरान सभी थाना प्रभारियों से स्पष्ट रूप से कहा गया कि अपराध नियंत्रण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं और क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सजग रहें।

## सुखाड़ी गांव में कृषि प्रौद्योगिकी अभिकरण के तहत कृषक गोष्ठी, किसानों को दी गई योजनाओं की जानकारी



**मेहरमा।** प्रखंड क्षेत्र के सुखाड़ी गांव में कृषि प्रौद्योगिकी अभिकरण के तहत एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत खेती के तरीकों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। गोष्ठी में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक मनोज कुमार ठाकुर एवं प्रखंड समन्वयक आयुषी झा मुख्य रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम के दौरान किसानों को प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत सोलर पंप सुविधा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों को इसके लाभ, अनुदान व्यवस्था एवं आवेदन प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया गया। इसके साथ ही किसानों को मिट्टी जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि फसलों के अनुसार संतुलित उर्वरक का उपयोग कर उत्पादन बढ़ाया जा सके। पंचायत समिति सदस्य प्रमोद कुमार कर्ण, कृषक मित्र शंभू प्रसाद, संतोष साह, मो० बदरूल सहित बड़ी संख्या में किसान गोष्ठी में शामिल हुए। किसानों ने योजनाओं के प्रति रुचि दिखाते हुए कृषि विभाग से निरंतर सहयोग की अपेक्षा जताई। बीटीएम मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम किसानों को नई तकनीक अपनाने में मदद करते हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि संभव हो सके।

## कुरीतियों को मिटाने के लिए संकल्प लेना जरूरी : डालसा



**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार को एकलव्य मॉडल बालिका आवासीय विद्यालय, तसरिया, सुंदरपहाड़ी परिसर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देना और समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए जागरूक करना था। डालसा की टीम में शामिल एलएडीसी अजीत कुमार ने घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की शारीरिक, मानसिक, यौन, मौखिक, भावनात्मक या आर्थिक प्रताड़ना को घरेलू हिंसा की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान की रक्षा के लिए यह कानून अत्यंत महत्वपूर्ण है। एलएडीसी आयुष राज ने बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करने वाले पोक्सो अधिनियम, 2012 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कानून 18 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों पर लागू होता है और इसके मामलों की सुनवाई विशेष पोक्सो न्यायालय में की जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि पोक्सो मामलों का निपटारा एक वर्ष के भीतर करने का प्रावधान है। अधिकार मित्र नवीन कुमार ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को न्याय पाने का अधिकार है और इसी उद्देश्य से विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। शिविर के माध्यम से आम लोगों को कानून एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाती है। वहीं अधिकार मित्र चुनका मरांडी ने आदिवासी भाषा में कानूनी विषयों की जानकारी दी। शिविर में बाल विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी, शिक्षा का अधिकार सहित अन्य सामाजिक विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की प्राचार्या तनूजा प्रधान ने किया। मौके पर आसरा संस्था की कोषाध्यक्ष दीपिका चौधरी, उपाचार्य दीपक तिग्गा, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

## टाटा स्टील ने डॉ. अमरनाथ सिंह को किया सम्मानित



**दुमका।** ए. एन. कॉलेज, दुमका के वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ० अमरनाथ सिंह को टाटा स्टील ओएमक्यू डिवीजन द्वारा पश्चिम सिंहभूम जिले के नोआमुंडी में आयोजित 35वीं वार्षिक पुष्प सह सब्जी प्रदर्शनी के दौरान सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान टाटा स्टील रॉ मटेरियल डिवीजन के वाइस प्रेसिडेंट संदीप कुमार द्वारा प्रदान किया गया। डॉ० अमरनाथ सिंह को टाटा स्टील के हितधारकों के लिए आयोजित एक विशेष कार्यशाला में प्रशिक्षण देने हेतु आमंत्रित किया गया था। इस कार्यशाला में उन्होंने पुष्प देने वाली स्थानीय शाक एवं झाड़ियों की पहचान की विधि तथा खनन क्षेत्रों में पारिस्थितिक पुनर्स्थापन (इको रेस्टोरेशन) में इन वनस्पतियों की उपयोगिता विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ० सिंह पिछले तीन दशकों से खनन क्षेत्रों में बंजर भूमि प्रबंधन, सघन वन क्षेत्रों में पाई जाने वाली दुर्लभ वनस्पतियों के संरक्षण तथा पूर्वी बिहार और संथाल परगना के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में जैव विविधता संरक्षण पर शोध कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में कॉलेज स्तर पर गठित इको क्लब द्वारा पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण से जुड़े नियमित जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। साथ ही समीपवर्ती गांवों में फलदार पौधों, पाठ्य सामग्री, खाद्य पदार्थ एवं गर्म वस्त्रों का वितरण भी किया जाता है। डॉ. अमरनाथ सिंह विभिन्न वन प्रशिक्षण संस्थानों में नियमित रूप से फैकल्टी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। उनकी संपादित पुस्तकें अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त वे झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के संपादन में शीघ्र प्रकाशित होने वाली बहुपयोगी पुस्तक 'झारखंड की दुर्लभ वनस्पतियाँ' के सह-संपादक भी हैं।

# उपायुक्त ने डीएमएफटी योजनाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए सख्त दिशा-निर्देश

झारखंड दर्शन संवाददाता



**पाकुड़।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में संचालित विकास योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का आकलन करना तथा कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क निर्माण एवं अन्य आधारभूत संरचना से जुड़ी डीएमएफटी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों से अब तक की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और जहां कार्य धीमी गति से चल रहे थे, वहां संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि डीएमएफटी योजनाएं खनन प्रभावित क्षेत्रों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास की रीढ़ हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यपालक अभियंताओं को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय, पारदर्शी कार्य प्रणाली एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की हिदायत दी। उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी योजनाएं जिले में सतत एवं संतुलित विकास को गति देने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

# युवक ने किया स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास

झारखंड दर्शन संवाददाता

**दुमका।** दुमका नगर के नया पाड़ा मोहल्ला में बुधवार को 19 वर्षीय युवक देव राजपूत ने अपने आवास में स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में परिजनों द्वारा उसे फूलो झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, दुमका लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर स्थित हेल्थ वर्ल्ड अस्पताल रेफर कर दिया। वर्तमान में युवक वहीं भर्ती है। इस संबंध में दुमका नगर थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक अपने पिता नरेंद्र सिंह उर्फ लल्लू सिंह की दोनों किडनी खराब होने की जानकारी से मानसिक तनाव में था। इसी तनाव के कारण उसने अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से स्वयं को गोली मार ली। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के समय घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था, जिस कारण फिलहाल बंदूक को जब्त नहीं किया जा सका है। युवक ने गोली शरीर के किस हिस्से में मारी है, इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिलने से पूर्व ही आपात स्थिति में युवक को दुमका से दुगार्पुर ले जाया गया था, इसलिए विस्तृत जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर पारदर्शी एवं कदाचार-मुक्त परीक्षा पर दिया जोर

झारखंड दर्शन संवाददाता



**पाकुड़।** जिले में झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा संचालित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा का दूसरा दिन बुधवार को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा की निष्पक्षता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त मनीष कुमार ने पीएम श्री मध्य विद्यालय, धनुषपूजा पाकुड़ स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए बैठने-पानी-शौचालय की व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। उन्होंने केंद्राधीक्षक, वीक्षक एवं परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों और शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त मनीष कुमार ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा का संचालन पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता और अनुशासन के साथ होना चाहिए। झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा जारी सभी दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन अनिवार्य है। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की कदाचार की घटना को रोकने के लिए सतर्क रहें। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और शांतिपूर्ण, भय-मुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराई जाए। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।

# मधुपुर नगर परिषद चुनाव को लेकर सामान्य प्रेक्षक ने किया प्रशासनिक तैयारियों का निरीक्षण

झारखंड दर्शन संवाददाता



**देवघर।** मधुपुर नगर परिषद चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक राकेश कुमार बुधवार को मधुपुर पहुंचे। उनके आगमन के साथ ही चुनावी प्रशासनिक गतिविधियों में तेजी देखने को मिली। प्रेक्षक ने अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण कर अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने नामांकन प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, मतदाता सूची की अद्यतन स्थिति, नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया तथा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने निवार्ची पदाधिकारियों और अन्य अधिकारियों से निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की।

सामान्य प्रेक्षक राकेश कुमार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि नामांकन से लेकर मतदान और मतगणना तक सभी चरणों में आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत की गुंजाइश न रहे। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार, निवार्ची पदाधिकारी अमर प्रसाद, यामुन रविदास, विनय पांडेय सहित अन्य प्रशासनिक एवं चुनावी अधिकारी उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त शिक्षक उदयकांत सिंह को विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि से नवाजा गया

झारखंड दर्शन संवाददाता



**गोड्डा।** सेवानिवृत्त शिक्षक उदयकांत सिंह को शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ, मथुरा (उत्तर प्रदेश) द्वारा विद्या वाचस्पति (पीएचडी) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दिल्ली में आयोजित एक विशेष शिविर के दौरान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में विद्यापीठ के कुलपति डॉ० इन्दुभूषण मिश्र, पूर्व कुलपति पद्मश्री डॉ० अरविंद कुमार तथा रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी की डॉ० ऋतु दुबे सहित अनेक गणमान्य शिक्षाविद उपस्थित थे। सभी ने उदयकांत सिंह के शिक्षण, सामाजिक सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की। गौरतलब है कि उदयकांत सिंह को इससे पूर्व वर्ष 2015 में शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें यह मानद उपाधि मिलने से जिले के शिक्षाविदों एवं सामाजिक कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। उपाधि ग्रहण करने के उपरांत उदयकांत सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने इसे अपने स्मृतिशेष माता-पिता एवं अपने एकलौते पुत्र आकाशदीप को समर्पित करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज के लिए और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा।

# एआईएमआईएम की जनसभा में पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने पाकुड़ के ज्वलंत मुद्दे उठाए

झारखंड दर्शन संवाददाता



**पाकुड़।** पाकुड़ जिले के रघुनाथपुर उर्फ चंचकी में बुधवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की ओर से आयोजित स्वागत समारोह सह जनसभा में पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने क्षेत्र से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकुड़ क्षेत्र लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की कमी और प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, सड़क, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर उन्होंने गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्कूल और अस्पताल मौजूद होने के बावजूद जमीनी स्तर पर सुविधाओं का भारी अभाव है, जिससे आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने स्पष्ट किया कि एआईएमआईएम की राजनीति सत्ता या पद के लिए नहीं, बल्कि जनसेवा, न्याय और समानता के लिए है। पार्टी अल्पसंख्यक, पिछड़े और कमजोर वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और बिना भेदभाव के विकास की नीति पर काम कर रही है। इस अवसर पर युवा नेता अफीफ आमसल ने स्थानीय प्रशासन से सवाल करते हुए कहा कि पाकुड़ के युवाओं के लिए ठोस रोजगार योजनाएं कब लागू होंगी, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार कब होगा तथा जनता की शिकायतों पर जवाबदेही कब तय की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो पार्टी जनता के साथ मिलकर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से आंदोलन करेगी।

जनसभा के अंत में अकिल अख्तर ने पाकुड़ की जनता से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और न्याय व विकास की इस लड़ाई में पार्टी का साथ देने की अपील की। इस दौरान पाकुड़ प्रखंड से सैकड़ों कार्यकताओं ने एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की, जिन्हें पूर्व विधायक अकिल अख्तर और युवा नेता अफीफ आमसल ने पार्टी का पट्टा पहनाकर शामिल कराया। कार्यक्रम में पार्टी के जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आजसू पार्टी ने वार्ड संख्या 5 से निर्दलीय प्रत्याशी पार्थ सारथी को दिया पूर्ण समर्थन

झारखंड दर्शन संवाददाता



**देवघर।** देवघर नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में आजसू पार्टी देवघर जिला कमेटी ने वार्ड संख्या 5 से निर्दलीय प्रत्याशी पार्थ सारथी को पूर्ण समर्थन देने की विधिवत घोषणा की। इसकी आधिकारिक घोषणा आजसू पार्टी के देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने कहा कि पार्थ सारथी एक कर्मठ, ईमानदार और जमीनी स्तर से जुड़े समाजसेवी हैं, जिन्होंने लंबे समय से क्षेत्र में जनसेवा का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पार्थ सारथी वार्ड संख्या 5 की समस्याओं, आवश्यकताओं और जनता की अपेक्षाओं को भली-भांति समझते हैं। आजसू पार्टी का उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि ऐसे जनप्रतिनिधियों को आगे लाना है जो जनता की आवाज को मजबूती के साथ नगर निगम तक पहुंचा सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्थ सारथी के नेतृत्व में वार्ड संख्या 5 का समुचित और संतुलित विकास होगा। सड़क, नाली, स्वच्छता, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं को सशक्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। आजसू पार्टी का पूरा संगठन उनके साथ मजबूती से खड़ा है और उन्हें हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी पार्थ सारथी ने आजसू पार्टी देवघर जिला कमेटी एवं जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आजसू पार्टी का समर्थन उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें सेवा का अवसर देती है, तो वे वार्ड संख्या 5 को एक आदर्श वार्ड के रूप में विकसित करने हेतु पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनसमस्याओं का समाधान, स्वच्छता व्यवस्था, सड़क, नाली, पेयजल एवं अन्य नागरिक सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता होगी तथा वे सदैव जनता के बीच रहकर कार्य करेंगे। इस मौके पर आजसू पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल चितरा की बस सेवा बहाली की दिशा में तेज हुई पहल

**देवघर। डीएवी पब्लिक स्कूल, चितरा में पिछले लगभग चार महीनों से बंद पड़ी बस सेवा को लेकर अब समाधान की दिशा में पहल तेज हो गई है। इस संबंध में झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता द्वारा एसपी माइंस, चितरा के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर बस सेवा शीघ्र बहाल कराने की मांग की गई थी। पत्र में कहा गया था कि बस सेवा बंद रहने से सैकड़ों गरीब, पिछड़े, दलित एवं आदिवासी परिवारों के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। कई बच्चे परिवहन सुविधा के अभाव में विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं, जिससे उनका भविष्य खतरे में पड़ गया है। इस समस्या को लेकर अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों में भी गहरा आक्रोश देखा जा रहा था। इस पर संज्ञान लेते हुए ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के एसपी माइंस एरिया प्रबंधन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल, चितरा के लिए बस हायरिंग अनुबंध को अंतिम रूप देने हेतु एक समिति का गठन किया है। यह समिति 42 से 52 सीटर या उससे अधिक क्षमता वाली कुल पांच बसों की हायरिंग प्रक्रिया को पूरा करेगी। स्थानीय लोगों एवं अभिभावकों ने इस निर्णय पर संतोष व्यक्त किया।**

## डीबीएल कोल कंपनी ने उभरते फुटबॉल खिलाड़ी को दिया आर्थिक सहयोग, फुटबॉल व जर्सी सेट का किया वितरण

झारखंड दर्शन संवाददाता



**पाकुड़।** डीबीएल सेंट्रल कोल कंपनी द्वारा पचवारा सेंट्रल कोल परियोजना क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कंपनी ने आलूबेड़ा गांव के एक उभरते युवा फुटबॉल खिलाड़ी को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया। आलूबेड़ा गांव निवासी 19 वर्षीय फुटबॉल खिलाड़ी निकोलस मुर्मू का चयन एशिया टैलेंट हंट सीजन-5 प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जिसका आयोजन मुंबई के नरीमन प्वाइंट स्थित कॉर्पोरेट स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु यात्रा खर्च के लिए डीबीएल कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक (समन्वय) संजीव कुमार सिंह द्वारा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कंपनी के पदाधिकारी जेपी राय एवं संजय दास सहित आलूबेड़ा गांव के ग्रामीण राजू मुर्मू, जॉन हांसदा, बबलू मुर्मू, बार्निवास मुर्मू, राम मुर्मू एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। निकोलस मुर्मू आलूबेड़ा गांव से दुगार्पुर (पश्चिम बंगाल) होते हुए मुंबई के लिए रवाना हुए। इसके साथ ही बुधवार को आलूबेड़ा गांव की फुटबॉल टीम को दो फुटबॉल एवं जर्सी सेट भी कंपनी के पदाधिकारी जेपी राय एवं संजय दास द्वारा प्रदान किए गए, ताकि खिलाड़ियों का उत्साह और मनोबल बढ़ सके।

गौरतलब है कि डीबीएल कोल कंपनी समय-समय पर परियोजना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कर स्थानीय युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### तनावमुक्त परीक्षा के उद्देश्य से संत मरियम विद्यालय के छात्रों ने देखी फिल्म




**मेदिनीनगर।** बोर्ड परीक्षा से पहले छात्रों को मानसिक तनाव से मुक्त रखने और उनका मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से संत मरियम विद्यालय के दसवीं कक्षा के छात्रों ने शहर के मोहन सिनेमा हॉल में देशभक्ति से ओतप्रोत फिल्म 'बॉर्डर-2' देखी। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव स्वयं छात्रों के साथ उपस्थित रहे। इस दौरान चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि बोर्ड परीक्षा के समय अधिकांश छात्र पढ़ाई के दबाव के कारण मानसिक तनाव में आ जाते हैं। ऐसे में आवश्यक है कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सहज और सकारात्मक रखा जाए। इसी उद्देश्य से छात्रों को प्रेरणादायक और देशभक्ति से जुड़ी फिल्म दिखाई गई, ताकि वे परीक्षा के डर और तनाव से बाहर निकल सकें। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे आत्मविश्वास के साथ नियमित अध्ययन करें और किसी भी प्रकार के भय या दबाव को खुद पर हावी न होने दें। फिल्म देखने के बाद छात्रों के चेहरों पर उत्साह और प्रसन्नता साफ झलक रही थी। छात्रों ने बताया कि इस पहल से उन्हें मानसिक शांति मिली है और वे अब नई ऊर्जा तथा सकारात्मक सोच के साथ बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे।

### हरिहरगंज नगर पंचायत चुनाव में स्क्रूटनी के दौरान तीन पार्षद प्रत्याशियों के नामांकन रद्द



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज नगर पंचायत चुनाव को लेकर गुरुवार को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी की गई। जांच के दौरान वार्ड पार्षद पद के तीन प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों में त्रुटि पाए जाने पर उन्हें रद्द कर दिया गया, जबकि अध्यक्ष पद के सभी दस प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए। सहायक निवार्ची पदाधिकारी मिथलेश कुमार ने जानकारी दी कि वार्ड संख्या 13 से नाजमा खातून और बबन शर्मा तथा वार्ड संख्या 14 से अंकिता देवी का नामांकन रद्द किया गया है। उन्होंने बताया कि इन प्रत्याशियों के स्व-घोषणा पत्र में संतान संबंधी विवरण नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए। निर्धारित कट-ऑफ तिथि के अनुसार तीन या उससे अधिक संतान होने के कारण इन प्रत्याशियों की दावेदारी समाप्त कर दी गई है। निवार्ची पदाधिकारी विजय केरकेट्टा ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के 16 वार्डों के लिए पार्षद पद पर कुल 112 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को नाम वापसी की अंतिम तिथि है, जबकि शनिवार को सभी वैध प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा। स्क्रूटनी प्रक्रिया के दौरान निवार्ची पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी परमेश्वर साहू सहित कई चुनाव कर्मी उपस्थित रहे।

### यज्ञ से मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है : संग्राम सिंह



**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड के ग्राम निमिया टुसरा स्थित रामसागर तालाब परिसर में 1008 श्री जगदाचार्य, श्रीमद विश्वसेनाचार्य एवं श्री त्रिदण्डी स्वामी महाराज के तत्वावधान में सतचंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। महायज्ञ के प्रथम दिन पांच फरवरी 2026 को विधिविधान के साथ भव्य जलयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य जयशंकर कुमार सिंह उर्फ संग्राम सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से मन को शांति मिलती है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसे यज्ञ और अनुष्ठान सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं तथा लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ते हैं। कार्यक्रम में यज्ञ समिति के अध्यक्ष विनोद सिंह, उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद, सचिव प्रमोद साव, उपसचिव महेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह, उपकोषाध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिंह के अलावा राजपति प्रजापति, प्रदीप पांडे, प्रवीण पांडे, सतेन सिंह, संजय सिंह, शक्ति गुप्ता सहित निमिया, टुसरा, नगेसर, दुल्ही, सखुई, केल्हार, जोड़ कला, कजरमा, नावाडीह, उताकी एवं पाटन क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला युवती का शव,जांच में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के उताकी गांव निवासी बरन सिंह की पुत्री सबिता कुमारी उम्र 17 वर्ष का शव बुधवार की शाम करीब चार बजे घर में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पाटन थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से घटना के बारे में जानकारी लेकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। वहीं इस घटना के बाद पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।वही परिजनों ने बताया कि बुधवार की शाम सविता अपनी मां को कहीं की जाओ तुम बथुआ के साथ खेत से ले आओ हम घर में और काम देख रहे हैं। खेत से जब मां घर लौटी तो देखा की सविता फांसी के फंदे से झूल रही हैं। वही इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की सैकड़ो भीड़ वहा उमड़ पड़ी।

#### पलामू में प्रेक्षकों ने की निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

# नगरपालिका चुनाव-2026 को लेकर समाहरणालय में हुई महत्वपूर्ण बैठक

झारखंड दर्शन संवाददाता

**मेदिनीनगर।** निकाय चुनाव-2026 के सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संचालन को लेकर पलामू पहुंचे प्रेक्षकों ने बुधवार 5 फरवरी 2026 को समाहरणालय सभागार में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त समीरा एस ने की।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, जिले के सभी पांच नगर निकायों के निवार्ची पदाधिकारी तथा विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी मौजूद थे।



बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रेक्षकों को एक-एक कर उनके संबंधित नगर निकाय क्षेत्रों में किए गए चुनावी कार्यों की जानकारी दी।

उन्होंने मतदान केंद्रों की स्थिति, मतदान कर्मियों के आवागमन की सुविधा, मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, वाहन व्यवस्था, कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम, चुनाव सामग्री की तैयारी, पोस्टल बैलेट तथा मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विस्तार से जानकारी साझा की। प्रेक्षकों को बताया गया कि जिले के पांचों नगर निकायों में कुल 103 वार्डों के लिए चुनाव कराया जाना है, जिसके लिए 246 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। साथ ही जिले में शस्त्रों का सत्यापन किया जा रहा है तथा चुनाव के दौरान निगरानी के लिए फ्लाइंग स्क्वायड टीम और स्टैटिक सर्विलांस टीम का गठन भी कर लिया गया है। बैठक में मेदिनीनगर नगर निगम, विश्रामपुर नगर परिषद, छतरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत और हरिहरगंज नगर पंचायत के प्रेक्षक सहित विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## वादों का नगर निगम, हकीकत में बंद शौचालय और फैली गंदगी



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू नगर निगम चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वादे करने वाले जनप्रतिनिधियों की पोल अब खुलकर सामने आ रही है। पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में बनाए गए सार्वजनिक शौचालय खुद बदहाली के शिकार बने हुए हैं। नगर निगम द्वारा शहर के लगभग हर चौक-चौराहे पर बाथरूम का निर्माण कराया गया था, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले सात महीनों से इन बाथरूमों पर ताला लटका हुआ है। बाथरूम बनने के बाद इनके रख-रखाव की जिम्मेदारी को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाथरूम की टंकी भर चुकी है और उसके बगल में बनाई गई दूसरी टंकी कचरे से लबालब पड़ी है। हालात इतने बदतर हैं कि कई लोग टंकी के पास गिर चुके हैं, जिससे हमेशा जान का खतरा बना रहता है।

इसके बावजूद नगर निगम प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।लोगों का आरोप है कि चुनाव आते ही वादों की झड़ी लग जाती है, लेकिन जीतने के बाद जनप्रतिनिधि और अधिकारी जनता की समस्याओं से मुंह फेर लेते हैं। सवाल यह है कि स्वच्छता और सुविधा के नाम पर बनाए गए ये शौचालय आखिर किसके लिए थे? '

## पति-पत्नी के बीच विवाद सुलझा, साथ रहने पर बनी सहमति

झारखंड दर्शन संवाददाता

मेदिनीनगर। पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहा पारिवारिक विवाद अंततः महिला थाना मेदिनीनगर में सुलह के साथ समाप्त हो गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नियुक्त पीएलवी इंदु भगत की पहल पर महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला एवं एएसआई संजय कुमार के प्रयास से दोनों पक्षों के बीच सफल मध्यस्थता कराई गई, जिसके बाद पति-पत्नी साथ रहने पर सहमत हो गए। जानकारी के अनुसार पड़वा थाना क्षेत्र के मुड़कटवा निवासी अंतो देवी ने 27 जनवरी 2026 को महिला थाना में आवेदन देकर अपने पति अरविंद राम, सास संनपतिया कुंवर तथा ननद रूपा कुंवर पर मारपीट कर घर से निकाल देने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। विदित हो कि अंतो देवी की शादी लगभग पांच वर्ष पूर्व अरविंद राम के साथ हुई थी तथा उनके दांपत्य जीवन से एक पुत्र और एक पुत्री हैं। पारिवारिक विवाद के कारण वह पिछले एक वर्ष से अपने मायके में रह रही थीं।



मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला थाना द्वारा चार फरवरी 2026 को दोनों पक्षों को थाना बुलाया गया, जहां पीएलवी इंदु भगत के प्रयास से दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराई गई। समझाइश और काउंसलिंग के बाद दोनों पति-पत्नी आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने के लिए तैयार हो गए।

इस सराहनीय पहल से एक परिवार टूटने से बच गया। इस पूरे मामले में महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला, एएसआई संजय कुमार एवं पीएलवी इंदु भगत की भूमिका प्रशंसनीय रही। उल्लेखनीय है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा महिला थाना में पीएलवी की नियुक्ति की गई है, जो प्रत्येक रविवार और बुधवार को महिलाओं की सहायता के लिए उपस्थित रहती हैं।

#### छतरपुर पुलिस को बड़ी सफलता

## ससुराल में चाकू से हमला कर हत्या करने वाला दामाद गिरफ्तार

झारखंड दर्शन संवाददाता

**छतरपुर।** पलामू पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। छतरपुर थाना पुलिस ने ससुराल जाकर अपने ससुराल पक्ष पर धारदार चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दामाद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी छतरपुर अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी। एसडीपीओ ने बताया कि गम्हरिया निवासी बरेवा गांव के 30 वर्षीय लवकुश कुमार यादव ने ससुराल जाकर अपने ससुर सुनील यादव, सास, साला और साली पर चाकू से हमला किया था। इस हमले में गंभीर रूप से घायल ससुर सुनील यादव की इलाज के दौरान सदर अस्पताल पलामू में मौत हो गई थी, जबकि सास, साला और साली गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस घटना के संबंध में अभियुक्त की पत्नी रीता देवी के फर्दबयान के आधार पर छतरपुर थाना कांड संख्या 15/26 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया।



इसके बाद पुलिस द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। पुलिस ने 4 फरवरी को जपला बाजार के पास से अभियुक्त लवकुश कुमार यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू और खून लगा जैकेट भी बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2023 में रीता देवी से हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद चलता रहता था और उसे लगता था कि ससुराल पक्ष के कारण उसका वैवाहिक जीवन खराब हो रहा है। इसी वजह से उसने ससुराल पक्ष को मारने की योजना बनाई थी। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए आगे की कार्रवाई जारी रखी है।

#### शहीद नौसेना जवान सूरज दुबे की स्मृति में समर्पित तोरणद्वार

## विधायक आलोक चौरसिया ने किया उद्घाटन, दी श्रद्धांजलि



झारखंड दर्शन संवाददाता

**चैनपुर।** प्रखंड क्षेत्र के पुरबडीहा कोल्हुआ गांव में नौसेना के शहीद जवान सूरज दुबे की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में निर्मित भव्य तोरणद्वार का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर स्मृति तोरणद्वार का अनावरण किया। कार्यक्रम का संचालन मुखिया प्रत्याशी विकास दुबे ने किया, जबकि वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना गांव के गुरु बाबा अगस्त बाबा द्वारा संपन्न कराई गई। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि शहीद सूरज दुबे की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि कम उम्र में देश के लिए बलिदान देना पूरे गांव और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। यह तोरणद्वार आने-जाने वाले हर व्यक्ति को यह याद दिलाएगा कि इस गांव ने देश को एक वीर सपूत दिया है।

इस अवसर पर विधायक ने शहीद के पिता मिथलेश दुबे और बड़े भाई नीरज दुबे को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया और परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में जिला पार्षद रामलव प्रसाद चौरसिया, पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ल, कामाख्या नारायण सिंह, पूर्व मुखिया भिष्म प्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

#### मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में भाजपा की मजबूत पकड़

## अरुणा शंकर पुनः बनेंगी मेयर : भानु प्रताप शाही



झारखंड दर्शन संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में भाजपा नगर मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक मेयर अरुणा शंकर के कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व मंत्री एवं नगर निगम प्रभारी भानु प्रताप शाही ने कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में भाजपा का मजबूत जनाधार है और आगामी नगर निकाय चुनाव में अरुणा शंकर पुनः मेयर बनेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी भी चुनाव को छोटा नहीं समझती और नगर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता पूरी मेहनत और समर्पण के साथ चुनाव में जुटेंगे। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे हर हाल में भाजपा समर्थित प्रत्याशी अरुणा शंकर को विजयी बनाएं। पांकी विधायक डॉ० शशि भूषण मेहता ने कार्यकताओं से चुनाव को चुनौती के रूप में लेने और प्रत्येक बूथ पर सक्रिय रहने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए मेयर अरुणा शंकर ने कहा कि उनके कार्यकाल के शुरूआती दो वर्ष कोरोना महामारी में बीत गए, लेकिन शेष तीन वर्षों में नगर निगम क्षेत्र में व्यापक विकास कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 172 करोड़ रुपये की जलापूर्ति योजना पर काम चल रहा है, जिसके तहत चार जलमीनारों का निर्माण किया जा रहा है और लगभग 60 प्रतिशत पाइपलाइन बिछ चुकी है। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नौडीहा बाजार पुलिस ने चलाया विशेष वाहन चेकिंग अभियान



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना चेक पोस्ट के पास थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में नाबालिक बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस संबंध में नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने अभिभावकों से अपील किया है कि परीक्षा देने जानें वाले नाबालिक बच्चों को दो पहिया वाहन न दें। बल्कि स्वयं परीक्षा केंद्र पर सुरक्षित पहुंचाए।परीक्षा से निकलने के बाद वाहन बहुत तेजी से चलते हैं। जिससे किसी प्रकार के अनहोनी होने की संभावना बनी रहती है।

## लवली गुप्ता ने घटनास्थल पहुंचकर ली जानकारी, ग्रामीणों को किया जागरूक

संवाददाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड अंतर्गत आसेहार पंचायत के पुरनीबथान में घटित चर्चित हत्याकांड की जानकारी मिलते ही प्रदेश कोषाध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा सह स्वतंत्र निदेशक भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड एवं पूर्व जिला पार्षद पांकी पूर्वी श्रीमती लवली गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचीं। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों एवं परिजनों से पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली और पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। लवली गुप्ता ने इस दर्दनाक घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं समाज के लिए बेहद चिंताजनक हैं।



उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आज भी समाज में फैली डायन-बिसाही जैसी कुप्रथाएं कई निर्दोष लोगों की जान ले रही हैं, जिसे जड़ से समाप्त करना बेहद जरूरी है। इसी क्रम में उन्होंने ग्रामीणों के बीच जागरूकता फैलाते हुए कहा कि अंधविश्वास के कारण किसी भी निर्दोष व्यक्ति को प्रताड़ित करना या उस पर हिंसा करना न केवल अपराध है बल्कि मानवता के खिलाफ भी है।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी अफवाह या अंधविश्वास में न पड़ें और किसी भी तरह की समस्या होने पर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को सूचित करें। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा और वे स्वयं ऐसे मामलों में पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी रहेंगी। इस दौरान लवली गुप्ता ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग राशि भी प्रदान की, ताकि इस कठिन परिस्थिति में उन्हें कुछ राहत मिल सके।

## वाहन जांच के दौरान मिला 40 लाख, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता

**लातेहार।** नगर निकाय चुनाव को लेकर जारी आदर्श आचार संहिता के तहत लातेहार जिला मुख्यालय में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक कार से लगभग 40 लाख रुपए नगद बरामद किए गए। उक्त पैसे गाड़ी में एक बैग में रखा गया था। मामले की जानकारी होने के बाद पैसों को जब्त कर लिया गया है और जांच की जा रही है। लातेहार एसपी कुमार गौरव ने इसकी पुष्टि की और कहा कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

दरअसल नगर निकाय चुनाव को लेकर शहरी इलाकों में आदर्श आचार संहिता लागू कर दिया गया है। आदर्श आचार संहिता को पूरी तरह पालन करवाने को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा शहरी इलाके में कई स्थानों पर बैरिकेडिंग कर



वाहनों की जांच की जा रही है। बुधवार की शाम में गाड़ियों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक कार वहां पहुंची। जब गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें एक बैग बरामद हुआ, जिसमें लगभग 40 लाख रुपए नगद रखे हुए थे. बैग में 500, 200, 100 और ?50 के नोटों की गड्डी थी।

पैसे मिलने के बाद इसकी सूचना जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पैसे को पुलिस ने जब्त कर लिया। इस संबंध में लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि आदर्श आचार संहिता को लेकर शहरी इलाके में वाहन चेकिंग अभियान चलाई जा रहा है। इसी क्रम में जांच के दौरान एक वाहन से पैसे मिले हैं।

उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है कि आखिर पैसे कहां से आए थे और इसे कहां ले जाया जा रहा था? जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लातेहार एसपी ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हुआ तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का एकमात्र लक्ष्य है कि नगर निकाय का चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराया जाए. उन्होंने आम लोगों तथा प्रत्याशियों से भी अनुरोध किया है कि आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह पालन करें।

एसपी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 49 हजार रुपए से अधिक की राशि किसी व्यक्ति के पास पकड़े जाने पर यह मामला आदर्श आचार संहिता के तहत जांच के दायरे में आता है। यदि कोई परिवहन करता है तो उसे उक्त पैसे का प्रमाण दिखाना होगा। यदि पैसे बैंक से निकाले गए हैं तो बैंक का अकाउंट स्टेटमेंट प्रमाण के रूप में दिखाना होगा, साथ ही यह भी बताना होगा कि पैसे को किस उपयोग के लिए ले जा रहे हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन करें।

हिन्दी दैनिक झारखंड दर्शन बोकारो, शुक्रवार 06 फरवरी 2026 E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में पहुंचा श्याम लाल कॉलेज



**नई दिल्ली।** मेजबान श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) ने 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में जीत का 'चौका' मार पूल ए से सेमी फाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग में विवेकानंद कॉलेज ने भारती कॉलेज को 6-2 से मात दी। श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) ने श्याम लाल कॉलेज (सांध्य) को 5-1 से हरा कर लीग दौर का अंत अपने चारों मैच जीत कर किया। विजेता टीम के पंकज को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। उभरते फॉरवर्ड प्रत्यूष सिंह जग्गी ने तीन शानदार गोल किए। श्लोक और हर्ष ने एक-एक गोल किया। पराजित टीम के लिए एकमात्र गोल लक्ष्मण ने किया। अन्य मैचों में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 8-2 से शिकस्त दी। उसकी टीम के मनीष को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। खालसा कॉलेज के लिए विपिन ने तीन, मनीष और रिशुल ने दो-दो और मनीष कुमार ने एक गोल किया। पराजित टीम के लिए मोहित राणा और अग्रिम रैना ने एक-एक गोल किया। इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने एसएलसी एलुमनी को 6-2 से मात दी। विजेता टीम के शेखर को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। इंदिरा गाँधी इंस्टीट्यूट के लिए पुलकित, शेखर, गुरमुख, ध्रुव, अर्श और चंद्रभूषण ने एक-एक गोल किया। एसएलसी एलुमनी की तरफ से डी एस जग्गी और पंकज ने एक-एक गोल किया।

### मैनचेस्टर सिटी काराबाओ कप के फाइनल में, आर्सेनल से होगी खिताबी जंग



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने बुधवार रात काराबाओ कप (लीग कप) के सेमीफाइनल में न्यूकैसल को 3-1 से हराकर कुल 5-1 के एग्रीगेट स्कोर के साथ फाइनल में जगह बना ली। अब फाइनल मुकाबले में प्रीमियर लीग की शीर्ष दो टीमें आर्सेनल और मैनचेस्टर सिटी-22 मार्च को वेम्बली स्टेडियम में आमने- सामने होंगी। इस मुकाबले में सिटी के फॉरवर्ड ओमर मारमूश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे, जबकि एक गोल तिजानी रेंडर्स ने किया। पहले लेग में 2-0 की बढ़त लेने वाली सिटी ने घरेलू मैदान एतिहाद स्टेडियम में सेमीफाइनल को लगभग एकतरफा बना दिया। न्यूकैसल की ओर से सांत्वना गोल सब्स्टीट्यूट एंथनी एलांगा ने किया। मारमूश ने मैच के सातवें मिनट में सिटी को बढ़त दिलाई, जब डैन बर्न के टैकल से गेंद उनके शरीर से टकराकर गोल में चली गई। 29वें मिनट में कीरन ट्रिपियर की खराब क्लीयरेंस पर मारमूश ने हेडर से अपना दूसरा गोल किया। इसके तीन मिनट बाद रेंडर्स ने बॉक्स के अंदर से जोरदार शॉट लगाकर स्कोर 3-0 कर दिया।

### सऊदी प्रो लीग का बहिष्कार खत्म करने को तैयार रोनाल्डो,अल-इत्तिहाद के खिलाफ उतरने की संभावना




**रियाद।** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर और अल-नस्र के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो के सऊदी प्रो लीग में अपने कथित बहिष्कार को खत्म कर शुक्रवार को अल-इत्तिहाद के खिलाफ हाई-वोल्टेज मुकाबले में खेलने की संभावना है। गोल.कॉम की एक रिपोर्ट में यह खबर ऐसे समय आई है, जब पांच बार के बैलन डीब्बओर विजेता रोनाल्डो ने हाल ही में अल-रियाद के खिलाफ डर्बी मुकाबले में हिस्सा नहीं लिया था। माना जा रहा है कि वह सऊदी अरब में क्लबों के बीच ट्रांसफर फंड के असमान वितरण से नाराज थे। इससे पहले यह खबरें थीं कि रोनाल्डो सऊदी पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड (पीआईएफ) की क्लब प्रबंधन और निवेश नीति से असंतुष्ट होकर लगातार दूसरे सऊदी प्रो लीग मैच का बहिष्कार कर सकते हैं। अल-नस्र ने सोमवार को अल-रियाद के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की थी, लेकिन उस मैच में रोनाल्डो मैदान पर नजर नहीं आए थे।

# एशियाई शूटिंग: सुरुचि सिंह, सम्राट राणा को 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में रजत

● उज्बेकिस्तान ने 1.7 अंकों के अंतर से स्वर्ण पदक अपने नाम किया




नई दिल्ली। एजेंसी

एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भारत की सुरुचि सिंह और सम्राट राणा की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में 479.6 अंक हासिल किए। फाइनल मुकाबले में भारत को उज्बेकिस्तान की निगिना सईदकुलोवा और मुखम्मद कमालोव की जोड़ी से कड़ी चुनौती मिली। उज्बेकिस्तान की टीम ने दूसरे हिस्से में जोरदार वापसी करते हुए 481.3 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीत लिया। वहीं, चीनी ताइपे की चेंग येन-चिंग और ह्सीह ह्सियांग-चेन की जोड़ी ने 412.2 अंक जुटाकर कांस्य पदक हासिल किया। भारत ने मुकाबले की शानदार शुरूआत की और पहली दो सीरीज के बाद बढ़त बनाए रखी, जिससे उज्बेकिस्तान की टीम पर दबाव बना। हालांकि, तीसरी सीरीज से उज्बेक जोड़ी ने मुकाबले का रुख पलट दिया और लगातार बढ़त बनाते हुए अंत तक उसे बरकरार रखा। अंततः उज्बेकिस्तान ने 1.7 अंकों के अंतर से स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में भी सुरुचि और सम्राट ने दमदार प्रदर्शन किया था। भारतीय जोड़ी ने 583 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल करते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। क्वालिफिकेशन में भारत ने उज्बेकिस्तान, वियतनाम और चीनी ताइपे की टीमों को पीछे छोड़ा। गौरतलब है कि इस बार फाइनल मुकाबला नए चार-टीम प्रारूप में खेला गया। पुराने गोल्ड मेडल मैच और ब्रॉन्ज मेडल मैच सिस्टम को खत्म कर दिया गया है। नए नियमों के तहत 36 शॉट्स के बाद चौथे स्थान पर रही वियतनाम की टीम बाहर हो गई, जबकि 42 शॉट्स के बाद कांस्य पदक का फैसला हुआ।

इसके बाद शीर्ष दो टीमों के बीच स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला खेला गया।

**जूनियर महिला वर्ग में भारत का दबदबा**

**महिला जूनियर 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत ने स्वर्ण और रजत दोनों पदक जीते। रश्मिका सहगल ने 237.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि वंशिका चौधरी ने 236.7 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजों का यह प्रदर्शन देश के लिए एक और बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।**

## संतोष ट्रॉफी में केरल ने पंजाब को 4-0 से रौंदा, फाइनल में सर्विसेज से होगी भिड़ंत



असम। एजेंसी

संतोष ट्रॉफी 2025-26 के सेमीफाइनल में केरल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब को 4-0 से करारी शिकस्त दी और फाइनल में जगह पक्की कर ली। यह मुकाबला गुरुवार को असम के धकुआखाना फुटबॉल स्टेडियम में खेला गया। अब संतोष ट्रॉफी 2025-26 का फाइनल मुकाबला केरल और सर्विसेज के बीच खेला जाएगा, जिसमें दोनों टीमें खिताब के लिए पूरी ताकत झोंकेंगी। केरल की जीत के नायक मुहम्मद रियास पीटी रहे, जिन्होंने मुकाबले के दोनों हाफ में एक-एक गोल दागा। उनके अलावा मुहम्मद अजसल और विकनेश एम ने भी एक-एक गोल कर टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। पूरे मैच में केरल का दबदबा साफ नजर आया और पंजाब की टीम को वापसी का कोई मौका नहीं मिला। इस जीत के साथ केरल ने लगभग दो दशक बाद लगातार दूसरी बार संतोष ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया है। अब खिताबी मुकाबले में केरल का सामना सर्विसेज से होगा। इससे पहले दिन के पहले सेमीफाइनल में सर्विसेज ने सिलापाथार फुटबॉल स्टेडियम में रेलवे को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सर्विसेज की ओर से अभिषेक पवार ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मैच के दोनों हाफ में एक-एक गोल दागकर अपनी टीम को दो साल बाद फाइनल में पहुंचाया। पवार ने 30वें मिनट के तुरंत बाद शानदार हाफ-वॉली से पहला गोल किया।

## एमसीजी करेगा ऐतिहासिक 150वां एनिवर्सरी टेस्ट की मेजबानी, टिकटों की रिकॉर्ड मांग



नई दिल्ली। एजेंसी

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में मार्च 2027 में खेले जाने वाले ऐतिहासिक 150वें एनिवर्सरी टेस्ट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाले इस खास मुकाबले के लिए टिकटों की मांग उम्मीद से कहीं ज्यादा रही है। सार्वजनिक टिकट बैलेट इस सप्ताह बंद होने जा रहा है और उससे पहले ही भारी संख्या में आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। यह ऐतिहासिक टेस्ट मैच 11 मार्च 2027 से एमसीजी में खेला जाएगा और खास बात यह है कि यह पिंक बॉल से डे-नाइट टेस्ट होगा। यह मुकाबला क्रिकेट के 150 साल के गौरवशाली इतिहास का जश्न होगा, जिसमें खेल की दुनिया के कई बड़े और प्रतिष्ठित नामों की मौजूदगी तय मानी जा रही है। टिकटों की अत्यधिक मांग को देखते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपने इतिहास में पहली बार सार्वजनिक बैलेट सिस्टम अपनाया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, इस बैलेट के लिए आवेदन की अंतिम तिथि शुक्रवार, 6 फरवरी को शाम 5 बजे (ऑस्ट्रेलिया समय के अनुसार) तय की गई है। बैलेट बंद होने के बाद सभी आवेदनों को रैंडमाइज किया जाएगा और सफल आवेदकों को 20 फरवरी तक सूचित किया जाएगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को इस इवेंट के लिए न केवल विक्टोरिया बल्कि अन्य राज्यों और विदेशों से भी बड़ी संख्या में आवेदन मिले हैं। खास तौर पर विदेशों से आए अधिकतर आवेदन यूके से हैं। अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय आवेदनों को विक्टोरिया के निवासियों से अलग श्रेणी में गिना जा रहा है। सीए इस ऐतिहासिक आयोजन में सभी जीवित पुरुष और महिला आईसीसी हॉल ऑफ फेम इंडक्टी, ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम के सदस्य, 1977 के सेंटेनरी टेस्ट में खेलने वाले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के सभी खिलाड़ी, पूर्व टेस्ट कप्तान और दोनों देशों के पूर्व टेस्ट क्रिकेटरों को आमंत्रित करने की योजना बना रहा है।

अब तक 100 से ज्यादा पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और विश्व क्रिकेट की दिग्गज हस्तियां अपनी मौजूदगी की पुष्टि कर चुकी हैं। 150वां एनिवर्सरी टेस्ट उस ऐतिहासिक परंपरा की अगली कड़ी होगा जिसकी शुरूआत मार्च 1877 में एमसीजी पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच से हुई थी।

## जाग्रेब रैंकिंग सीरीज कुश्ती: अमन सहरावत को रजत, सुजीत कलकल ने जीता स्वर्ण



नई दिल्ली। एजेंसी

जाग्रेब में जारी रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट में भारत ने शानदार शुरूआत की है। पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं के पहले दिन बुधवार को भारत ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम करते हुए अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग सर्किट में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 61 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर भारत को दिन का पहला बड़ा परिणाम दिलाया। अमन ने शुरुआती दोनों मुकाबलों में दमदार तकनीकी जीत दर्ज की। उन्होंने पहले मुकाबले में जॉर्जिया के जियोर्गी गोनियाशविली को 10-0 से और दूसरे मुकाबले में ईरान के रजा मोमेनिजूजादेह को 12-2 से मात दी। हालांकि तीसरे दौर में अमन को अमेरिका के ऑस्टिन डी-सैंटो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जहां अमेरिकी पहलवान ने उन्हें 0-8 से फॉल के जरिए पराजित किया। भारत के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक सुजीत कलकल ने दिलाया। सुजीत ने पुरुषों के 65 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। उनकी इस जीत से भारतीय दल को टूर्नामेंट के शुरुआती दिन ही बड़ा मनोबल मिला और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग अंक भी हासिल हुए। 70 किग्रा भार वर्ग में अभिमन्यु मंडवाल ने कांस्य पदक जीतकर भारत की पदक तालिका को और मजबूत किया। अभिमन्यु ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका के टायलर कासक को 10-0 से हराते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया। हालांकि सेमीफाइनल में उन्हें ईरान के सिना खलीली से 0-10 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में उन्होंने अमेरिका के इयान पार्कर को 6झ3 से हराकर पदक पक्का किया। वहीं 86 किग्रा वर्ग में मुकुल दहिया कांस्य पदक से चूक गए।

## कोपा इटालिया: इंटर मिलान ने टोरिनो को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह



मिलान। एजेंसी

इंटर मिलान ने बुधवार रात खेले गए कोपा इटालिया क्वार्टरफाइनल मुकाबले में टोरिनो को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कड़े मुकाबले में फ्रांस के युवा खिलाड़ियों एंजे-योआन बॉनी और एंडी डियूफ ने इंटर की जीत में अहम भूमिका निभाई। मैच के 35वें मिनट में सेंटर-फॉरवर्ड एंजे-योआन बॉनी ने ताकतवर एंगल्ड हेडर के जरिए इंटर को बढ़त दिलाई। उनका शॉट सीधे टोरिनो के गोलकीपर अल्बर्टो पालेयारी के हाथों से निकलकर गोल में चला गया। इसके बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में ही इंटर ने बढ़त दोगुनी कर ली। 47वें मिनट में एंडी डियूफ ने मार्कस थुराम के शानदार क्रॉस पर आसान टैप-इन करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। हालांकि टोरिनो ने हार नहीं मानी। मैच के लगभग एक घंटे के करीब क्रोएशियाई स्ट्राइकर सैंड्रो कुलैनोविच ने ऊंची छलांग लगाकर शानदार हेडर से गोल दागा और अपनी टीम को मुकाबले में वापस ला दिया। इसके बाद टोरिनो ने बराबरी के लिए लगातार दबाव बनाया, लेकिन इंटर की मजबूत और अनुशासित डिफेंस के सामने उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। इंटर मिलान के मुख्य कोच क्रिस्टियन कीवू ने इस मुकाबले में स्टार स्ट्राइकर लाउतारो मार्टिनेज को आराम दिया। यह मैच सैन सिरो स्टेडियम की बजाय मोंजा में खेला गया, क्योंकि सैन सिरो में शुक्रवार को होने वाले विंटर ओलंपिक्स के उद्घाटन समारोह की तैयारियां चल रही हैं। इस जीत के साथ इंटर मिलान कोपा इटालिया सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। अब बाकी क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में गुरुवार को अटलांटा का सामना युवेंटस से होगा, जबकि नेपोली और कोमो आमने-सामने होंगे।

## व्यापार



## एलआईसी का मुनाफा तीसरी तिमाही में 17 फीसदी बढ़कर 12,958 करोड़ रुपये




नई दिल्ली। एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवनी बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 दिसंबर को समाप्त अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एलआईसी का मुनाफा 17 फीसदी बढ़कर 12,958 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 11,056 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एलआईसी ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-तिमाही के दौरान बीमा कंपनी की शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 1,25,613 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 1,06,891 करोड़ रुपये रही थी। सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी के मुताबिक कुल आय भी तीसरी तिमाही में बढ़कर 2,33,984 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 2,01,994 करोड़ रुपये थी। एलआईसी का नए कारोबार से प्रीमियम चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में 10,605 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में 7,285 करोड़ रुपये था।

## तीन दिन की तेजी के बाद थमी शेयर बाजार की चाल, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

### बाजार की गिरावट से निवेशकों को 2.63 लाख करोड़ का नुकसान



नई दिल्ली। एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति का ऐलान होने के एक दिन पहले घरेलू शेयर बाजार गिरावट का शिकार हो गया। इस तरह पिछले तीन दिन से जारी तेजी के सिलसिले पर रोक लग गई। सेंसेक्स की वीकली एक्सपायरी होने के कारण भी बाजार में बिकवाली का दबाव बना रहा। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.60 प्रतिशत और निफ्टी 0.52 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

कारोबार के दौरान डिफेंस, मेटल और आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑयल एंड गैस, पीएसयू बैंक और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई।

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 466.53 लाख करोड़ रुपये हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 469.16 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.63 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। कारोबार में बीएसई में 4,366 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,726 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,477 शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

## दिवा और जीत अदाणी ने दिव्यांग महिलाओं के साथ मनाई अपनी शादी की पहली सालगिरह



संवाददाता

**अहमदाबाद।** दिवा और जीत अदाणी ने पिछले साल अपने विवाह के पहले, 5 फरवरी 2025 को यह संकल्प लिया था कि वे हर साल दिव्यांग महिलाओं की सहायता करेंगे। इस पहल को अदाणी मंगलसेवा का नाम दिया गया। इसका उद्देश्य हर साल दिव्यांग महिलाओं की दीर्घकालिक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अपने पहले वर्ष में ही इस पहल ने 500 दिव्यांग महिलाओं को सहायता प्रदान करने की प्रतिबद्धता पूरी की। प्रत्येक लाभार्थी को 10 लाख रुपये की एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) प्रदान की गई, जिससे उन्हें सुनिश्चित मासिक आय और दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता मिल सके।

अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित यह कार्यक्रम चेयरमैन गौतम अदाणी के सेवा ही साधना है दर्शन से प्रेरित है। इस पहल के केंद्र में गरिमा, निरंतरता और सशक्तिकरण है।

**समारोह का विवरण**

5 फरवरी 2026 को अहमदाबाद के शांतिग्राम में बेल्वेडियर क्लब में इस अवसर का जश्न मनाया गया। यह अवसर केवल एक समारोह नहीं था, बल्कि दिवा और जीत अदाणी के व्यक्तिगत जीवन के महत्वपूर्ण पड़ाव को उद्देश्यपूर्ण बनाने और सेवा भाव से प्रेरित होने की याद दिलाता है।

अदाणी मंगलसेवा के तहत 25 से 40 वर्ष आयु वर्ग की दिव्यांग महिलाओं को सहायता प्रदान की गई। लाभार्थियों को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी में 10 लाख रुपये की एफडी दी गई। यह पहल महिलाओं को 10 साल तक नियमित मासिक आय देती है, और 10 साल बाद मूलधन भी मिल जाता है, जिससे दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

इस पहल को जारी रखने के लिए हर साल 50 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### दहेज हत्या के आरोपित पति समेत तीन गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना जारचा क्षेत्र में दहेज के लिए विवाहिता की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उन्हें आज कोर्ट में पेश कर दिया है। थाना जारचा के प्रभारी निरीक्षक कैलाश नाथ ने बताया कि चार दिन पूर्व एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके ससुराल में फंदे से लटका हुआ मिला था। इस मामले मे मायके पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया था। घटना के बाद से महिला के ससुराल पक्ष के लोग फरार चल रहे थे। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही पुलिस ने बीती रात को दहेज हत्या के आरोपित ससुर गोपाल, पति लोकेश और जेठ उमेश को एनटीपीसी के पास से गिरफ्तार कर लिया है। लोकेश की शादी शिवानी से वर्ष 2025 में हुई थी।

### बांदा की बेटी ने रचा इतिहास, इंडोनेशिया में भारत का करेगी प्रतिनिधित्व

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा के छोटे से गांव तरखरी की बेटी सार्वी पांडे ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। एक फरवरी को गोवा में आयोजित नेशनल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सार्वी ने सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए हैं। इसके साथ ही उनका चयन इंटरनेशनल गेम्स के लिए भी हो गया है, जहां वह इंडोनेशिया में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

### एंबुलेंस ने सड़क पार कर रही बच्ची को कुचला

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में दिबियापुर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम चिचोली में गुरुवार को तेज रफ्तार एंबुलेंस ने सड़क पार कर रही मासूम बच्ची को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई और इस घटना से नाराज परिजनों ने सड़क जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर परिवार को शांत कराया हैं। सदर कोतवाल राजकुमार ने बताया कि ग्राम चिचोली निवासी जयचंद्र यादव की पांच साल की पुत्री रिया सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान तेज गति से आ रही एंबुलेंस ने उसे टक्कर मार दी।

### नेपालः प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेन शाह के संपर्क कार्यालय में तोड़फोड़



काठमांडू। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (रास्वपा) के वरिष्ठ नेता तथा प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेन शाह के निर्वाचन क्षेत्र झापा 5 स्थित चुनावी संपर्क कार्यालय में तोड़फोड़ की गई है। पुलिस के अनुसार, झापा के कमल गांवपालिका स्थित बालेन शाह के चुनावी संपर्क कार्यालय वाले मकान की खिड़की का शीशा टूटा हुआ पाया गया है। पुलिस मौके पर मामले की जांच कर रही है। जिला पुलिस कार्यालय झापा की एसपी बसुंधरा खड्का ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा खिड़की का शीशा टूटने की खबर मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। झापा निर्वाचन क्षेत्र संख्या 5 से रास्वपा के वरिष्ठ नेता बालेन शाह उम्मीदवार हैं। इसी क्षेत्र से नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली भी चुनाव मैदान में हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इस क्षेत्र को अत्यंत संवेदनशील माना जा रहा है।

### चट्टाबल के भाग्यस इलाके में भीषण आग से 8-10 घर जलकर खाक

**श्रीनगर।** चट्टाबल के भाग्यस इलाके में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई, जिससे रिहायशी इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा। आपातकालीन सेवा एवं आपातकालीन सेवा के अधिकारियों के अनुसा राज्य अग्निशमन नियंत्रण कक्ष बटमालू को सुबह लगभग 6:31 बजे आपातकालीन सूचना मिली। इसके बाद इलाके की घनी आबादी को देखते हुए अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मुख्यालय सैयद हमीद पोरा, महाराजगंज और बाबडेंब से अतिरिक्त फायर टेंडर तुरंत सेवा में लगाए गए। मौके पर पहुंचने पर दमकल कर्मियों ने पाया कि तीन से चार रिहायशी घर पहले ही आग की चपेट में आ चुके थे।

### पलटन घाट मोड़ पर टकराई दो कारें, पांच घायल

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के रामानुजगंज के पलटन घाट स्थित तीखे मोड़ पर गुरूवार सुबह एक बार फिर लापरवाही और खतरनाक सड़क संरचना ने दुर्घटना को जन्म दे दिया। आमने-सामने हुई दो कारों की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ, जब दोनों वाहन मोड़ पर नियंत्रण खो बैठे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचाया गया।

### तीन हेरोइन तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** स्थानीय पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए सिरसा जिले क्षेत्र से तीन तस्करों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एबीवीटी स्टाफ सिरसा प्रभारी ने गुरुवार को बताया कि पकड़े गए तस्करों की पहचान सिरसा निवासी रवि कुमार, परमजीत सिंह व रानियां निवासी मोनू सिंह के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव पन्नीवालामोटा की तरफ जा रही थी।

# मध्य प्रदेश अब रोजगार का नया ग्रोथ इंजन : डॉ. मोहन

## मध्य प्रदेश में 900 करोड़ की लागत से बन रहे हैं 20 धार्मिक और सांस्कृतिक लोक

**भोपाल। एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शंखनाद उज्जैन में 'श्री महाकाल लोक' के लोकार्पण के साथ किया था, वह यात्रा अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक विराट जन-अभियान का रूप ले चुकी है। प्रदेश की पावन धरा पर लगभग 900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 20 'लोकों' का निर्माण किया जा रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी गौरवशाली परंपराओं का जीवंत साक्ष्य बनेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकास भी, विरासत भी' के कालजयी मंत्र को ध्येय वाक्य मानकर मध्य प्रदेश अपनी सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने की दिशा में एक ऐतिहासिक पथ पर अग्रसर है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक वैभव की इस अविरल यात्रा में वर्तमान में 580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 17 महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक लोक पर तीव्र गति से कार्य संचालित है। उन्होंने बताया कि सागर में 'संत रविदास लोक' 101 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है। यह हमारी सामाजिक समरसता का प्रतीक है। सीहोर जिले के सलकनपुर में 'देवी लोक' और ओरछा में 'श्रीरामराजा लोक' जैसे भव्य प्रकल्प अपनी पूर्णता के करीब हैं। सरकार की संकल्प शक्ति का ही परिणाम है कि मंदसौर में 'भगवान पशुपतिनाथ लोक परिसर' का कार्य पूर्ण कर उसे जनता को समर्पित किया जा चुका है। साथ ही भोपाल में 'वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप लोक', जानापाव में 'भगवान परशुराम लोक' और महेश्वर में 'देवी अहिल्या संग्रहालय' जैसे प्रकल्पों ने पूर्ण होकर प्रदेश के सांस्कृतिक मानचित्र को और अधिक समृद्ध किया है।

**सीएम ने कहा**

- आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी परंपराओं का जीवंत साक्ष्य बनेंगे
- भविष्य में तीन नए लोक और दो अन्य लोक के द्वितीय चरण को भी मूर्त रूप दिया जायेगा




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में निर्मित हो रहे धार्मिक और सांस्कृतिक 'लोक' केवल पत्थर और ईंटों के निर्माण मात्र नहीं हैं, अपितु ये मध्य प्रदेश के विकास के नए 'ग्रोथ इंजन' सिद्ध होंगे। प्रधानमंत्री मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के विजन को आत्मसात करते हुए ये स्थल पर्यटन के वैश्विक केंद्रों के रूप में उभरेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अभूतपूर्व अवसर सृजित होंगे। हस्त शिल्पियों से लेकर सेवा क्षेत्र तक, इन लोकों का विकास हर वर्ग के लिए आर्थिक समृद्धि का नया द्वार खोलेगा। आस्था का यह महायज्ञ जहां एक ओर हमारी जड़ों को सींच रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश को आधुनिकता और आत्मनिर्भरता के पथ पर तेजी से आगे बढ़ा रहा है।

### 'माँ शारदा लोक' का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है

मुख्यमंत्री ने बताया कि जन-आस्था का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने 315 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से भविष्य में तीन नए लोक और दो अन्य लोक के द्वितीय चरण को भी मूर्त रूप दिया जायेगा। 'श्री महाकाल लोक' की भव्यता को प्रेरणा मानकर अब ओंकारेश्वर में 'ममलेश्वर लोक' का निर्माण, बैतूल में ताप्ती उद्गम स्थल में 'ताप्ती लोक' और मैहर में 'माँ शारदा लोक' का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। महेश्वर में 110 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला 'देवी अहिल्या लोक' और अमरकंटक में 'मां नर्मदा लोक' के द्वितीय चरण का निर्माण सनातन संस्कृति के प्रति अटूट श्रद्धा का परिचायक है।

## चुनाव नजदीक आते ही ओली पर दबाव बढ़ा, रणनीतिक गठबंधनों की चर्चा फिर तेज

**काठमांडू। एजेंसी**



अगले माह 5 मार्च को होने वाले चुनाव में अब समय कम रह गया है जिससे नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन-यूएमएल) पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। सितंबर में हुए जेन-जी आंदोलन के बाद पैदा हुआ राजनीतिक असर अब चुनावी परिदृश्य को स्पष्ट रूप से प्रभावित करने लगा है। पिछले साल 8 और 9 सितंबर को हुए जेन-जी प्रदर्शनों के दौरान हुई मानवीय और भौतिक क्षति को लेकर यूएमएल लगातार आलोचना के घेरे में है।

उस समय पार्टी अध्यक्ष और तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली सरकार का नेतृत्व कर रहे थे। आलोचकों का आरोप है कि ओली ने हिंसा की जिम्मेदारी स्वीकार नहीं की और यही आरोप पार्टी का पीछा करता रहा है। हाल ही में ओली ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से जान गंवाने वाले 19 लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की लेकिन इससे जनआक्रोश शांत नहीं हो सका। ज्यादातर प्रमुख दलों के स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने के फैसले के बीच यूएमएल की चुनौतियां और बढ़ गई हैं। काठमांडू महानगर के पूर्व मेयर बालेन शाह का झापा-5 से चुनाव लड़ने का निर्णय ओली पर अतिरिक्त दबाव बना रहा है, क्योंकि यह क्षेत्र परंपरागत रूप से उनका गढ़ माना जाता रहा है। वहीं, यूएमएल के महासचिव शंकर पोखरेल भी दांग-2 में कड़े मुकाबले का सामना कर रहे हैं, जिससे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर खतरे की आशंका बढ़ गई है।

इसी पृष्ठभूमि में ओली ने कुछ चुनिंदा निर्वाचन क्षेत्रों में सीमित चुनावी सहयोग की संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी हैं। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष गगन थापा द्वारा किसी भी प्रकार के गठबंधन को स्पष्ट रूप से नकारे जाने के बाद, ओली कथित तौर पर नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के साथ समन्वय की संभावनाएं टटोल रहे हैं।

उधर, एनसीपी के समन्वयक पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' पर भी राजनीतिक दबाव दिखने लगा है। उन्होंने हाल ही में एक भावुक वीडियो संदेश जारी कर संकेत दिया कि वे प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में नहीं हैं और युवा पीढ़ी को आगे बढ़ते देखना चाहते हैं। यूएमएलझ्रएनसीपी संभावित समन्वय की अटकलों को तब और बल मिला जब अंतरिम सरकार ने देशभर में 80 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात कर यह स्पष्ट कर दिया कि 5 मार्च के चुनाव स्थगित नहीं होंगे।

### फर्जी ऐप से करोड़ों की ठगी का भंडाफोड़, दो अंतरराज्यीय साइबर अपराधी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** जिले के साइबर थाना पुलिस ने नेक्स्ट स ट्रेड नाम की एक फर्जी ट्रेडिंग ऐप से की जा रही करोड़ों की ऑनलाइन ठगी का भंडाफोड़ करते हुए उज्जैनझ्रइंदौर से जुड़े दो अंतरराज्यीय साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जांच में करीब एक करोड़ रुपये की ठगी और बैंक कर्मियों की संलिप्तता सामने आई है। गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में ठगी का खुलासा करते हुए नोडल अधिकारी साइबर क्राइम विवेक त्रिपाठी ने बताया कि बदरका निवासी पीड़ित अशोक कुमार अग्रवाल ने फेसबुक विज्ञापन देखकर उन्होंने नेक्स्ट ट्रेड ऐप डाउनलोड किया। उन्होंने उसमें 8.99 लाख रुपये निवेश किए। शुरूआत में मुनाफा दिखाया गया, लेकिन निकासी के प्रयास पर आईडी ब्लॉक कर दी गई। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने तीन फरवरी को इन्द्रजीत डे निवासी ईस्ट दिल्ली, वर्तमान पता उज्जैन तथा अंकेश धाकड़ निवासी शिवपुरी, वर्तमान पता इंदौर के रूप में हुई है। अंकेश धाकड़ कोटक महिंद्रा बैंक इंदौर में कार्यरत था, को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से तीन मोबाइल, तीन एटीएम कार्ड, दो चेक बुक, बैंक आईडी, जियो सिम और 870 नकद बरामद हुए हैं।

## औद्योगिक इकाइयों को असीमित ऊंचाई तक निर्माण की अनुमति स्वागत योग्य कदम : सुरेश

**हिसार। एजेंसी**



भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सुरेश गोयल धूप वाला ने प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक इकाइयों को असीमित ऊंचाई तक निर्माण की अनुमति देने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे उद्योग हित में एक दूरदर्शी और सराहनीय कदम बताया है। उन्होंने कहा कि अब तक औद्योगिक इकाइयों में अधिकतम 15 मीटर ऊंचाई तक ही निर्माण की अनुमति थी, जिससे कई उद्योगों को विस्तार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सुरेश गोयल ने गुरुवार को कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की उद्योग एवं व्यापार के प्रति सकारात्मक सोच का ही परिणाम है कि निरंतर ऐसे जनहितकारी और विकासोन्मुख निर्णय लिए जा रहे हैं। इस नई नीति से विशेष रूप से छोटे व मध्यम उद्यमियों को बड़ा लाभ मिलेगा, जो सीमित संसाधनों के कारण महंगी जमीन खरीदने में असमर्थ थे। उन्होंने कहा कि भूमि की बढ़ती कीमतें और सीमित उपलब्धता लंबे समय से उद्योग स्थापना में बाधा बनी हुई थीं। अब ऊंचाई में निर्माण की छूट मिलने से कम क्षेत्र में अधिक उत्पादन इकाइयों की स्थापना संभव हो सकेगी, जिससे औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। सुरेश गोयल ने बताया कि सरकार की नई नीति के तहत अब उद्योगों को चारों ओर अतिरिक्त खाली भूमि छोड़ने की अनिवार्यता भी कम होगी, जिससे उपलब्ध भूमि का बेहतर और अधिकतम उपयोग संभव होगा। इससे न केवल औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह निर्णय हरियाणा को औद्योगिक क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगा तथा प्रदेश को निवेश के लिए और अधिक आकर्षक बनाएगा।

## पर्यटन स्थलों को बंद करने का मामला केंद्रीय गृह मंत्री के समक्ष उठाएंगेः उमर

**श्रीनगर। एजेंसी**

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि वह तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे केंद्रीय मंत्री अमित शाह के समक्ष पहलगाम हमले के बाद बंद किए गए पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने का मुद्दा उठाएंगे। विधानसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि कश्मीर घाटी में बंद पड़े पर्यटन स्थलों को खोलने का समय आ गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सच है कि कुछ इलाके बंद थे। उन्हें खोलने का समय आ गया है। सीएम ने कहा कि इस मुद्दे पर भारत सरकार से बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि मैं सदन को आश्वस्त करता हूं कि पर्यटन स्थलों को बंद करने का मुद्दा गृह मंत्री के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि पर्यटन क्षेत्र में पंजीकरण प्रक्रिया जटिल है और इसमें संशोधन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार स्व-घोषणा या डीम्ड अनुमोदन के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने पर विचार कर रही है।

### यूके भेजने के नाम पर 26 लाख रुपये की ठगी,महिला गिरफ्तार

**सिरसा।** स्थानीय पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर करीब 26 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में गिरोह की एक महिला को गिरफ्तार किया है। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने गुरुवार को बताया कि जिले के गांव मौजू की ढाणी निवासी विनोद कुमार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस को दी शिकायत में विनोद कुमार ने बताया कि वह परिवार सहित विदेश जाने का इच्छुक था और उसकी मुलाकात सुखेराखेड़ा निवासी राजन से हुई। राजन ने विनोद कुमार से कहा कि उसका भाई अमनदीप व सचिन यूके में रहते हैं और मैं उनसे बात कर आपको जल्द ही यूके भिजवा दूगां आप पैसों का इंतजाम करें। आरोपी राजन ने पीड़ित व्यक्ति को परिवार सहित यूके भेजने का पूरा प्रोसस बताते हुए 32 लाख रुपए की डिमांड की और पूरे परिवार को वर्क परमिट वीजा पर यूके भेजने का आश्वासन दिया।

### गांजा तस्कर गिरफ्तार, बैग से 1.10 किलो मादक पदार्थ बरामद

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। इसी कड़ी में चौकी बरियों, थाना राजपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी में संलिप्त एक आरोपित को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 1.10 किलोग्राम गांजा, नगद राशि, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक तराजू और बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की है। आरोपित को कार्रवाई उपरांत गुरुवार को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले में पुलिस से गुरुवार को प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार, 04 फरवरी 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति बिना नंबर की होंडा शाइन मोटरसाइकिल में गांजा लेकर बरियों, राजपुर और शंकरगढ़ क्षेत्र में बिक्री के लिए आने वाला है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चौकी बरियों, थाना राजपुर, शंकरगढ़ पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर घेराबंदी की योजना बनाई गई। घेराबंदी के दौरान ग्राम बधिमा में सादी वर्दी में तैनात पुलिस टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की।

### गुरु जम्भेश्वर विवि. में एनएसएस द्वारा स्वच्छता संकल्प अभियान का आयोजन

## स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सतत जीवन मूल्य : प्रो. नरसी

**हिसार। एजेंसी**

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-4 के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के पुराना परिसर में एक स्वच्छता संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में विश्वविद्यालय की विभिन्न एनएसएस इकाइयों के 140 स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने गुरुवार को हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता संकल्प अभियान में शामिल स्वयंसेवकों को रवाना किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सतत जीवन मूल्य है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति यदि स्वच्छता को अपने आचरण का हिस्सा बना ले, तो समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन संभव है। एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास होता है। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छ परिसर स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन अनुशासन, सामूहिक चेतना और संस्थागत संस्कृति को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. महावीर प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज से जोड़ते हुए सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता के मूल्यों से समृद्ध करना है। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. सुमित शर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों का स्वागत करते हुए अभियान की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। अभियान के समापन पर डॉ. खुशबू सेठी ने सभी सहभागियों, स्वयंसेवकों, अतिथियों एवं सहयोगी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**कार्यक्रम** मधुबन में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पखवाड़ा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

# संत शिरोमणि के विचारों को पूरा देश नमन करता हैः ए. के. शर्मा

- यदि मन स्वच्छ और निर्मल हो, तो ईश्वर का साक्षात्कार संभव है
- आपसी सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं

**मऊ। एजेंसी**



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने मऊ भ्रमण के दौरान उसुरी कुटी, मधुबन में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत समाज, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मंत्री ने संत रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अपने संबोधन में मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा कि संत शिरोमणि श्री रविदास जी विलक्षण संत थे, जिनके विचारों को पूरा देश नमन करता है। उन्होंने समाज में व्याप्त आडंबरों और अंधविश्वासों का विरोध करते हुए मानवता, समानता और आत्मशुद्धि का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' जैसे विचार आज भी समाज को सदाचार और आत्मचिंतन की प्रेरणा देते हैं। मंत्री ने कहा कि संत रविदास जी का संदेश था कि ईश्वर की खोज बाहर नहीं, बल्कि अपने भीतर करनी चाहिए। यदि मन स्वच्छ और निर्मल हो, तो ईश्वर का साक्षात्कार संभव है। उनके विचार आपसी सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। ऊर्जा मंत्री ने जानकारी दी कि उसुरी कुटी के समग्र विकास हेतु वंदन योजना के अंतर्गत लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत का प्रस्ताव शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन है, जिसे शीघ्र स्वीकृति मिलने की संभावना है। इससे सुंदरीकरण, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार एवं श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित होंगी। उन्होंने बताया कि विद्युत सब स्टेशन की स्थापना, डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण, घाटों का विकास सहित कई परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और अन्य कार्य प्रगति पर हैं।

पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए मंत्री ने कहा कि कभी मऊ का विकास ठहर गया था, कई जरूरी कार्य समय पर नहीं हो पाए। अब सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ रुके हुए सभी विकास कार्यों को पूरा कर रही है।

भावुक शब्दों में उन्होंने कहा कि जब तक शरीर में खून की एक भी बूंद है, तब तक इस मिट्टी के लिए संघर्ष करते रहेंगे और मऊ का विकास करके दिखाएंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि विद्युत क्षेत्र में व्यापक संरचनात्मक सुधार किए गए हैं, जिससे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। साथ ही शिक्षा, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में भी संतुलित एवं सतत विकास कार्य निरंतर जारी है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था में 2025-26 में 5.82 फीसदी की वृद्धि : आर्थिक सर्वेक्षण

**जम्मू। एजेंसी**

विधानसभा में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2025-26 के अनुसार जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था में 2025-26 में वास्तविक रूप से 5.82 फीसदी की वृद्धि होने का अनुमान है, जो महामारी के बाद स्थिर आर्थिक सुधार और बेहतर राजकोषीय प्रबंधन को दशार्ता है। रिपोर्ट के अनुसार केंद्र शासित प्रदेश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 2025-26 के दौरान 5.82 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नाममात्र जीएसडीपी में 8.89 फीसदी की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे अर्थव्यवस्था का कुल आकार लगभग 2.86 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। 2019-20 और 2024-25 के बीच जम्मू और कश्मीर ने वास्तविक रूप में 4.47 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की जो महामारी के कारण आई मंदी के बाद निरंतर सुधार को रेखांकित करती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रति व्यक्ति आय में भी लगातार सुधार हुआ है। 2025-26 में 1,68,243 रुपये अनुमानित यह आय पिछले पांच वर्षों से लगातार बढ़ रही है और कई उत्तरी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है। राज्य के सकल मूल्यवर्धन में तृतीयक क्षेत्र का हिस्सा सबसे अधिक 61.02 प्रतिशत रहा, इसके बाद प्राथमिक क्षेत्र का 20.45 प्रतिशत और द्वितीयक क्षेत्र का 18.52 प्रतिशत रहा।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शुक्रवार 06 फरवरी 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# सर्दियों में कैसे बचाएं अपने दिल को

बदलते लाइफ स्टाइल के इस दौर में हार्टअटैक के मामले ज्यादा देखने को मिल रहे हैं। पहले लोगों का ऐसा मानना था कि 60 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग ही इसकी चपेट में आते है, परन्तु अब ऐसा नहीं रह गया है। 30 से 40 साल के लोगों में भी इसका खतरा होता है। वैसे तो हार्ट अटैक कभी भी हो सकता है परन्तु जाड़े में ऐसे मरीजों का औसत दर ज्यादा बढ़ जाता है। इसका मुख्य कारण जाड़े में खून की नलियों का सिकुड़ना है। राजेंद्र आयुर्विज्ञान एवं प्रशिक्षण संस्थान , रांची के डॉक्टर संजय सिंह का कहना है कि जाड़े में खून की नलिया ज्यादा सिकुड़ती है। जब खून की नलिया सिकुड़ने लगेंगी तब रक्त का प्रवाह धीरे-धीरे कम होने लगेगा, जिससे हार्ट अटैक की आशंका बढ़ जाती है।

**बचाव के उपाय** – डॉक्टर संजय के अनुसार जब ठंड ज्यादा बढ़ जाए तो उनसे बचने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। सुबह टहलने वाले लोग मौसम के अनुकूल अपने समय में बदलाव करें। ज्यादा सुबह न निकलें। ज्यादा दूरी तक न टहलें। जो लोग ब्लडप्रेशर, हर्ट, शुगर आदि के मरीज है वे डॉक्टर से जरूर सलाह लें।

**खाने में क्या लें** – मौसमी फल, सलाद एवं आंवले जरूर लें। सलाद में भी प्याज एवं टमाटर ज्यादा से ज्यादा लें।

**लक्षण** – जब अपने शरीर में अप्रत्याशित बदलाव महसूस करें। जैसे ज्यादा पसीना आना, घबराहट, चक्कर आना एवं सीने में दर्द महसूस होना। पेट खराब एवं उल्टी होना ठंड लगने के लक्षण हैं। जैसे ही इसका अहसास हो, डॉक्टर के पास तुरंत जाएं।



# वेडिंग डाइट प्लान

फिट रहना हर किसी के लिए जरूरी है, लेकिन होने वाली दुल्हन के लिए अपनी सेहत और फिटनेस पर ध्यान देना अनिवार्य है। दौड़भाग, शादी की तैयारियां और तनाव के चलते डाइट पर कंट्रोल करना मुश्किल होता है। फोर्टिस हॉस्पिटल की चीफ डाइटीशियन किरण दलाल और क्लीनिकल न्यूट्रिशनिस्ट निधि सरीन बता रही है भावी दुल्हन अपनी डाइट का प्लान कैसे करें कि वजन नियंत्रित रहे...

आमतौर पर लड़कियों का वजन शादी से पहले तीन कारणों से बढ़ता है- भागदौड़, तनाव और लगातार पार्टी। इसी तरह शादी के बाद वजन बढ़ने के तीन मुख्य कारण हैं- प्रेग्नेंसी, शादी के बाद परिवार, घर और अन्य जिम्मेदारियों में इतना व्यस्त हो जाना कि खानपान पर ध्यान न दे पाना, पति के साथ उनकी तरह ही पोर्शन लेना, जाने-अनजाने वे एक्स्ट्रा कैलोरी ले लेती है। एक बार फैट शरीर पर चढ़ने लगता है तो उसे रोकना काफी मुश्किल होता है। बेहतर होगा अगर पहले से ही खानपान की कुछ आदतों पर अमल किया जाए और डाइट प्लान बनाया जाए। अगर आप शादी से पहले और बाद में अतिरिक्त वजन को हटाना चाहती हैं तो यहां दी गई बातों पर गौर फरमाएं।

## शादी से पहले

- अपने दिन की शुरुआत नीबू मिले गर्म पानी से करें। इसमें क्रश किए हुए पुदीने के पत्ते भी मिला सकती हैं।
- जब भूख लगे सूप या जूस पिएं।
- अगर आप कैलोरी में कटौती करना चाहती है तो सबसे पहले चीनी, आइसक्रीम, केक, पेस्ट्री और प्रोसेस्ड फूड को अपने आहार से हटाएं।
- रोजाना के हिसाब से अपना लक्ष्य बनाएं। प्रतिदिन आपको 1,600 कैलोरी मिलनी चाहिए, लेकिन इससे कम करने की कोशिश करें। यह ध्यान रखें कि दिनभर में आपको कम से कम तीन मील्स और दो स्नैक्स मसलन फल या रोस्टेड नट्स या फिर स्टीम्ड फर्मेंटेड फूड लेने हैं।
- दिन की शुरुआत के लिए ब्रेकफास्ट बहुत जरूरी है। इसमें मीठे से बचें। लो फैट मिल्क प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता दें। एक-दो सर्विंग मल्टीग्रेन सीरियल, स्प्राउट्स या बीन्स और कटे हुए फल लें। इससे आपको ब्रेकफास्ट से लगभग 300 कैलोरी मिलेगी। बाकी कैलोरी आपको लंच और डिनर से मिलनी चाहिए।
- लंच/डिनर में होलग्रेन सीरियल, दालें या ग्रिल्ड फिश या चिकेन के एक टुकड़े के साथ लो फैट प्रोबायोटिक दही, सलाद और एक बोल स्टीम्ड रंगीन सब्जियां लें।
- शादी से एक महीने पहले अचानक पांच किलो वजन घटाना भी ठीक नहीं है। अगर ऐसा चाहती है तो इसके लिए आपको शादी से छह महीने पहले अपने आहार पर ध्यान देना होगा। इसका सीधा असर आपके बाल और त्वचा पर पड़ेगा।
- अच्छी त्वचा के लिए गाजर, एप्रिकॉट, पीले और नारंगी रंग के फल व सब्जियां खाएं। पालक और अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों को प्राथमिकता दें। टमाटर खाएं, उसमें लाइकोपीन पाया जाता है।
- अखरोट खाएं, इसमें ओमेगा फैटी एसिड पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो बालों को चमकदार और त्वचा को बेहतर बनाता है।
- दिनभर में चार-पांच कप ग्रीन टी पिएं।
- इस दौरान अल्कोहॉल व धूम्रपान से दूर रहें।
- सैलेड, सूप और फलों का सेवन करने से फैटी एसिड मिलेगा, जिससे आपको एनर्जी भी मिलेगी।
- त्वचा में पानी की कमी न होने दें। दिनभर में पर्याप्त पेय पदार्थ जैसे जूस, सूप, पानी खूब पिएं।

## शादी के बाद

- जो कुछ भी खाएं धीरे-धीरे और खुश होकर खाएं। टीवी के सामने या बात करते हुए न खाएं। धीमी गति से खाने से आपको जल्दी ही पेट भरा हुआ महसूस होगा।
- ब्रेकफस्ट एक साथ करें। जिसमें एक बाउल फ्रूट्स, मूसली या फिर ओटमील हो।
- लंच में हरी सब्जियों वाला सूप जरूर लें। नॉन वेजेटेरियन है तो प्रॉन्स को प्राथमिकता दें।
- उस समय कतई न खाएं, जब आप तनाव या गुस्से में हों।
- ब्लैक कॉफी, जंक फूड, चाय से जहां तक हो सके दूर रहें। रिफाइंड प्रोडक्ट से बचें।
- पार्टनर के साथ एक्सरसाइज जरूर करें। फिजिकल एक्टिविटी बढ़ाने से दिल की सेहत अच्छी रहती है। कोलेस्ट्रॉल और ब्लडप्रेशर नियंत्रित रहता है। डिनर के बाद रोजाना एक घंटा टहलने का लक्ष्य बनाएं।
- एक-दूसरे के पोर्शन को मैच न करें, क्योंकि पुरुषों को दिनभर में अलग कैलोरी और स्त्रियों को भिन्न कैलोरी की जरूरत होती है। पुरुषों को स्त्रियों की अपेक्षा अधिक कैलोरी की जरूरत होती है।
- जो भी खाएं पौष्टिक हो, लेकिन खाने की मात्रा हमेशा ध्यान में रखें।
- सब कुछ खाएं, लेकिन सीमित मात्रा में ताकि आप फिट और स्वस्थ रहें। संतुलित डाइट लें। खाने पर नियंत्रण का यह मतलब नहीं कि आप एक्सरसाइज करना छोड़ दें। साथ-साथ वह भी जरूरी है।



# सर्दी-जुकाम-खासी को ऐसे दें शिकस्त

सर्दियों का मौसम आम तौर पर स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है, किंतु यदि आप कफ विकार से ग्रस्त है तो इससे आप सर्दियों के पूरे मौसम में जुकाम-खासी व सांस रोग से परेशान हो सकते हैं। प्रस्तुत हैं, इन तकलीफों से निजात पाने के उपाय

- ठंडा पानी या ठंडे पेय लेने के बजाय गुनगुना पानी पिएं। अदरक डालकर सब्जियों का सूप पिएं।
- तेज भूख लगने पर ही भोजन करे, क्योंकि कम भूख या भूख के बगैर भोजन लेने से हाजमा सही नहीं होगा और कफ बनेगा।
- गेहू के आटे में चौथाई या आधी मात्रा में चने का आटा मिलाकर रोटी बनाएं। यदि चावल खाना है, तो उसमें काली मिर्च, तेज पत्ता आदि गर्म मसाला मिलाएं।
- भोजन खूब चबाकर करें और भूख से थोड़ा कम खाएं।
- कब्ज न रहने दें। इसके लिए प्रातः गर्म पानी पीकर व्यायाम करने के बाद शौच जाएं।
- दिन में तीन से चार बार सरसों का या बादाम का तेल 4-5 बूंद नाक में डालकर कफ निकालें।
- नासिका क्षेत्र में मैग्नेट का साउथ पोल 5 मिनट तक घुमाने से साइनोसाइटिस में लाभ मिलता है।
- पीठ की ओर से गर्म पानी की थैली से सुबह शाम सेंक करने से फेफड़ों की सर्दी बहुत जल्दी दूर हो जाती है।

## सावधानिया

- रात को बायीं करवट सोएं।
- कानों में ठंडी हवा का झोंका न लगे, इसके लिये कान में रुई लगाए रखें।
- अगर आप जलनेति करते हैं, तो उसके बाद विरेचन प्राणायाम करें।
- खुले पैर घास में न टहलें।
- ठंडे खाद्य व पेय पदार्थ ग्रहण न करें।



# डांस करके घटाइए वजन

डांस के दौरान हाथ-पैरों के साथ ही पूरे शरीर की एक्सरसाइज हो जाती है। डांस करने से शरीर का ब्लड सर्कुलेशन बहुत तेज होता है,साथ ही शरीर की मांसपेशियों पर भी काफी खिंचाव पड़ता है,जो स्वास्थ्य बनाए रखता है। मोटापे से ग्रसित वे लोग, जिन्हें योगा और जिम जाना अच्छा नहीं लगता है,डांस के द्वारा मोटापे पर नियंत्रण पा सकते हैं। जी हां,डांस करने से मनोरंजन तो होता ही है,साथ ही इससे पूरे शरीर की कसरत भी हो जाती है। यह खुद को फिट रखने का सबसे अच्छा तरीका है। इससे शरीर के हर एक अंग की अच्छी कसरत हो जाती है। हर रोज डांस करने से पूरा शरीर स्वस्थ रहता है। डांस का दिमाग पर भी अनुकूल असर पड़ता है। इससे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक बना रहता है। जो लोग थोड़ी देर तक ही सही लेकिन नियमित डांस करते है,उनको मोटापे की समस्या नहीं होती और वे स्वस्थ बने रहते हैं। डांस फ्लोर पर कम से कम पांच मिनट डांस करने मात्र से शरीर की तीस कैलोरी ऊर्जा बर्न हो जाती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि जो लोग कम उम्र में ही डांस करना शुरू कर देते हैं,उन्हें कम तनाव होता है और उनकी सेहत फिट बनी रहती है।

# एलोवेरा बनेगा किडनी का सुरक्षा कवच

वनस्पतियों में छिपे औषधीय गुणधर्म हजारों साल से जीवन को संजीवनी देते रहे हैं, लेकिन उनके अनुसंधान पर परिणामी काम नहीं हुआ। अंग्रेजी दवाओं की भेंट चढ़ती जिंदगी में फिर से जान फूंकने के लिए चिकित्सा जगत आयुर्वेद की शरण में खड़ा है। लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलोजी विभाग में गिलोय के बाद अब एलोवेरा पर चल रहे एक शोध में इसे किडनी रोगों पर अत्यंत लाभकारी पाया गया है। चरक संहिता में भी एलोवेरा को औषधीय गुणों से लबरेज बताया गया है, किंतु वैज्ञानिक शोध पर आधारित पुष्टि की कमी रही। फार्माकोलोजी विभाग की एमडी की छात्रा डॉ. शालिनी वीडानी ने चूहों पर किए गए एक शोध में पाया कि एलोवेरा के सेवन से एक माह में उनकी किडनी पूरी तरह ठीक हो गई।

## महंगी डायलिसिस से मिलेगी निजात

किडनी रोगियों की संख्या बढ़ने से चिकित्सा के समक्ष एक कठिन चुनौती है। एलोपैथिक में किडनी रोगियों को डायलिसिस पर रखा जाता है, जो महंगा होने के साथ-साथ साइड इफेक्ट भी करता है। एलोवेरा से किडनी रोगों में चमत्कारिक सुधार के संकेत से अब विभाग ट्रायल का दूसरा चरण शुरू करेगा। बाद में इसके पेटेंट के लिए आवेदन किया जाएगा।



# मन को जोड़ें सांसों से

मन को काबू में करने का मतलब है अपनी अनियंत्रित विचारशैली को नियंत्रित करना। मन को सांसों से जोड़िए। प्राणवायु से जुड़ते ही बेलगाम मन पर नियंत्रण करना आसान हो जाएगा। अपने विचारों को रोकने का प्रयास करें। विचार रुकते ही मन धीमा होगा, इसे फिर सांसों से जोड़ दें। मन का सांस से गहरा संबंध है। मन सारी इंद्रियों का स्वामी है और सांस मन का। इसलिए श्वास के नियंत्रण से हम चित्त को स्थिर करके आंतरिक शांति प्राप्त कर सकते हैं। जब भी बेचैनी हो, मन अशांत हो, तनाव हो, तो पद्मासन में बैठकर सांस भीतर खींचें, उसे थोड़ी देर भीतर ही रोकें, फिर धीरे-धीरे छोड़ दें। ऐसा प्रयोग दिन में दो-तीन बार करने से आप काफी सहज महसूस करेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा साईं पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित। प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* (* पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741